CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27° C
न्यूनतम : 17° C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 8 अक्टूबर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 267 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



राम को गाली देने वाले महर्षि वाल्मीकि का भी अपमान करते हैं: योगी पेज 2



विमेंस वनडे बैटर्स रैंकिंग में स्मृति मंधाना टॉप पर कायम खेल टाइम्स



डिजिटल गोल्ड और नई मुद्रा: नियमों की सुबह होने को है सम्पादकीय



गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका पेज 12

# केदारनाथ-बद्रीनाथ में सीजन की पहली बर्फबारी

## हेमकुंड साहिब में 2-3 इंच तक स्नोफॉल, राजस्थान में तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों के ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों से बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में मंगलवार को पहली बर्फबारी हुई। हेमकुंड साहिब में 2 और 3 इंच तक स्नोफॉल हुआ।

केदारनाथ में तापमान 5 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने 7 अक्टूबर को भारी बारिश-बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया है। इस वक्त चारधाम यात्रा का दूसरा दौर चल रहा है। रोज 5 हजार से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर में भी बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, पहाड़ी राज्यों में अगले 2 दिन बारिश और बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। इधर, पंजाब- हरियाणा के लिए तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में अगले 36 घंटों तक लगातार बारिश हो सकती है।





# हिमाचल में बस की छत पर गिरा भूस्खलन का मलबा, 18 की मौत

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में मरोतन से घुमारवीं जा रही संतोषी निजी बस पर शुक्र खड्ड के किनारे बरठीं में भल्लू पुल के पास पहाड़ी से भूस्खलन का मलबा गिर गया। मलबा गिरने से बस की छत उड़कर खड्ड के किनारे जा गिरी। वहीं सारा मलबा बस पर आ गया। जिससे बस पूरी तरह मलबे की चपेट में आ गई।

खबर लिखे जाने तक बस के अंदर से अभी तक 18 शव निकाले गए हैं। दो बच्चियों और एक बच्चे को सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से एक बच्ची की मां दुर्घटना में मारी गई है। बेटियों का प्रारंभिक उपचार बरठीं अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि करीब 35 लोग बस में सवार थे। घटना करीब साढ़े छह बजे हुई है। बस में मरोतन बरठीं, घुमारवीं और बीच के स्टेशनों के लोग सवार थे। चालक और परिचालक की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दुर्घटना पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मज़बूती से खड़ी है। और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।



**बस में करीब 35 लोग थे सवार**

## हरियाणा के IG वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली से उड़ाया

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी में मंगलवार को बड़ी घटना हुई है। यहां हरियाणा पुलिस के बड़े अधिकारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। घटना सेक्टर-11 की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है। जानकारी मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस की एसएसपी, सीएफएसएल और फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार हरियाणा पुलिस के आईजी वाई पूरन कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। आईजी वाई पूरन कुमार की कुछ दिन पहले रोहतक के सुनारिया जेल में तैनाती हुई थी। उन्होंने चंडीगढ़ सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में सुसाइड किया है। वाई. पूरन कुमार की पत्नी पी अमनीत कुमार विदेश दौरे पर हैं। आईएएस पी. अमनीत कुमार, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्री राव नरवीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी जापान दौरे पर हैं।

## करूर भगदड़ की CBI से जांच की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने भाजपा के नेता उमा आनंदन की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए इस मामले को 10 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

## ईडी के तकनीकी सहायता घोटाले में 15 स्थानों पर छापे

**नई दिल्ली।** ईडी तकनीकी सहायता घोटाले के सिलसिले में दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और मुंबई में 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। करण वर्मा और अन्य के खिलाफ दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई शुरू की गई है। जांच में पाया गया कि इन जालसाजों ने दिल्ली के रोहिणी, पश्चिम विहार और राजौरी गार्डन इलाके में कई फर्जी कॉल सेंटर खोल रखे थे।

# SIR के तहत हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा दें

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से कहा कि वह बिहार की एसआईआर के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं की जानकारी कोर्ट को दे।

**चुनाव आयोग नौ अक्टूबर तक जानकारी सौंपे**

चुनाव आयोग ने शीर्ष कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें से अब तक किसी ने कोई शिकायत या अपील दर्ज नहीं करवाई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को गुरुवार यानी नौ अक्टूबर तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को सौंपनी होगी, क्योंकि उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि मसौदा सूची और 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों सूचियों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी से कहा कि कोर्ट के आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है।

### निठारी हत्याकांड: कोली की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने निठारी हत्याकांड से संबंधित एक मामले के दोषी सुरेन्द्र कोली की क्यूरेटिव याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने खुली अदालत में संक्षिप्त सुनवाई के बाद यह निर्णय लिया। यह याचिका वर्ष 2005-2006 के उत्तर प्रदेश में नोएडा के निठारी में हुए सीरियल हत्याकांड से जुड़े हत्या और बलात्कार के एक मामले में अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ सुरेंद्र कोली ने दायर की थी।



### आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भाजपा की असम शाखा द्वारा कथित तौर पर पोस्ट किए गए एक 'आपत्तिजनक' वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पत्रकार कुर्बान अली और पूर्व न्यायाधीश अंजना प्रकाश की एक लंबित रिट याचिका में दायर एक आवेदन पर विचार करने का फैसला किया, जो घृणास्पद भाषण से संबंधित है। उक्त वीडियो में कथित तौर पर मुसलमानों को खुलेआम बदनाम करने का आरोप लगाया गया था। आवेदकों की ओर से पेश अधिवक्ता निजाम पाशा ने पीठ के समक्ष तर्क दिया कि चुनाव के दौरान पोस्ट किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि अगर एक खास राजनीतिक दल सत्ता में नहीं आता है, तो एक खास समुदाय सत्ता संभाल लेगा। इस पर पीठ ने कहा कि इसमें (वीडियो) टोपी और दाढ़ी वाले लोग दिखाई दे रहे हैं, ऐसे मामलों में स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए।

### दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में बारिश, पारा गिरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार की तरह ही मंगलवार को भी पूरे एनसीआर में बारिश हुई। इससे तपमान में गिरवाट आई है। बारिश के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बनी हुई है। वहीं उड़ानों पर भी खराब मौसम का असर पड़ सकता है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से जानकारी दी गई है कि, दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़ान परिचालन प्रभावित हो सकता है। यात्री अपनी फ्लाइट की जानकार लेकर ही घर से एयरपोर्ट के लिए निकलें। वहीं, सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 7.7 डिग्री कम के साथ 26. 5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। बारिश का यह दूर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान और समीपवर्ती पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है, जिसकी ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त बना हुआ है।

# रायबरेली में हुई इंसानियत की हत्या

## कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर मार डालने की घटना को इंसानियत की हत्या करार दिया है।



श्री गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मंगलवार को इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ़ एक इंसान की नहीं- इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज़ कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है, और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है। देश में नफ़रत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोज़र ने ले ली है, और इंसाफ़ की जगह डर ने। मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय ज़रूर मिलेगा। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं। श्री गांधी इस घटना की पहले भी कड़ी निंदा कर चुके हैं और वाल्मीकि जयंती पर उन्होंने दोबारा इसे इंसानियत की हत्या बता कर जता दिया है कि कांग्रेस पहले से ही दलितों पर अत्याचार के खिलाफ चल रहे अपने अभियान को और तेज करेगी।

**कहा: भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीबों को बनाया जा रहा निशाना**

## एआई की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से पक्षी टकराया

**चेन्नई।** एयर इंडिया की कोलंबो-चेन्नई फ्लाइट के इंजन से मंगलवार को एक पक्षी टकराने से फ्लाइट को नुकसान पहुंचा है।

सुरक्षा के मद्देनजर एयरलाइन ने चेन्नई से कोलंबो जाने वाली वापसी उड़ान को फिलहाल रद्द कर दिया है। विमान जब चेन्नई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरने वाला था, तभी उसके इंजन से पक्षी टकरा गया, जिससे विमान के इंजन से आवाज आने लगी। इसके बाद पायलट ने फ्लाइट को चेन्नई एयरपोर्ट पर उतार लिया। घटना के समय फ्लाइट में 158 पैसेंजर्स सवार थे। सभी पैसेंजर्स पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**158 यात्री सवार थे, सभी सुरक्षित, एयरलाइन ने वापसी उड़ान रद्द की**

## कफ-सिरप से दो राज्यों में अब तक 23 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है।

मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इस मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में हो। वहीं, मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है।

**पांच राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन, सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका**

### एनएचआरसी ने कफ सिरप से हुई बच्चों की मौत मामले में जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिवों को कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की हुई मौत को लेकर एक नोटिस जारी किया है। आयोग ने यह कार्रवाई दवा सुरक्षा और नियामक निरीक्षण में हुई गंभीर खामियों के सामने आने की शिकायत के बाद की। एनएचआरसी सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लिया।

## सुरक्षित व विश्वसनीय एआई के लिए 5 परियोजनाओं का चयन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभाग इंडिया एआई ने 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई' के दूसरे दौर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा तैयार पांच परियोजनाओं का चयन किया है।

मंत्रालय ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि एआई प्रौद्योगिकियां जिस प्रकार से अभूतपूर्व गति से विकसित हो रही हैं, उनका सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय उपयोग सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए जरूरी हो गया है। स्वदेशी शासन उपकरण, ढांचे और दिशा-निर्देश विकसित करने के उद्देश्य से चुस्त और मजबूत तंत्र को बढ़ावा देने के लिए इंडिया एआई ने 10 दिसम्बर 2024 को कई महत्वपूर्ण विषयों पर 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई' स्तंभ के तहत रुचि की अभिव्यक्ति का दूसरा दौर शुरू किया था। इसके अंतर्गत प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्ट-अप्स, अनुसंधान संगठनों और नागरिक समाज से 400 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों की एक समिति का गठन किया गया। रुचि की अभिव्यक्ति के दूसरे दौर के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर पांच परियोजनाओं का चयन किया गया है। डीपफेक का पता लगाने के लिए विकसित तीन टूल को इसमें जगह मिली है। इनमें एक परियोजना आईआईटी खड़गपुर की है। दूसरी परियोजना आईआईटी जोधपुर और आईआईटी मद्रास ने संयुक्त रूप से तैयार की है। तीसरी परियोजना आईआईटी मंडी और हिमाचल प्रदेश फॉरेंसिक सेवा निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है। 'डिजिटल फ्यूचर लैब' और 'कार्य' ने मिलकर कृषि एलएलएम के क्षेत्र में लैंगिक पक्षपात को कम करने के लिए एक टूल विकसित किया है। एक अन्य चयनित परियोजना आईआईटी धारवाड़ और ग्लोबल्स आईटीईएस प्राइवेट लिमिटेड की है, जिसमें एलएलएम और सृजनात्मक एआई की उपलब्धता और उसके आकलन के लिए टूल विकसित किया गया है।




**प्रौद्योगिकियों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय उपयोग सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए जरूरी**

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा बुधवार से फिर शुरू होगी

**जम्मू।** खराब मौसम के कारण श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन स्थगित रही। भारतीय मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा मंगलवार को लगातार तीसरे दिन भी स्थगित रही और यह बुधवार आठ अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक माध्यमों से अपडेट रह सकते हैं। भारी बारिश के कारण 26 अगस्त को यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उस दिन अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में 34 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक तीन सदस्य वाली उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था।

### सितम्बर में बिके करीब तीन लाख यात्री वाहन

**नई दिल्ली।** देश में गत सितम्बर महीने में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री में दो अलग-अलग ट्रेंड देखने को मिले, पूरे महीने की बिक्री में जहां स्थिर वृद्धि दर्ज की गयी और यहां तक कि अगस्त की तुलना में गिरावट रही, वहीं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के कारण नवरात्र की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा गया। वाहन डीलरों के महासंघ फाडा ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि सितम्बर में देश में कुल 2,99,369 यात्री वाहन बिके, जो पिछले साल सितम्बर की तुलना में 5.80 प्रतिशत अधिक है।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सीएम योगी का बड़ा ऐलान

# सफाई कर्मियों को पांच लाख का हेल्थ इंश्योरेंस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सफाई कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी सुरक्षा और सम्मान के प्रति संवेदनशील है।

वाल्मीकि जयंती के मौके पर मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों से कहा कि आपकी सुरक्षा समाज की सुरक्षा है। आपका सम्मान भगवान वाल्मीकि की विरासत का सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी बड़ा कार्य करने जा रहे हैं। सफाई, संविदा कर्मचारी को अब आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं, बल्कि सरकार का कॉरपोरेशन



■ राम को गाली देने वाले वाल्मीकि भी अपमान करते हैं

सीधे अकाउंट में पैसा देगा। स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा का कवर भी देंगे। यूपी के 80 हजार होमगार्ड को यह कवर दे दिया गया है। अब सफाई कर्मचारियों को इस व्यवस्था से जोड़ने जा रहे हैं। योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के महापुरुषों की परंपरा के भाग्य विधाता हैं। योगी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की फोटो लगाकर आज हर देव मंदिर में अखंड रामायण पाठ चल रहा है। सीएम ने अपील की कि महर्षि वाल्मीकि का चित्र हर भारतीय के घर में होना चाहिए। पीएम मोदी इसे एक भारत-श्रेष्ठ भारत, सबका साथ और सबका विकास कहते हैं। सीएम ने कहा कि रामराज्य वही है, जहां जाति, मजहब, संप्रदाय के नाम पर भेदभाव न हो। आज यही कार्य भाजपा की डबल इंजन सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग श्रीराम को गाली देते हैं, वे भगवान वाल्मीकि का अपमान करते हैं। भगवान वाल्मीकि का अपमान करने वाले भगवान राम का भी अपमान करते हैं। उन्होंने वोटबैंक के नाम पर जाति का सहारा लेने वालों पर हमला किया।

### सपा शासन में महापुरुषों का हुआ अपमान: मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि 2012 में जब सपा सरकार आई थी, तो सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के स्मारक को तोड़ने की धमकी दी थी, तब भाजपा ने कहा था कि इन स्मारकों को तोड़ने वालों को यूपी की जनता तोड़कर रख देगी। आज यह लोग प्रत्एक प्रेसवार्ता में बाबा साहेब का स्मरण करते हैं, लेकिन तब सपा के मुख्यमंत्री ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब का नाम बदल दिया था। हमने फिर उसे बाबा साहेब के नाम पर रख दिया। लखनऊ का भाषा विश्वविद्यालय मान्यवर कांशीराम के नाम पर था, सपा ने उसे भी बदल दिया। सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का नाम भी बदल दिया। इनके दोहरे चेहरे हैं। यह हर कार्य को वोटबैंक की दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने कहा कि यह राम व कृष्ण का विरोध करते हैं। विपक्षी कहते थे कि राम-कृष्ण हुए ही नहीं यानी इन्होंने महर्षि वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया। भगवान श्रीकृष्ण के अवतार को प्रश्नचिह्न के घेरे में रखने के साथ महर्षि व्यास को भी घेरे में रख दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या में समाजवादी पार्टी ने एयरपोर्ट का निर्माण नहीं किया। जब हम इसे बना रहे थे और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया, तब भी सपा ने विरोध किया। समाजवादी पार्टी के गुंडे लालापुर के आश्रम पर कब्जा कर रहे थे। हमने कहा नाम नोट करो, इनके बाप-दादाओं ने जो प्रॉपर्टी जमा की है, उसे आश्रम के नाम पर करवा डालो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के समय में सफाई कर्मियों का शोषण होता था। इन्हें चार हजार रुपए भी नहीं मिल पाता था, लेकिन पीएम ने सबसे पहले कहा कि मैला सिर पर ढोने की कुप्रथा बंद होनी चाहिए।

# सिरप से बच्चों की मौत की न्यायिक जांच करे मप्र सरकार

नई दिल्ली, वार्ता



मध्य प्रदेश कांग्रेस ने कफ सिरप से बच्चों की मृत्यु पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए इस संकट को भारी भ्रष्टाचार का परिणाम बताया और कहा कि सिरप माफियागीरी के इस प्रकरण की न्यायिक जांच हो और मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देकर बच्चे के इलाज में हुए खर्च की राशि परिवार को मिलनी चाहिए।

मध्य प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिघार ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदेश बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में नंबर वन है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में बच्चों के खिलाफ अपराध के 2023 में 22,393 मामले सामने आए हैं। चार साल में 59 हजार से ज्यादा बच्चे लापता हो गए। उन्होंने कहा कि छिदवाड़ा में सिरप पीने से 16 बच्चों की मौत हुई है। कफ सिरप के कारण बच्चों को हो रही दिक्कत को लेकर छिदवाड़ा के विधायक सोहन वाल्मीकि ने कई बार सरकार को चेताया, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। कई बार मुख्यमंत्री तथा जिला अधिकारी को पत्र लिखे मगर कोई नहीं जागा। सवाल है कि आखिर पत्र लिखने के बाद भी सरकार क्यों नहीं जागी। जब बच्चे मरने लगे और मामला ज्यादा बढ़ा, तो एक बच्ची का शव कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम कराया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि एक छोटी सी बीमारी में भी टेस्ट कराया जाता है, तो प्रदेश में बच्चों की किडनी फेल होने की रिपोर्ट आती है। दवा कंपनी ने परासिया जैसे आदिवासी क्षेत्र को जानबूझकर अपने कारोबार के लिए चुना है।

# जम्मू-कश्मीर के किसानों को 171 करोड़ जारी

## पीएम-किसान योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में जमा होंगे: एलजी

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को कहा कि यहां के लगभग 8.55 लाख पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत लगभग 171 करोड़ रुपए की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता मिलेगी। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उपराज्यपाल सिन्हा के कार्यालय ने जम्मू-कश्मीर के किसानों के लिए पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त अग्रिम रूप से जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लगभग 8-55 लाख पात्र किसानों के बैंक खातों में लगभग 171 करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित किए जाएंगे। यह अत्यंत आवश्यक वित्तीय सहायता हमारे किसानों को अपनी आजीविका बनाए रखने और कृषि गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए तेज़ी से काम करने में मदद करेगी। हमारे किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और अन्य क्षेत्रों में विकास के लिए एक मज़बूत आधार प्रदान करते हैं।

### गुलमर्ग में पहली बार पारा हिमांक बिंदु से नीचे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में इस मौसम में पहली बार सोमवार रात को पारा हिमांक बिदु से नीचे रहा। ऊपरी इलाकों में बारिश और बर्फबारी के कारण पूरे कश्मीर में रात के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। कश्मीर घाटी को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जोड़ने वाले जोजिला दर्रे का न्यूनतम तापमान शून्य से 8.0 डिग्री नीचे रहा। श्रीनगर के मौसम विभाग केंद्र के मुताबिक बारामूला के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया और पिछले 24 घंटों में 37.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# सपा-कांग्रेस के मुंह में राम, बगल में छुरी: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में जातिवादी व्यवस्था के शिकार करोड़ों दलित, आदिवासी व पिछड़े वर्गों को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मिशनरी आंदोलन से जोड़कर आत्मसम्मान व स्वाभिमान की नई राह दिखाने वाले बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के प्रति इन दोनों दलों का रवैया हमेशा से ही जातिवादी व पक्षपाती रहा है।

मंगलवार को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मायावती ने कहा कि नौ अक्टूबर को कांशीराम की पुण्यतिथि है, लेकिन सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां समय-समय पर स्वार्थ के लिए उनके नाम का इस्तेमाल करती रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों का चरित्र 'मुंह में राम, बगल में छुरी' वाली कहावत को चरितार्थ करता है। सपा ने न केवल कांशीराम जी के जीवनकाल में उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश की, बल्कि बसपा सरकार द्वारा 2008 में कानपुर देहात को अलग मंडल बनाकर 'कांशीराम नगर' नाम देने के बाद भी उसे बदल दिया। इसके अलावा कांशीराम के नाम पर बनाए गए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों व संस्थानों के नाम भी सपा सरकार ने बदल दिए। मायावती ने इसे 'घोर दलित विरोधी चाल और चेहरा' करार दिया। कांशीराम के निधन पर सपा की यूपी सरकार ने राज्य में शोक दिवस तक घोषित नहीं किया। इसी तरह उस समय केंद्र में रही कांग्रेस सरकार ने भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया। सपा और कांग्रेस जैसी पार्टियां संकीर्ण राजनीति व वोट के स्वार्थ में कांशीराम को याद करती हैं।

### पीडीए का मतलब 'पीड़ित, दुखी, अपमानित': अखिलेश

**लखनऊ।** देश के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले को लेकर जारी बयानबाजी के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए समाज को लेकर अपनी आवाज़ बुलंद की है। कुछ लोगों के हाथ में जाकर तो जूता भी अपमानित महसूस करता है। यादव ने एक्स पर लिखा- पीडीए समाज का अपमान करने वाले ऐसे असभ्य लोग दरअसल अपने दंभ और अहंकार के मारे होते हैं। इनकी प्रभुत्ववादी सोच नफ़रत को जन्म देती है, जो देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए जितनी होती है, उतनी ही समाज के सबसे कमज़ोर अंतिम व्यक्ति के लिए भी। ऐसे लोग वर्चस्ववाद की बीमारी से घोर ग्रसित होते हैं। हम इसलिए कहते हैं, पीडीए का मतलब है 'पीड़ित, दुखी, अपमानित'। पीडीए समाज की उदारता और भलमनसाहत 5000 सालों से ऐसे लोगों को माफ़ करती आई है।



**सेंसेक्स** 81926.75

**निफ्टी** 25108.30



**सोना रु.** 123300

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 157400

प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 136.63 अंक (0.17 प्रतिशत) की बढ़त में 81,926.75 अंक पर बंद हुआ। बीच कारोबार में एक समय यह 500 अंक से अधिक चढ़ चुका था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 30.65 अंक यानी 0.12 फीसदी ऊपर 25,108.30 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों का 23 सितम्बर के बाद का उच्चतम स्तर है। रियलिटी, तेल एवं गैस, फार्मा, ऑटो, वित्त, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में तेजी रही। वहीं, बैंकिंग, एफएमसीजी, धातु और आईटी सेक्टरों में बिकवाली ज्यादा रही। सेंसेक्स की 30 में 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में



■ प्रमुख सूचकांक दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

और अन्य 16 के लाल निशान में बंद हुए। भारती एयरटेल में सबसे अधिक 1.55 प्रतिशत की तेजी देखी गई। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर भी 1.40 प्रतिशत चढ़ा।

अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति सुजुकी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.13 फीसदी टूट गया। टाटा मोटर्स में 2.01 प्रतिशत, ट्रेंट में 1.78 फीसदी, इंफोसिस में 1.29, भारतीय स्टेट बैंक में 1.07 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.02 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, बीईएल, टाइटन और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे। एनएसई में जिन 3,184 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,635 के शेयरों में गिरावट और 1,434 में तेजी रही। अन्य 115 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.31 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्केई 0.01 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत मजबूत हुआ। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 0.67 फीसदी की गिरावट रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स और ब्रिटेन का एफटीएसई दोनों 0.02 प्रतिशत नीचे थे।


## 1.20 लाख रुपये के पार सोना, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतें एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। भारत में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,23,300 रुपये के स्तर को पार कर गया है। देश की राजधानी दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में सोना 2,700 महंगा हुआ है। दिल्ली में सोना 1,23,300 प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,57,400 प्रति किलो पर पहुंच गई। ज्ञातव्य है कि करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को है। यह एक ऐसा त्योहार है जिसमें पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए सोना खरीदते हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के अनुसार मंगलवार सुबह सोने और चांदी की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखी गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,22,070 रुपये है, जबकि मुंबई में 1,22,020, चेन्नई में 1,22,180 , कोलकाता में 1,22,020 , लखनऊ में 1,22,070 , चंडीगढ़ में 1,22,070 और अहमदाबाद में 1,22,070 रुपये है। हालांकि ऊंची कीमतों के कारण ज्वैलरी खरीदारी थोड़ी धीमी हुई है, लेकिन गोल्ड ईटीएफऔर डिजिटल गोल्ड में निवेश बढ़ रहा है।

# चावल-चीनी रहे मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल-दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक लजस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं चीनी में भी बढ़त देखी गई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 35 रिंगिट चढ़कर 4,472 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 50.83 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 3,864.44 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं के भाव नौ रुपये घटकर 2,852.46 रुपये प्रति क्विंटल रहे। आटे की कीमत भी तीन रुपये गिर गई और यह 3,303.07 रुपये प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 52 रुपये और मूंगफली तेल की 57 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। अन्य तेलों में तेजी रही। सूरजमुखी तेल 88 रुपये और वनस्पति 85 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की



कीमत 33 रुपये और पाम ऑयल की 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल की औसत कीमत 16 रुपये और मसूर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वहीं तुअर दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल घट गई, जबकि चीनी में तीन रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।

# मुख्यमंत्री के जनता दरबार न लगने से निराश लौटे फरियादी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने दो दिवसीय दौरे के बाद वापस लौट गए। इसके बावजूद सुबह से ही सर्किट हाउस के बाहर फरियादियों की भीड़ जमा होने लगी। फरियादियों को उम्मीद थी कि पिछली बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री जनता दरबार में उनकी समस्याएं सुनेंगे। हालांकि प्रोटोकॉल के अनुसार जनता दरबार का आयोजन नहीं था, जिसके कारण फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। अखिल भारतीय आंगनवाड़ी महासंघ की जिलाध्यक्ष भारती ने बताया कि वे मुख्यमंत्री से मिलने आई थीं, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। उनकी मांग थी कि अन्य राज्यों की तरह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की तनख्वाह में भी वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद हमें उनसे काफी उम्मीदें हैं।

बलिया से आए श्रीपति पांडेय ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री इस बार भी जनता की समस्याएं सुनेंगे, इसलिए वे वाराणसी आए। उन्होंने कहा कि जमीनी विवाद के कारण उनका पूरा परिवार परेशान है।

### योगी से मिलकर न्याय मांगेंगे भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के ससुर

**लखनऊ।** भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच चल रहा विवाद अब परिवार से निकलकर सियासत के गलियारों तक पहुंचने की तैयारी में है। मंगलवार को लखनऊ पहुंचे ज्योति सिंह के पिता रामबाबू सिंह ने कहा है कि वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपनी बेटी के सम्मान और न्याय की मांग करेंगे। रामबाबू सिंह और उनकी पुत्री ज्योति सिंह देर-सबेर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं। रामबाबू का कहना है कि वे एक पिता के रूप में बेटी के सम्मान और सुरक्षा की गुहार लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बस इतनी मांग है कि बेटी को सम्मान के साथ रखे। उन्होंने कहा कि हमारी बेटी उनसे बात करने ही आई थी, लेकिन वह बातचीत नहीं की, उल्टा पुलिस को भेज दिया है। पुलिस पहुंच गई और बेटी को ले जाने लगी।

# गरब्यांग में टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने ग्रामीण पर्यटन, सतत विकास एवं सामुदायिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत कुमाऊं क्षेत्र के सीमावर्ती गांव गरब्यांग में एक टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन किया।



■ ग्रामीण पर्यटन व विकास को मिलेगा बढ़ावा: सेना

भारतीय सेना ने यहां एक बयान में मंगलवार को कहा कि इस सुविधा का उद्घाटन छह अक्टूबर को उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने किया। केन्द्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अनुरूप इस पहल का उद्देश्य पर्यटकों को क्षेत्र की जीवंत संस्कृति एवं प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव प्रदान करना है। इसके साथ ही समुदाय-आधारित पर्यटन के माध्यम से स्थानीय आजीविका को सशक्त बनाना है। गरब्यांग से दो पवित्र तीर्थयात्रा मार्ग निकलते हैं, जिसमें पहला आदि कैलाश की ओर और दूसरा ओम पर्वत तथा कालापानी की ओर जाता है। इसका सामरिक एवं आध्यात्मिक महत्व इसे कुमाऊं के ऊंचे इलाकों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाता है। ग्रामीणों ने इस उद्घाटन समारोह में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। ऑपरेशन सद्भावना के अंतर्गत विकसित एवं ग्रामीणों द्वारा स्वतंत्र संचालित इस होमस्टे से आगंतुकों को स्थानीय जीवन शैली का अनुभव प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर मिलता है। होमस्टे की बुकिंग का प्रबंधन गरब्यांग ग्राम समिति द्वारा किया जाता है, जिनसे 9410734276, 7579811930, 9596752645 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। भोजन सहित प्रति व्यक्ति प्रति रात्रि किराया 1,000 रुपए है। पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा भारतीय सेना कुमाऊं के सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न विकास परियोजनाएं चलाती है, जिसमें गांवों का विद्युतीकरण करना, हाइब्रिड सौर संयंत्र स्थापित करना, चिकित्सा शिविर आयोजित करना, पॉलीहाउस बनाना और आधारभूत ढांचे में सुधार लाना शामिल है।













वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

## टाउन हाल परिसर से किया शोभायात्रा का शुभारंभ, श्री राम का चरित्र बताने वाले महर्षि वाल्मीकि हमारे आदर्श: कपिल देव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** महर्षि भगवान वाल्मीकि जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के नेतृत्व में निकाली गई शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही।

मंगलवार को टाउन हॉल मैदान से शुरू हुई शोभा यात्रा का शुभारंभ प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने फिता काटकर किया। उन्होने प्रसाद वितरण करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान महर्षि वाल्मीकि के आदर्शो पर चलने का संकल्प दिलाया। शोभायात्रा शिव चौक, भगत सिंह रोड, आबकारी रोड, किला मोहल्ला, अहिल्याबाई चौक से रामपुरी होते हुए घास मंडी अंसारी रोड, भोपा पुल से गांधीनगर, कुकड़ा मंडी रोड से वाल्मीकि समाज मंदिर अलमासपुर पर जाकर संपन्न हुई।

शोभा यात्रा में भगवान वाल्मीकि की सुंदर झांकी और विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर लोगों ने जगह-जगह फूलों से स्वागत किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश प्रभारी वीर सन्नी सिलेलान, मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन शील वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष वीर कपिल, जिला उपाध्यक्ष शुभम खैरवाल का सहयोग रहा। सेलेलानमंदिर परिसर में भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी और भगवान वाल्मीकि से समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रमोद ऊंटवाल उपस्थित रहे। उन्होंने भगवान वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, समानता और शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान की।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, वरिष्ठ सपा नेता राकेश शर्मा, सागर वाल्मीकि, सभासद रजत धीमान, एडवोकेट ललित भारद्वाज, डॉ. प्रदीप, अजय लहरी, रवि चौहान, मुकेश चौहान, देवेंद्र पाल और लोकेश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंदिर परित्तर में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां वातावरण जय महर्षि जी की जय के जयघोष से गूंज उठा। उपस्थित जनों ने भगवान वाल्मीकि के आदशों पर वलने और समाज में समरसता, शिक्षा तथा समानता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।




# भंगेला रेलवे लाइन पर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मंगलवार की शाम भंगेला रेलवे लाइन के पास चौकी भंगेला क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली भंगेला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से घायल होकर मौके पर ही दम तोड़ गया।

कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा, मौके पर मिली प्राथमिक जानकारी और शव की स्थिति के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। हालांकि मौत के सही कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही की जा सकेगी। पुलिस ने व्यक्ति की पहचान और मौत के कारणों के बारे में आसपास के लोगों से भी जानकारी कर रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि भंगेला रेलवे लाइन पर अक्सर ट्रेन और पैदल मार्ग के बीच दूरी बहुत कम होने के कारण हादसों की संभावना रहती है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से रेलवे ट्रैक के पास सतर्क रहने की अपील की है।






# मीनाक्षी चौक का नाम बदलने को महर्षि वाल्मीकि बोर्ड लगाया

## बोला वाल्मीकि समाज– हमारे नाम पर राजनीति कर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मीनाक्षी चौक पर कुछ कथाकथित हिन्दु वादी संगठनों ने महर्षि वाल्मीकि चौक के नाम से होर्डिंग लगाकर एक बार फिर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश की जिसकी वाल्मीकि क्रांति दल के अध्यक्ष दीपक गंभीर ने विरोध करते हुए कहा कि मीनाक्षी चौक का वाल्मीकि समाज से कोई संबंध नहीं है यह कदम समाज में फूट डालने की साजिश है हमारे त्यौहार वाल्मीकि जयंती पर कुछ लोग जान बुझकर माहौल खराब करना चाहते है, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।

वाल्मीकि जयंती के मौके पर मीनाक्षी चौक पर लगे होर्डिंग को लेकर नगर में अफरा–तफरी मच गई। पोस्टर पर जहां वाल्मीकि जयंती, धनतेरस, दीपावली पर शुभकामनाएं लिखी है वहीं मीनाक्षी चौक का नाम बोर्ड पर महर्षि वाल्मीकि चौक लिखा है। कुछ देर के लिए बोर्ड को लेकर माहौल गर्म हुआ, लेकिन जैसे ही यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया तो इसके बाद कुछ लोगों ने होर्डिंग को वहां से हटा दिया इसके बाद स्थिति नियंत्रण में हो गई।

मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि प्रकाट उत्सव पर मीनाक्षी चौक पर होडिंग लगाया गया इसके बाद यहां हल्का–फुल्का माहौल गर्माया और विवाद उत्पन्न होने लगा।

इस मामले को लेकर जब लोगों में रोष फैलने लगा तो वाल्मीकि समाज के प्रति. निधियों व आम नागरिकों ने इसे साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश बताया। बोर्ड लगाने के मामले को वाल्मीकि समाज ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह कदम समाज में फुट डालने की साजिश के अलावा कुछ भी नहीं है। उन्होने कहा कि उनके त्यौहार महर्षि वाल्मीकि जयंती की अवसर पर कुछ लोगों ने भाईचारा खत्म करने व माहौल को बिगाडने का काम किया है।




उन्होने यह भी कहा कि वह और उनका समाज भाईचारा व शांति चाहता है। और इसके साथ वह अपना पर्व मना रहे है। उन्होने बोर्ड लगाने के मामले को गलत बताया। उन्होने कहा कि पुलिस प्रशासन को इस ओर गंभीर कदम उठाने चाहिए और पोस्टर लगवाने वालों पर गंभीर कार्यवाही हो। उधर पुलिस प्रशासन भी खबर मिलने के बाद तुरंत ही सतर्क हुआ और सिविल लाइन थाने की पुलिस ने यहां लगा बोर्ड हटवा दिया। बोर्ड पर किसी का नाम भी नहीं दर्ज कराया गया था।

# साइबर पुलिस ने एमपी के ठग को दबोचा

**ई–चालान भेजकर की थी ठगी, एसएसपी के आदेश पर हुई कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दर्ज किए गए मुकदमें के बाद साइबर थाने की पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लाखों रूपये की ठगी का पर्दाफाश किया है आरोपी अपने साथी के साथ मिलकर कई लोगों को व्हाटस्एप पर ई–चालान भेजकर उसके खाते से रूपया साफ कर देते है।

पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में मंगलवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि ककरौली क्षेत्र की गांव डांसरी निवासी नवाब अली मौहम्मद इस्लाम ने 28 अगस्त को पुलिस लाइन कार्यालय पहुचंकर एक शिकायती पत्र दिया था जिसमें बताया गया था अटठारह अगस्त को उसके मोबाइल के व्हाटस्पप पर एक मैसेज आया था जब वह लिंक खोलकर देखा तो उसके एचडीएफसी बैंक के दो खाते मोबाइल फोन से चल रहे थे। उनमें दो बार की ट्रासजक्सन 378500 रूपये मिनटों में साफ मिले थे। एसएसपी ने इस मामले को गंभीरता से लिया था और आदेश के बाद साइबर थाना पुलिसने इस मामले को दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी थी।

विवेचक साइबर क्राइम इस्पेक्टर सुल्तान सिंह ने इस मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर थाने लाकर की गई पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम गुलप्रीत उर्फ गगन पुत्र चरणजीत सिंह निवासी इंदौर बताया था।

उन्होने बताया था गुलप्रीत ने नवाब के मोबाइल पर ई–चालान की एक फाइल भेजी थी। और इसी के माध्यम से नवाब के खाते से रकम उडाकर अपने खाते में कर ली थी। पुलिस ने गिरफ्तारी के दौरान गुरप्रीत के कब्जे से दो मोबाइल सिम कार्ड व आधार भी बरामद किए।

उन्होने बताया कि गुरप्रीत ने यह ठगी अपने साथी पकंज निवासी धनबाद के साथ मिलकर की थी। यह लोग जिसको अपना शिकार बनाते है पहले उसके मोबाइल फोन पर एपीके फाईल भेजते है। और इसका लिंक ओपन करते ही मोबाइल फोन को हैक कर लेते है इसी के साथ किसी भी खाते से पैसा निकालकर उसको तुरंत ही दूसरे खाते में ट्रांसफर कर उन पैसे से सामान खरीद लेते है।

यह गिरोह खरीदा गया सामान बेचकर मोटी रकम कमाते है और इनके विरूद्ध कई मामले दर्ज है।

# सपा अराजकतावादी, आतंकियों से रिश्ते: आचार्य प्रमोद कृष्णम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साल 2027 में संभल जनपद में श्री कल्कि धाम का निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए भगवान के अवतार से पहले उनका धाम का प्रचार करने देशभर में निकले श्री कल्कि पीठ के पीठाधीश्वर धर्मगुरू आचार्य प्रमोद ख्र ष्णम मंगलवार को मुजफ्फरनगर पहुंचे और यूपी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल के आवास पर पहुंचकर मुलाकात कर श्री कल्कि धाम निर्माण अभियान को लेकर चर्चा की।राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने अपने गांधीनगर स्थित आवास पर श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद ख्र ष्णम का सपरिवार स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंत्री कपिल देव ने बताया कि आचार्य प्रमोद संभल में श्री कल्कि धाम का निर्माण करा रहे हैं। 19 फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए भूमि पूजन और शिलान्यास किया था। 22 सितम्बर 2022 को आधारशिला रखने के लिए धाम पर शिला पूजन समारोह हुआ, जिसमें उनको शामिल होने का सौभाग्य मिला। अब आचार्य भारत वर्ष में इस धाम का प्रचार करने के लिए निकले हैं।

**मायावती का नारा दिलाया याद दिलाया कहा–नफरत सपा की देन:** मंत्री आवास पर मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने देश के मौजूदा हालातों को लेकर खुलकर अपना मत रखा। बरेली हिंसा को लेकर आचार्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी अराजकतावादी पार्टी है। सपा के लोगों के रिश्ते ही आतंकवादियों से हैं। समाजवादी पार्टी की जब सरकार होती है तो अराजकतावादी तत्व और असामाजिक तत्व हावी हो जाती है। सपा खुद चाहती है कि यूपी में हिन्दू और मुस्लिमों के बीच नफरत पैदा हो जाये और ये प्रदेश दंगों की आग में झौंक दिया जाये। मुजफ्फरनगर का कांड किसकी सरकार में हुआ। संभल में आज जो हालात हैं, इसके बीच तो सपा की सरकार में ही बाये गये हैं। सपा का सही विश्लेषण बसपा की मुखिया बहन मायावती ने की थी, जब उन्होंने ये नारा दिया था कि चढ़ गुंडों की छाती पर, मुहर लगाओ हाथी पर। चीफ जस्टिस पर हुए हमले को लेकर आचार्य ने कहा कि व्यक्तिगत हिंसा की अनुमति सनातन नहीं देता है, हम इसकी निंदा करते हैं।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भारत में गोवध पर सख्त प्रतिबंध सरकार को लगाना चाहिए। गो हत्या पर राष्ट्रीय कानून भारत सरकार को लाना चाहिए। मोदी सरकार द्वारा बीफ एक्सपोर्ट उद्योग को बढ़ावा देने के सवाल को टालते हुए उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के संरक्षण के लिए गोवध पर प्रतिबंध की मांग करना हमारा अधिकार है, फैसला सरकार को करना है। पश्चिम बंगाल में हिंद. ुओं पर हमले ममता सरकार का फेलियर हैं। हमलावर सरकारी गुंडों की जमात बन गये हैं और वो लोग ममता सरकार का संरक्षण पाकर इस राज्य को बांग्लादेश बनाना चाहते हैं।

# विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए दहेज उत्पीड़न के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम मुझेडा निवासी शाईना पुत्री आजाद ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और अश्लील हरकतों के गंभीर आरोप लगाते हुए थाना मीरापुर में अपनी ससुराल पक्ष के नौ लोगो पर मुकदमा दर्ज करा दिया है। थाने में दर्ज मुकदमें के अनुसार शाईना की शादी 13 जुलाई 2024 को सोनू पुत्र असगर निवासी मुरादनगर, नई बस्ती के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दो लाख रुपये और एक मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उस पर अत्याचार करने लगे। शाईना का आरोप है कि उसके जेठ अफसर, अकबर, चांद, जेठानी शबनम पत्नी चांद, अफसाना पत्नी अफसर, सलमा पत्नी अकबर, सास चांदनी और नंद लायबा आए दिन उसे दहेज लाने के लिए मारपीट करते हैं।

शाईना ने बताया कि जब उसने इस बात की जानकारी अपनी मां शाईन को दी, तो वह शाम करीब पांच बजे बेटी के ससुराल पहुंचीं, जहां पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उनकी मां के साथ भी मारपीट की और दोनों को घर से निकाल दिया। पीड़िता का कहना है कि वह पांच माह की गर्भवती है और उसका पति सोनू नशे की हालत में उसके साथ मारपीट करता है तथा ब्लेड से उसकी नस काट चुके हैं। पीड़िता का कहना है कि उसकी सास ने उसकी पांच सोने की और दस चांदी की चीजें छीन ली हैं और उसे केवल पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया गया। शाईना ने थाना मीरापुर में सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रा से मारपीट पर विहिप ने जताया रोष

**मीरापुर।** ग्राम कुतुबपुर में कुछ दिन पूर्व एक छात्रा के साथ गांव के ही दूसरे सम्प्रदाय के एक युवक ने अश्लील मैसेजकर छेड़छाड़ की थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। फेसले का दबाव बनाकर आरोपी युवक की मां ने छात्रा के साथ मारपीट की थी जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवती के परिजनो से मिलने के लिए विश्व हिंदु परिषद के कार्यकर्ता ग्राम कुतबपुर में पहुंचे व पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

गांव निवासी अमन पुत्र तासीन गांव की ही दूसरे संप्रदाय की एक छात्रा को आपत्तिजनक संदेश भेजकर परेशान कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने 29 सितंबर को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की थी। हालांकि आरोपी की गिरफ्तारी न होने से छात्रा के परिजनों पर आरोपी के परिवार की ओर से फैसले का दबाव बनाया जाने लगा। परिजनों का आरोप है कि चार दिन पूर्व अमन की मां वसीला पत्नी तासीन ने छात्रा के घर पहुंचकर उसके साथ मारपीट की, जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़िता के परिवार का कहना है कि पुलिस ने प्रारंभ में कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद उन्होंने यशवीर महाराज को सूचना दी। हस्तक्षेप के बाद आरोपी महिला के विरुद्ध मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के मंत्री सुंदरलाल, अमित कौशिक, किरणचंद खटीक, अर्जुन ठाकुर, अनमोल कपासिया, वरुण कपासिया और अमित खटीक सहित कई पदाधिकारी ग्राम कुतुबपुर पहुंचे और पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

### देशी शराब के 40 पव्वों के साथ युवक अरेस्ट

**बुढ़ाना।** थाना फुगाना की पुलिस और एण्टी रोमियो की टीम ने संयुक्त रूप से एक युवक को 40 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। फुगाना पुलिस टीम व एण्टी रोमियो स्कवायड की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त सावन पुत्र तेजपाल सिंह निवासी ग्राम जिवाना थाना रमाला बागपत को 40 पव्वे देशी शराब के साथ अरेस्ट किया गया। आरोपी को सब इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार गौड ने कांस्टेबल अजय तेवतिया, अमित कुमार और महिला कांस्टेबल सोनम कुमारी की मदद से एक स्थान से पकड़ा है।

### अपहृत व्यापारी से मिला वैश्य प्रतिनिधिमंडल

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा जनपद मुजफ्फरनगर का एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें महासभा के संरक्षक पूर्व विधायक अशोक कंसल सुनील सिंघल अध्यक्ष संजय मित्तल महामंत्री दिनेश बंसल अनिल तायल जानसठ में अपहरण हुए व्यापारी अरुण कुमार उर्फ लाला अटल जानसठ से बृजेश रस्तोगी सुरेंद्र बंसल को साथ लेकर घर पर जाकर मिले तथा व्यापारी से सभी जानकारी ली तथा उन्हें हर संभव मदद का अश्वासन दिया तथा कहां की इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी मुजफ्फरनगर मे मिलेगा उन्होंने योगी सरकार में इस प्रकार की बहुत दिनों बाद इस तरह की घटना होने पर भारी रोश व्यक्त किया तथा प्रशासन से मांग कि कि इस घटना को तुरंत खोला जाए।

### प्लाट मे खड़ी कार मे रात मे लगी आग, सनसनी

**मोरना।** देर रात प्लाट मे खड़ी कार मे आग लगने से सनसनी फैल गयी। ग्रामीणों ने आग को शांत किया।मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। पीड़ित ने आग लगाने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला काजियान निवासी अब्दुल समद ने तहरीर देकर बताया की उसकी हौंडा सिटी कार मोहल्ले मे ही एक खाली प्लाट मे खड़ी हुई थी। परिजनों को देर रात कार मे आग लगने की सूचना मिली। ग्रामीणों की मदद से आग को शांत किया गया। अब्दुल समद ने बताया की रविवार को रास्ते से स्टूल हटाने को लेकर दो युवकों से उसके भाई फैज़ की कहासूनी हो गयी थी। इसी खुन्नस के चलते आरोपियों ने कार मे आग लगा दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं आधी रात कार मे आग लगने की घटना से सनसनी फैल गयी है।

### एसडी गर्ल्स की छात्राओं ने झटका गोल्ड मेडल

**मुजफ्फरनगर।** 69 वीं माध्यमिक विद्यालय शैक्षिक राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या में दिनांक 03 व 04 अक्टूबर 2025 को आयोजित हुआ। जिसमें सहारनपुर मंडल की टीम में मुजफ्फरनगर जनपद के एस.डी. गर्ल्स इंटर कॉलेज गांधी कॉलोनी की छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर अंडर 14 बालिका –(आर्टिस्टिक पेयर) में अंशिका भारती और लक्ष्मी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंडर 14 आर्टिस्टिक पेयर में अंशिका एवं लक्ष्मी यह दोनों छात्राएं नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। अंडर 17 बालिका –(आर्टिस्टिक पेयर) में कलश अग्रवाल और तनिष्का ने सिल्वर मेडल जीता। अंडर 19 बालिका –(आर्टिस्टिक पेयर) में सलोनी और अक्षरा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में सफलता का श्रेय विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका शारीरिक शिक्षिका रचना रावत, एन.एफ.सी प्रभारी प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार, जिला क्रीड़ा सचिव सत्यकाम तोमर, डॉक्टर राहुल कुशवाहा, अमित कुमार, अक्षय कुमार, गया प्रसाद प्रजा. पति, विपिन त्यागी, सुश्री सुनीता रानी, सुश्री पूजा एवं समस्त विद्यालय परिवार और छात्राओं के माता–पिता का सहयोग एवं अतुलनीय योगदान रहा है।

# सेंट ज़ेवियर्स स्कूल के बच्चों ने किया नारोरा परमाणु ऊर्जा केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में नारोरा परमाणु ऊर्जा केंद्र का एक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को परमाणु ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया और उससे जुड़ी वैज्ञानिक तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी देना था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जाना कि किस प्रकार यूरेनियम से बिजली उत्पन्न की जाती है तथा इस प्रक्रिया में रेडिएशन से सुरक्षा के लिए कौन–कौन सी आधुनिक तकनीकें अपनाई जाती हैं। परमाणु ऊर्जा केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी श्री रामदास ने विद्यार्थियों को ऊर्जा उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों के उत्तर धैर्यपूर्वक दिए, जिससे उनका उत्साह और जिज्ञासा और बढ़ गई। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान स्कूल के वरिष्ठ समन्वयक मुदस्सिम राजपूत भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने रासायनिक ख्र्ष्टिकोण से ऊर्जा उत्पादन से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को विद्यार्थियों को सरल तरीके से समझाया, जिससे यह यात्रा और भी सार्थक बन गई। इस भ्रमण की योजना स्कूल के प्रधानाचार्य सजी वर्गीस द्वारा बनाई गई थी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीखना और अनुभव प्राप्त करना ही हमारे भविष्य की सच्ची सफलता की कुंजी है। विद्यार्थियों को हर अवसर का सदुपयोग करते हुए देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अनुभव रही, जिसने उनके ज्ञान को विस्तृत किया और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# एसडी ऑफ कॉमर्स में फ्रैशर पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में बी.ए. पाठ्यक्रम में नवागंतुक छात्र/छात्राओं के लिए फ्रैशर पार्टी 2025–26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल, एकता मित्तल (विभागाध्यक्षा) मानविकी संकाय आदि के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके संयुक्त रूप से किया गया तथा सभी ने छात्र/छात्राओं को कार्यक्रम की शुभकामनाएं दी।




कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं द्वारा विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियाँ की गयी। जिनमें सोलो व ग्रुप डांस, भांगडा, क्लासिक डांस, शामिल रहे जिसमें वैष्णवी, गौरा, कृष्णा, सुहाना, मानसी, दीपा, गुलशिवा, शिखा, हर्ष, शाहे हसीन, आयुषी त्यागी, मानसी रोयल, रोहन, सानिया, आकृति, आरजू, भारती, प्रियंका, प्रियांशु, राधा, सला. ेनी, कार्तिक, इनम जहरा, आदित्य, अरूण, आकाश, गीतांजली, व आदि. ति मेनवाल आदि ने अनेक प्रस्तुतियां दी।

निर्णायक की भूमिका में डॉ. श्वेता सिंघल व डा. नीतू पंवार रही। निर्णायक मंडल के अनुसार समर मिस्टर फेशर तथा साक्षी शर्मा को मिस फेशर व मनुदेव को मिस्टर चार्मिंग एवम् चित्रांगना को मिस चार्मिंग घोषित किया गया।

समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी छात्र/छात्राओं और महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया और यह बताया की इस तरह के आयोजन से सभी छात्र/छात्राओं में समाजिक भावना तथा सामांजस्य से काम करने की प्रवृति का विकास होता है तथा ऐसे मंच के माध्यमों से उन्हें अपनी प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम का संचालन साक्षी, प्रियंका जैन व गरिमा कंसल के मार्गदर्शन में कृष्णा व सुहाना ने किया। इस अवसर पर मानिविकी विभाग से सपना चौहान, सोहन लाल, वीरेन्द्र कुमार, नीरज कुमार, डा. योगिता पुण्डीर, डा. प्रियंका त्यागी, गरिमा कंसल,श्वेता सिंघल, प्रियंका जैन, साक्षी, अंकित धामा, कृष्ण कुमार, संकेत जैन आदि ने सहयोग किया एवं सभी छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# मूसलधार बारिश ने बढ़ाई ठंड, पंखे कूलर बंद

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में आज मंगलवार की देर शाम हुई मूसलाधार बारिश ने ठंड में इजाफा कर दिया है। इस बारिश ने एसी और कूलर के साथ साथ पंखों को भी बंद करवा दिया है। इस माह अक्टूबर के पहले हफ्ते में ही सर्दी जैसा मौसम हो गया। क्या सर्दी आ गयी है इसे लेकर लोग बातें कर रहे हैं। कस्बा बुढ़ाना और गांव गढ़ी सखावतपुर में तो जोर का पानी पड़ा और दो बार बिजली की भी गर्जना से लोग सिहर उठे। अक्टूबर के पहले हफ्ते के आखिर में अचानक बादल छा गए और फिर धीरे धीरे शुरु हुई बहुत ही हल्की फुल्की बूंदाबांदी एकाएक बढ़ गयी और देखते ही देखते मूसलाधार बारिश शुरु हो गयी। पिछले महीनों अगस्त और सितम्बर की तरह ही फिर से बारिश का दौर शुरु हो गया है इसको लेकर भी चर्चा है। इस बारिश ने मौसम को ठंडा तो कर दिया है लेकिन यह किस कदर कई बीमारियां लेकर आएगा इसके भी कयास लगाए जा रहे हैं। यूं तो मध्य अक्टूबर से ठंड का आगमन माना जाता है तो क्या ये माना जाए कि दो दिनों की इस बारिश ने ठंड के आने का रास्ता साफ कर दिया है और मौसम में ठंड घुलने लगी है।

जानकार बताते हैं कि इस तरह का मौसम उन्होंने कभी बहुत पहले देखा था लेकिन इस तरह की लगातार बारिश पहली बार दिखी है। जिसमें पूरा अगस्त और सितम्बर माह बारिश के नाम ही रहा। वैसे आज और बीते कल की बारिश ने मौसम में ठंडक पैदा जरुर कर दी है और अभी से ही सर्दी आने के कयास भी लगाए जाने लगे हैं।

# करवाचौथ के उपलक्ष्य में बांटी 100 साड़ियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** लायन्स क्लब मुजफ्फरनगर उन्नति द्वारा करवाचौथ के शुभ अवसर पर आवास विकास कॉलोनी स्थित शिव मंदिर परिसर में भव्य कीर्तन एवं साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्र विभाग राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल जी ने अपने करकमलों से 100 साड़ियों का वितरण किया। कार्यक्रम में लायन्स क्लब मुजफ्फरनगर 'कात्यानी', जो उन्नति का ब्रांच क्लब है, की महिला सदस्याओं कृ लायन पारुल अग्रवाल, लायन ऋतिका गुप्ता और लायन मोहिका कृ ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही पंजाब नेशनल बैंक एमसीसी के एजीएम सुनीत अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मंत्री ने उपस्थित महिलाओं को करवाचौथ पर्व के महत्व के बारे में बताया और बाल्मीकि जयंती की भी हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

क्लब के मीडिया चेयरमैन एवं डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल कंसल ने यह जानकारी दी । इसी के साथ साथ क्लब अध्यक्ष लायन अमित मित्तल ने बताया कि यह आयोजन समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण की भावना को समर्पित रहता है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डिस्ट्रिक पदाधिकारी सीए लायन अजय अग्रवाल, डिस्ट्रिक पदाधिकारी लायन रीना अग्रवाल, रीजन चेयरमैन लायन डॉ. विवेक, जोन चेयरमैन सीए लायन मनीष बंसल, उपाध्यक्ष लायन ममता अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष लायन रेणु गुप्ता, लायन आलोक गुप्ता, क्लब सहसचिव लायन प्रतिभा बंसल, लायन वंदना मित्तल, लायन रूमा अग्रवाल, तथा मंदिर समिति के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# इस्लामिया कॉलेज ने मनाया स्थापना दिवस

## 94वें स्थापना दिवस पर हाईस्कूल व इण्टर के टॉपर्स सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** इस्लामिया इण्टर कॉलेज मुजफ्फरनगर के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन धूमधाम तरीके से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदरणीय सुभाष बन्द, सह जिला विद्यालय निरीक्षक मुजफ्फरनगर कामाला पहनाकर बैज लगाकर व शॉल उढ़ाकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्लामिया इण्टर कॉलेज प्रता समिति के अध्यक्ष, रौनक अली पौदी साहब एडवोकेट ने की। प्रधानावार्य डा. रात्रीम अहगड व स्टाफ के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष सुल्तान मुशीर साहब एडवोकेट, कॉलेज समिति के प्रवन्धक, सईद अनवर सिद्दीकी साहब तथा उप–प्रबन्धक, हाजी कमरूजमा साहब एडवोकेटर रहे। प्रबन्धक द्वारा विद्यालय की गति. विधियों तथा विद्यालय के लिए किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा–2025 में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के टॉपर्स की मुख्य अतिथि र अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया, साथ ही कॉलेज स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं व खेल–कूद का आयोजन कराकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मैडल व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए समां बांध दिया और स्थापना दिवस की खुशियाँ मनायी।

कार्यक्रम का संचालन तनवीर आलम, प्रवक्ता व अजहर साबिर प्रवक्ता द्वारा किया गया। उप प्रबन्धक कमरूज़्मा एडवोकेट का विशेष सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबन्ध समिति के पदा. धिकारीगण व सदस्यगण तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# अजमीढ़देव की जयंती पर मेधावी छात्र–छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्वर्णकार समाज और ज्वेलर्स एसोसिएशन जनपद शाखा मुजफ्फरनगर द्वारा स्वर्णकार समाज के आदि पुरुष महाराज अजमीढ देव की जयंती , परिवार मिलन समारोह के रूप में ग्रीन एप्पल होटल स्वरूप प्लाजा मुजफ्फरनगर में मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश कुमार वर्मा जिलाध्यक्ष एवं संच. ालन इंजीवउमेश चंद्र वर्मा द्वारा किया गया स इस कार्यक्रम में जनपद मुजफ्फरनगर के अलावा बागपत ,बड़ौत, शामली, गाजियाबाद आदि शहरों से स्वर्णकार समाज के भारी संख्या मे सम्मानित जन सम्मिलित हुए स सर्वप्रथम महाराज अजमीढ देव एवं मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कुमारी अनिका वर्मा ने संस्कृत में महिषासुर मर्दिनी स्तुति , आचार्य रामकृष्ण सुमन ने महाराज अजमीढ देव जी के जीवन परिचय के बारे मे अवगत कराया स मुख्य अतिथि देशभक्त इंटर कॉलेज शामली के प्रधानाचार्य विनोद कुमार वर्मा ने समाज के बच्चों को शिक्षित करने पर बल दिया तथा विशेष रूप से लड़कियों की शिक्षा का महत्व समझाते हुए उन्होंने बताया कि शिक्षित लड़की दो परिवारों की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। मजिस्ट्रेट विकास वर्मा ने स्वर्णकार समाज के सभी व्यापारियों को ईमानदारी एवं निडरता से व्यापार करने का आवाह्न किया स प्रदेश महासचिव मनोज कुमार वर्मा (बागपत) ने भी अपने विचार रखें , बागपत अध्यक्ष डॉ अरविंद वर्मा ने समाज में पनप रही अनेकों बुराइयों पर प्रकाश डालते हुए आवाह्न किया कि समाज को दहेज जैसी सामाजिक बुराई का जड़ से उन्मूलन करना चाहिए, बच्चों की शिक्षा एवं योग्यता बढ़ाने के पूरे पूरे प्रयास करने चाहिए तथा कौशल विकास के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही बिभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर अपने युवाओ को सर्राफा कारोबार से जोड़ना चाहिए स सभा को संबोधित करते हुए कविता वर्मा प्रवक्ता द्वारा नारी शक्ति सशक्तिकरण के बारे में समझाया तथा बच्चों को पत्रकारिता में भी आगे बढ़ने पर बल दिया। अतिविशिष्ट अतिथि नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर के सभासद श्री मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि हमें समाज सेवा के माध्यम से सदैव समाज से जुड़े रहना चाहिए तथा राजनीतिक रूप से भी हमें मजबूत होना चाहिए स प्रदेशाध्यक्ष अमरीश वर्मा द्वारा कन्याओं को शिक्षित करके सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। मेधावी छात्रों/छात्राओं मे कार्तिक वर्मा, कुव मिस्ठी वर्मा, प्रियंवदा वर्मा, वैष्णवी वर्मा, प्रथम वर्मा, देवेश वर्मा एवं शाकंभरी श्विवविद्यालय की स्टैटिसटिक्स में प्रथम स्थान करने पर कंवरपाल वर्मा भाजपा नेता की सुपुत्री को भी पुरस्कृत किया गया।



# संविधान, आरक्षण व वोट सुरक्षा को जागरूक रहें: पूजा अंबेडकर

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी पीडीए जागरूकता अभियान के अंतर्गत समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव पूजा अंबेडकर ने पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बढ़ीवाला में पूर्व प्रधान जुबैर व ग्राम खामपुर में ग्राम प्रधान असजद के आवास पर आयोजित पीडीए पंचायत में जनसंवाद करते हुए कहा की भाजपा सरकार में लगातार संविधान व आरक्षण को कमजोर करके पीडीए समाज को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।सपा नेत्री पूजा अंबेडकर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के एस आई आर के नाम पर चलने वाले अभियान में सभी को अपनी वोट की सुरक्षा भी करनी होगी। उन्होंने कहा कि पुरकाजी विधानसभा को विकास व मतदाताओं को सम्मान सिर्फ समाजवादी पार्टी प्रत्याशी की जीत से मिलेगा। उन्होंने प्रदेश के विकास अमन भाईचारे के लिए 2027 में समाजवादी पार्टी को जरूरत बताया। पीडीए कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरकाजी सपा विधानसभा अध्यक्ष संजीव आर्य ने की कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने भारी संख्या में भाग लेकर अतिथि सपा नेताओं का स्वागत किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम SEEMA PARVEEN से बदलकर ASMA रख लिया है। भविष्य में मुझे ASMA W/o MUJEEBUL ISLAM के नाम से जाना व पहचाना जाए।
H.NO. 999, GALI NO. 7-A ,
MALLHUPURA
MUZAFFARNAGAR (U.P.)

**Name Changed**

I, ANURADHA SINGH W/o PUSHPENDRA KUMAR R/O 528/23, GANDHI COLONY, SUBHASH NAGAR, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P.) Have changed my name to ANURADHA SINGH JADON.

### बुढ़ाना क्षेत्र में खुशी की लहर......

# अब छपार टोल प्लाजा पूर्व प्रमुख पर ही रहेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी को उस समय जबरदस्त झटका लगा जब मंगलवार की सायं छपार टोल प्लाजा के कान्ट्रैक्टर, पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लो. कदल के कद्दावर नेता विनोद मलिक को छपार टोल प्लाजा मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से स्टे मिल गया। हाईकोर्ट से स्टे मिल जाने के बाद अब छपार टोल प्लाजा पूर्व प्रमुख विनोद मलिक पर ही रहेगा और वे ही इसका पूर्व की तरह संचालन करेंगे। हाईकोर्ट से इस आशय का स्टे आ जाने के बाद सभी टोल कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। संभवत बुधवार की प्रथम रात्रि से सभी टोल कर्मचारी ड्यूटी पर लौट जाएंगे। इसको लेकर





बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। अगर देखा जाए तो इस टोल मामले में पूर्व प्रमुख विनोद मलिक की ही जीत हुई है क्योंकि चर्चा और सुत्रों के मुताबिक मांगेराम त्यागी अपने संगठन की आड़ में छपार टोल के संच. ालन में बाधा बन रहे थे और सरकार के भी राजस्व को हानि पहुंचाने का काम कर रहे थे। वे चाह रहे थे कि उक्त टोल पर उनका वर्चस्व कायम हो और वे यहां के सभी कर्मचारियों को एक मो. हरे के रुप में इस्तेमाल कर हर महीने कांट्रेक्टर से दबाव बनाकर एक मोटी रकम हासिल करें लेकिन उनका ये मंसूबा धरा का धरा रह गया। इस टोल मामले में मांगेराम त्यागी और पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के बीच लगातार कई दिनों तक आरोप प्रत्यारोप भी लगते रहे। जिसमें जिम्मेदार अधिका. रियों का सिरदर्द ही बना रहा और यहां तक एक दूसरे के समर्थकों के बीच भी खूब तनाव रहा।

### क्या कहते हैं पूर्व प्रमुख विनोद मलिक..

**बुढाना।** हाईकोर्ट से स्टे मिलने पर जब पूर्व प्रमुख विनोद मलिक से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि हमें हाईकोर्ट से इस बात का स्टे मिला है कि एनएचआई कंपनी और इन्विट ने जल्दबाजी और तेजी में कदम उठाकर टोल का कांट्रेक्ट किसी अन्य को दे दिया था। जो पूर्ण रुप से गैर कानूनी प्रक्रिया थी। हाईकोर्ट ने इसका संज्ञान लेकर दोनों कंपनियों को नोटिस भी जारी किए हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि हमने उक्त मामले में टोल इसलिए छोड़ दिया था कि माहौल खराब ना हो क्योंकि जिस तरह से हमें वहां दिन प्रतिदिन ललकारा जा रहा था वो तरीका उनका बहुत ही गलत था। उससे टकराव की ही स्थिति बनती लेकिन हम माहौल को खराब होने नहीं देना चाहते थे इसलिए टोल छोड़ दिया था और अब हाईकोर्ट से स्टे मिल गया है तो उसका संचालन हम पहले की तरह करेंगे।

# बिज्जू ने किसान पर किया हमला, दहशत मे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** किशनपुर गांव मे किसान पर बिज्जू नामक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। किसान ने दौड़कर अपनी जान बचाई। घटना से भयभीत ग्रामीणों ने बिज्जू को पकड़ने की मांग वन विभाग से की।वन विभाग की टीम बिज्जू को पकड़ने के प्रयास मे जुट गयी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी मौ. शादाब ने बताया की उनके मकान के पीछे खेत मे बीते कई दिनों से एक जंगली जानवर व उसके बच्चे दिखाई पड़ रहे थे। रात मे वह जंगली जानवर घर मे घुस आया जिसे देख घर मौजूद महिलाएं डर गयी।

जानवर को भगाने गये उसके पिता जर्जीस पर जानवर ने हमला कर दिया किसी प्रकार जर्जीस ने अपनी जान बचाई। जानवर बराबर मे स्थित पेड़ पर चढ़ गया।

जानवर को बिज्जू बताया गया। बिज्जू व उसके बच्चे रात मे तेज़ आवाज करते हैं। जिससे ग्रामीण भयभीत हैं।शादाब ने बताया की सोमवार को मोहल्ले के बच्चे खेल रहे थे की बिज्जू व उसके बच्चों को देख चीख पुकार मच गयी।

जिसके बाद बिज्जू के हमले की आशंका को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने बिज्जू को पकवाने की मांग वन विभाग से की। मोरना रेंज के डिप्टी रेंजर नन्द किशोर ने बताया की मौके पर टीम भेजी गयी थी। किन्तु बिज्जू अभी पकड़ा नहीं जा सका है।

## मिशन शक्ति-साइबर क्राइम के तहत लोगों को किया जागरुक

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री और फुगाना थानाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने अपने अपने क्षेत्रों में एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर मंगलवार की सायं आते जाते लोगों को एकत्रित कर उनको मिशन शक्ति और साइबर क्राइम के बारे में जागरूक किया। यहां पर लोगों को ठगों से बचने के पंपलेट भी बांटे गये। थाना फुगाना की एंटी रोमियो टीम द्वारा ग्राम सरनावली में महिला एवं बच्चों की मीटिंग कर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं को जागरूक किया।

डोर टू डोर जाकर महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक किया गया। राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए पुलिस विभाग सक्रिय है।

# केवीजी एग्रो कंपनी के दुग्ध अवशेषण केंद्र का शुभारंभ

**कम्पनी के अधिकारियों ने उद्देश्यों की जानकारी दी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कस्बा खतौली में सफेद मार्ग स्थित केवीजी एग्रो कंपनी द्वारा दुग्ध अवशेषण केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर आशीष तायल, एमडी सुभाष चंद्र गर्ग, राकेश, वी.के. शर्मा, के.के. पांडे एवं अरविंद तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शुभारंभ के अवसर पर कंपनी अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को कंपनी की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि यह केंद्र किसानों से सीधे दूध संग्री. हत कर उचित मूल्य पर खरीदेगा, जिससे उन्हें पारदर्शी भुगतान और बेहतर बाजार सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में लगभग 200 गांवों के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। इस दौरान कंपनी के विशेषज्ञों ने पशुपालन, दूध उत्पादन, रखरखाव एवं गुणवत्ता सुधार पर विस्तृत जानकारी दी। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कंपनी अधिकारियों से दूध संग्रहण एवं मूल्य निर्धारण से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया।कार्यक्रम में अशोक शर्मा, देवेश शर्मा, सत्येंद्र आर्य, डॉ. एस. हसन, मो. अदील अहमद, अजय जन्मजय, विकास जैन, मिंटू सैनी सहित खतौली ग्रामीण क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं किसान, मजदूर व व्यापारी

**किसानों को उपज का वास्तविक मुल्य दिलाने की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर निवासी हॉर्टिकल्चर और एग्रोनॉमिस्ट सुबोध कुमार ने मंगलवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि किसान हमारे समाज की रीढ़ है। वह धरती से अन्न, गन्ना और जीवन का आधार निकालता है लेकिन दुर्भाग्य से सबसे कम लाभ उसी को प्राप्त होता है। यदि गन्ना उत्पादन वास्तव में लाभदायक होता तो चीनी मिल मालिक अपनी भूमि खरीदकर या किराए पर लेकर स्वयं ही गन्ना उगाते। यदि गेहूं उत्पादन इतना मुनाफ़े वाला होता तो आटा बेचने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियाँ खुद ही गेहूं की खेती करती। वास्तविकता यह है कि अधिकांश कंपनियां और फैक्ट्रियां अपने उपयोग का जीरो प्रतिशत कच्चा माल भी स्वयं उत्पन्न नहीं करती। सारा उत्पादन किसान करता है जबकि लाभ का बड़ा हिस्सा उद्योगपतियों और व्यापारियों तक पहुंचता है। हम भूल जाते हैं कि हमारे चारों ओर जितनी भी अच्छी या बुरी चीज़ें हैं सबकी जड़ मिट्टी है। कृषि केवल व्यवसाय नही बल्कि जीवन और अस्तित्व की नींव है। इसलिए सरकारों और नीति निर्माताओं को चाहिए कि वे ऐसे तंत्र पर नियंत्रण स्थापित करें जहां किसानों की मेहनत पर दूसरों का अनुचित लाभ न टिका हो। उन्हें ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो किसानों को उनकी उपज का वास्तविक और न्यायसंगत मूल्य दिला सकें साथ ही आवश्यक है कि नीति निर्माता और उद्योगपति दोनों यह समझें कि कृषि उत्पादन की वास्तविक लागत क्या होती है। तभी किसानों, मजदूरों और व्यापारियों के साथ सच्चा न्याय संभव होगा और कृषि वास्तव में लाभकारी व्यवसाय बन सकेगी। यदि सरकारें किसी उत्पाद का मूल्य तय करते समय उसमें आने वाले सभी अवयव और श्रम दोनों को ध्यान में रखें तो समाज के हर वर्ग किसान, मजदूर और व्यापारी को उसके उत्पादन का उचित और स्थायी मूल्य प्राप्त होगा। आखिरकार, किसान मजदूर व्यापारी तीनों ही मिलकर किसी देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की असली रीढ़ हैं। इन तीनों के संत. ुलन और सहयोग से ही राष्ट्र और विश्व दोनों आत्मनिर्भर तथा समृद्ध बन सकते हैं।

## पत्नी की हत्या में इनामी को पुलिस ने जेल भेजा

**भोपा।** पांच वर्ष पूर्व पत्नी की हत्या कर फरार हुए आरोपी की गिरफ्तारी पर दस हज़ार का इनाम रखा हुआ था। मंगलवार को पुलिस ने मामले में हत्यारे पति को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई मे बीते 2021 में कुसुम नामक महिला पर पति संजीव उर्फ़ कल्लू द्वारा लोहे की रोड से वार कर जानलेवा हमला किया गया था। गंभीर हालत मे ससुरालजनो द्वारा कुसुम को अस्पताल मे भर्ती कराया गया था।जहां उपचार के दौरान कुसुम की मौत हो गयी थी।कुसुम के देवर राजीव ने भाई संजीव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।तभी से संजीव पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।पुलिस ने संजीव की गिरफ्तारी करने पर दस हज़ार का इनाम रखा हुआ था। भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया कि आरोपी संजीव कुमार उर्फ कल्लू बीते पांच वर्ष से पत्नी की हत्या में फरार चल रहा था उसपर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर आरोपी संजीव उर्फ कल्लू को एक तमंचे के साथ भोपा-अथाई मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

### सिद्धपीठ बालाजी धाम पहुंचे पूर्व विधायक

**शाहपुर।** मंगलवार के शुभ अवसर पर सिद्धपीठ श्री बालाजी धाम मंदिर पहुंचे फायरब्रांड नेता एवं पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक ने बालाजी महाराज की विशेष पूजा अर्चना कर आरती की और आशीर्वाद लिया। मन्दिर समिति के पदाधिकारीयो ने पटका भेंट कर बालाजी महाराज का चित्र एवं प्रसाद देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी, समिति से पंकज गोयल, विनीत मित्तल, ऋषभ सिंघल, अर्पित गोयल, अक्षय गोयल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर हुई युवक की मौत, शिनाख्त नहीं हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज मंगलवार की देर रात एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के खतौली मार्ग पर स्थित गांव रसूलपुर दभेडी के पास किसी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो पाई। पुलिस की प्रथम जांच में मृतक के मुस्लिम होने की पुष्टि हुई है। उम्र लगभग 42 वर्ष बताई गई है।

### सीडीओ ने किसानों को जानकारी

**भोपा।** मुख्य विकास अधिकारी ने रहकड़ा गांव मे धान की फसल की कटाई कराकर प्रति हेक्टेयर उत्पादन का अनुमान लिया साथ ही किसानो से खेती के संबंध मे बातचीत की। भोपा क्षेत्र के गांव रहकड़ा मे किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कण्डारकर ने कहा की आधुनिक तकनीक की जानकारी कर किसान खेती करें। उन्नत बीज समय पर बुआई तथा उचित देखभाल से फसलों के उत्पादन मे वृद्धि होगी व किसान की आमदनी बढ़ेगी। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने किसान कुलदीप के खेत मे धान की कटाई की राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा ने बताया की क्रॉप कटिंग कार्यक्रम के अंतर्गत. 0043 हेक्टेयर धान की फसल की कटाई कराई गयी और उत्पादन का अनुमान लिया गया। एनटी बृजेश कुमार, लेखपाल सचिन कुमार, अनिल कुमार मनोज कुमार, अंकित कुमार,विकेश कुमार, एडीओ योगेशदत्त त्यागी, ग्राम सचिव जोगेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

### बीडीओ ने गांव बिटावदा में पहुंचकर की जांच

**बुढ़ाना।** बीडीओ सतीश कुमार मंगलवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव बिटावदा पहुंचे। जहां उन्होंने चमारों वाले तालाब की जांच कर जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपने की बात कही। बताया जाता है कि बीते कल गांव बिटावदा निवासी देशपाल सहरावत ने बताया था कि उनके घर के समीप चमारों वाला जोहड है। जिसमें पूरे गांव का गंदा पानी जाता है। जोहड़ में गंदगी भरी है। अधिकारियों को साफ सफाई के लिए कई बार कहा गया मगर जोहड़ की सफाई आज तक भी नहीं हुई। बारिश के दिनों में तो तालाब का पानी गांव की गलियों व घरों में भर जाता है। गांव का प्रधान ब्लाक के कुछ अधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत से उच्च अधिकारियों को गुमराह कर तालाब पर कब्जा करने के उद्देश्य से तालाब में जबरदस्ती अवैध रुप से बम्बे डलवाकर उसके ऊपर मिट्टी डलवाकर सीसी रोड बनवाकर कब्जा करना चाहता है। जिसमें चौड़ी निकासी को संकीर्ण किया जा रहा है। इसमें गांव का एक दबंग व्यक्ति भी शामिल है। इसमें दबंगों ने ग्राम प्रधान और ब्लाक के कुछ अधिकारियों की शह पर कुछ दिन पहले जबरन सीमेंटिड बम्बे डाले गये थे मगर ग्रामीणों के विरोध के चलते ये लोग अपने मकसद में कामयाब नहीं हुए थे।

### सम्मान खुद को दिलाता है सम्मान : एसएसपी

**छपार।** भारत आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने संबोधित करते हुए जागरुक किया उन्होंने कहा कि अगर दूसरे को सम्मान देने से खुद को सम्मान मिलता है तो कोई बुराई नही हैस शक्ति का मतलब ज्ञान है जसने ज्ञान बढा लिया उसके पास ही शक्ति है स हाइवे के बढेडी चौराहे के निकट भारत आयुर्वेदिक कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ पुलिस अधी्क्षक ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित कर किया छात्र छात्राओं से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रदेश में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सम्मान, स्वालंबन व सुरक्षा के प्रति अभियान चलाकर जागरुक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों से कहा कि जो लडकियां कालेज या कोचिंग में जा रही है उनमें उनकी बहन भी हो सकती है उनके प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। कार्यक्रम में एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने साइबर क्राइम से बचने की विस्तृत जानकारी दीस मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर केदारकर, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत व सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा छप्पर थाना प्रभारी मोहित शहरावत संस्थान के उप चेयरमैन रविश आलम, डा. अकरम ने भी छात्र छात्राओं को विचारों से अवगत कराया।

### असद खान शालू ने की भाकियू में वापसी

**खतौली।** नगर पालिका परिषद खतौली के सभासद असद खान शालू ने भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) से इस्तीफा देकर दोबारा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) में अपनी आस्था व्यक्त की है। उन्होंने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान असद खान शालू ने कहा कि वे पहले भी भाकियू (टिकैत) परिवार का हिस्सा रहे हैं और किसानों की आवाज को बुलंद करने के लिए फिर उसी मंच पर लौटे हैं। भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत ने असद खान शालू का संगठन में स्वागत करते हुए कहा कि किसान एकजुट होकर ही अपनी लड़ाई को मजबूत बना सकते हैं। इस मौके पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर चौ. राकेश टिकैत ने अपने मुजफ्फरनगर स्थित आवास पर आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में योगेश शर्मा, अशोक घटायन, गुलबहार राव, जुल्फकार छोटा, सचिन चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गोकुलादेवी को प्रसाद चढ़ाकर मांगी मन्नतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** अश्विन मास की चतुर्दशी को गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने सिद्धपीठ मां गोकुलादेवी को प्रसाद चढ़ाकर अपनी मन्नतें मांगी इस दौरान नगर व देहात क्षेत्र से कई हजार लोगों ने मां गो. कुलादेवी को नतमस्तक होकर धर्म लाभ उठाया। इस दौरान नगर के व्यापारी गुरदास प्रसाद अनिल कुमार बंसल की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें नगर के व्यापारियों एवं जिम्मेदार नागरिक ने शामिल होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कस्बे मे पैठ मैदान के पास मां गोकुलादेवी का मंदिर है। इस मंदिर में अश्विन मास की चतुर्दशी तथा चैत्र मास की चतुर्दशी को विशेष प्रोग्राम होता है, चौत्र मास में तो रामनवमी से प्रारंभ होकर चतुर्दशी तक 6 दिन तक चलने वाला मां दुर्गा का विशाल मेला लगता है। यहां मान्यता है कि जो भी परेशान व्यक्ति मां से सच्चे मन से मन्नत मांगता है उसकी मन्नत अवश्य पूरी होती है। यहां मां को कच्चे नारियल हलवा पूरी का प्रसाद चढ़ाया जाता है दोनों ही चतुर्दशी को कस्बावासियों की ओर से विशाल भंडारे आयोजित होते हैं अश्विन मास की चतुर्थी को हर वर्ष गुरदास प्रसाद अनिल कुमार बंसल की ओर से भंडारा आयोजित होता है। आज भंडारे आयोजिक गुरदास प्रसाद के पुत्र अनिल बंसल व प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने सपत्नीक पूजन कराया भंडारे में डब्बू बंसल, कपिल बंसल, दिव्यांश अग्रवाल, नमन बिंदल, मंटू बंसल, सचिन धवन, भाग्य शर्मा, नमन गुप्ता मुजफ्फरनगर वाले, युक्त बंसल का सहयोग रहा। भंडारे मे वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी कमल वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश मित्तल, पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल, अरुण मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल सैनी, बिट्टू सिंघल मेडिकल स्टोर वाले, मनीष गर्ग, राक. ेश मित्तल, लवणीस सिंघल, मोहन नामदेव, बालाजी धाम मंदिर से जुड़े देशराज बंसल, निर्मित बंसल, गौरव बंसल, वरिष्ठ प्रमुख अरविंद पाल, रेनू अग्रवाल, युक्ता बंसल, पूनम बंसल, विजयलक्ष्मी बंसल, शुभम पाल, छोटन वर्मा, रजत पाल, गोपाल बंसल, आदि मौजूद रहे। मंदिर की व्यवस्था बनाने में मंदिर के प्रबंधक अजय बंसल, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल, थवनेश बंसल, विजय बंसल, तथा पंडित श्यामसुंदर शर्मा मुख्य रूप से रहे। डॉ. अनुज अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष कृ विजयदशमी उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयदशमी उत्सव का आयोजन फुलत मंडल, खतौली के अंतर्गत ग्राम सठेड़ी में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर संघ के विभिन्न स्तरों के दायित्ववान कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरवानंद महाराज ( दरबार आश्रम, भूपखेड़ी) ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र, खंड संघचालक खतौली उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उदय, विभाग संपर्क प्रमुख (लक्ष्मीनगर) रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा और समाज जीवन में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विजयदशमी उत्सव के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वयंसेवकों से राष्ट्र निर्माण में सतत सक्रिय रहने का आह्वान किया। अपने विचारों में उन्होंने समाज में जागरण के लिए पाँच प्रमुख कार्यो पर बल दिया कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी का भाव, उन्होंने कहा कि इन पाँच बिंदुओं को आत्मसात कर हम एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर सुनील, मयंक, सार्थ, अंकुश, अनुभव सिंह, राज सिंह, सतपाल सहित 100 से अधिक स्वयंसेवक एवं दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विधिवत रूप से किया गया तथा समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

## बायोकेम क्लासेस ने नीट क्वालीफायर प्रोग्राम किया शुरु

**बुढ़ाना।** बायोकेम क्लासेज अनोखा नीट क्वालीफायर प्रोग्राम लाया है जो विशेष रुप से उन छात्रों के लिए तैयार किया गया है जो कि विदेश जाकर एमबीबीएस करना चाहते हैं या फिर इंडिया के प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस, बीडीएस, बीएचएमएस, बीएएमएस या फिर बीयूएमएस जैसी पढ़ाई करना चाहते हैं। बायोकेम क्लासेज के निदेशक शाहनवाज़ कुरैशी के अनुसार यह प्रोग्राम छात्रों को पूरी नीट कोचिंग के दबाव से मुक्त करेगा और केवल उतना ही पढ़ाया जाएगा जितना कि नीट परीक्षा को क्वालिफाई करने के लिए ज़रूरी है। इस कोर्स में रोज़ एक घंटे की क्लास होगी। हर रविवार विशेष टेस्ट जो नीट परीक्षा जैसा होगा। कक्षाएं हिंदी व अंग्रेज़ी दोनों माध्यमों में उपलब्ध होगी। पाठ्यक्रम पूरी तरह नेशनल काउंसिल आफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग आधारित होगा। संस्थान का कहना है कि ये प्रोग्राम उन छात्रों के लिए वरदान साबित होगा जो डॉक्टर बनने के सपने को पूरा करना चाहते हैं लेकिन सिर्फ़ नीट क्वालिफाई करना उनका पहला लक्ष्य है। इस प्रोग्राम में प्रवेश सीमित सीटों पर दिया जाएगा। इच्छुक छात्र बायोकेम क्लासेज मे आकर अपना नामांकन करा सकते हैं। यह पहली रजिस्टर्ड और डिजिटल संस्था है जो कि कई वर्षों से छात्रों को सेवाएं दे रहा है।

# अखिलेश दुख बांटने नहीं, दंगे कराने निकलते हैं

## भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने सपा पर साधे निशाने

**महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली क्षेत्र स्थित देवदास बाल्मीकि मंदिर में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में मंगलवार को पहुंचे भाजपा के फायर ब्रांड नेता एवं पूर्व विधायक संगीत सोम ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और भगवान वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित जनसमूह को संबो. धित करते हुए संगीत सोम ने कहा कि 'अखिलेश यादव किसी का दुख बांटने नहीं, बल्कि प्रदेश में दंगा और झगड़ा कराने निकलते हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के पीडीए गठबंधन (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को निशाने पर लेते हुए कहा हयह पीडीए नहीं, पाकिस्तान डेवलपमेंट अथॉरिटी है। यह संगठन मुगल काल की सोच पर चलता है और केवल मुगलों की ही बात करता है। संगीत सोम ने आगे कहा कि हभारतवर्ष में जन्म लेने वाला हर व्यक्ति सनातनी है। सनातन धर्म ही हमारी पहचान और हमारी संस्कृति की नींव है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार समाज के हर वर्ग को सम्मान और अधिकार देने के लिए काम कर रही है।

वहीं उन्होंने उपस्थित बाल्मीकि समाज के लोगों से एकजुट रहकर समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में नगर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महर्षि वाल्मीकि की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

# कस्बों में जयंती पर महर्षि वाल्मीकि को किए गए पुष्प अर्पित

## बुढ़ाना, मोरना व खतौली में गोष्ठी आयोजित, बैण्ड बाजों के साथ निकाली गई शोभायात्रा रही आकर्षण का केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में महर्षि वाल्मीकि की जयंती बडी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष ठाकुर रामनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि द्वारा हिंद. ुओं के प्रसिद्ध ग्रंथ रामायण की रचना की गयी थी। इस मौके पर उन्होंने भगवान महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर भी पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर मौजूद विचार गोष्ठी में सभी वक्ताओं ने कहा कि रामायण से हमें सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कैसे वाल्मीकि समाज को एक जुट होकर निरंतर आगे की ओर बढ़ना है और कैसे अपने समाज को आगे लेकर जाना है। भारतीय महसकाव्य रामायण के रचियता ऋषि वाल्मीकि की जन्म जयंती आज पूरे देश में मनाई जा रही है। वाल्मीकि जयंती को प्रकट दिवस के रूप में भी मनाते है। वाल्मीकि रामायण संस्कृत में रचित एक महाकाव्य है जिसमे भगवान के जीवन की कथा है। वाल्मीकि समाज के लोग वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाते है। वाल्मीकि ने नारद के कहने पर अधर्म का मार्ग छोड़ धर्म के मार्ग को चुना और रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना की। यहां प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर से लक्ष्मण कुमार, शुभम वाल्मिकी, अर्जुन राजोरिया, विनोद कुमार, विनीत शर्मा, पुनीत, शिवम व आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

**मोरना।** नगर पंचायत भोकरहेड़ी में मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती प्रकटोत्सव को धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर चेयरमैन सरला देवी द्वारा महर्षि वाल्मीकि की पूजा कर व फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिक. ारी मनीष कुमार ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों और समाज में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत की महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान के लिए अध्यक्ष सरला देवी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लिपिक संजीव कुमार शील व सचिन वामन ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर और सशक्त बनाने की अपील की।

**खतौली।** नगर में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर देवीदास वाल्मीकि मंदिर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें रामायण पाठ, भजन संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरधना विधायक संगीत सोम ने भगवान वाल्मीकि जी की पूजा-अर्चना कर फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों ने विधायक का पगड़ी पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। शोभायात्रा देवीदास मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गोंकृबड़ा बाजार, जीटी रोड, इंदिरा मूर्ति, जानसठ तिराहा और भवानी मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में बैंड बाजों और छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सुंदर-सुंदर भगवान श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान आदि की सुंदर झांकियां नगर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में आखिरी रथ पर भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा को लिए मंदिर के पुजारी विराजमान थे।नगर पालिका द्वारा मार्गों पर विशेष सफाई व्यवस्था की गई, वहीं शोभायात्रा की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस अवसर पर सभासद प्रताप वाल्मीकि, विनोद कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।वहीं दूसरी ओर गांव भैंसी स्थित वाल्मीकि बस्ती के मंदिर प्रांगण में भी आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ समाज के लोगों ने भक्ति भाव से भागीदारी की।कार्यक्रम में चेतन वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, ब्रजपाल वाल्मीकि सहित समस्त समा. जजन उपस्थित रहे।

### आरव ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता

बुढ़ाना। मध्य प्रदेश के जनपद उज्जेन में भारतीय युवा खेल विकास महासंघ संगठन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय राज्य स्तरीय खेल के 5वें फेडरेशन कप में बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के चन्धेडी गांव के होनहार छात्र आरव चौधरी ने जहां एक और पहली प्रतियोगिता में एक सौ मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीता वहीं दूसरी और दूसरी प्रतियोगिता में 1600 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर बुढ़ाना क्षेत्र का नाम मध्य प्रदेश में रोशन किया। आज मंगलवार की देर शाम मध्य प्रदेश से दोनों पदकों को अपने कब्जे में कर अपने गांव पहुंचे चैतन्य टेक्नो स्कूल बुढ़ाना के छात्र आरव का गांव चंधेडी में फूल मालाओं से भव्य स्वागत हुआ। आरव ने अपने कोच उत्तम विश्नोई के सहयोग की जमकर तारीफ की। रिटायर्ड एडीओ स्वर्गीय राजवीर सिंह महले परिवार के बच्चे आरव ने दोनों पदक जीतकर अपने बाबा को भी याद किया। यहां प्रधान पुरुषोत्तम, दिनेश कुमार, सुनील कुमार महले, भाई यश कुमार, दिनेश कुमार, बाबा विनोद चौधरी, संदीप कुमार, धर्मेंद्र महले, ताऊजी सुनील कुमार महले, कालू पंवार, ऋषिपाल, पंकज, रवि मास्टर, शीशपाल पंवार, प्रदीप, सर्वोत्तम कुमार, पापा कविंद्र महले, माता रुबी चौधरी, राम सुमन, गौरव महले, सुनीत और चांदवीर आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला ने तीन बच्चों को जन्म दिया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के जिला संयुक्त चिकित्सालय में सोमवार को एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म देकर सभी को चौंका दिया। चिकित्सकों की सूझबूझ और कड़ी मेहनत से प्रसव के दौरान जच्चा पूरी तरह स्वस्थ है, जबकि तीनों नवजातों को कमजोरी के चलते मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। एक साथ तीन बच्चों के जन्म की खबर से परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

थानाभवन क्षेत्र के गांव जन्नीपुर निवासी प्रियंका पत्नी जोगिन्द्र को प्रसव पीड़ा होने पर गत सोमवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती के बाद महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक डॉ. मन्दा मलिक व एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. तिलक ने स्थिति को देखते हुए पहले ऑपरेशन की तैयारी की, लेकिन तत्परता और अनुभव के चलते उन्होंने सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) कराने में सफलता प्राप्त की। प्रसव के दौरान प्रियंका ने तीन बच्चों जिसमें दो बेटियों और एक बेटे को जन्म दिया। तीनों शिशु जन्म के समय कमजोर पाए गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर देखभाल के लिए मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, फिलहाल मां की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। जन्नीपुर गांव में इस खबर से परिजन और ग्रामीण बेहद उत्साहित हैं। परि. जनों ने जिला अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ का आभार जताया, जिनकी मेहनत और सतर्कता से प्रसव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वही एक साथ तीन बच्चे पाकर परिवार ने मिठाईयां बांटी है।

## कांग्रेसियों ने मनाई वाल्मीकि जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** उत्तर-प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी के शामली जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान के नेतृत्व में कस्बे के खुरगान रोड निकट चांद मस्जिद स्थित संगठन के कैंप कार्यालय पर आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ में मनाई गई। इस दौरान महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण करके विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा महर्षि वाल्मीकि ने करोड़ों लोगों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। उनके जीवन से हमें सीख लेने की आवश्यकता है। जिला उपाध्यक्ष शमशीर खान ने कहा रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। ऐसे महापुरुष को हम हृदय की गहराइयों से नमन करते है। सुहैब खान, हयात खान, नदीम एड., प्रताप सिंह, जावेद, साबिर, आलिम, जुनैद आदि मौजूद रहे।

# डिलीवरी को लेकर छह माह बाद हंगामा

## आरोपः महिला की हालत नाजुक, डिलीवर में हुई थी लापरवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** करीब 6 माह पूर्व डिलीवरी के दौरान चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन में की गई लापरवाही से परेशान परिजनों ने शहर के करनाल रोड़ स्थित हॉस्पिटल में हंगामा किया। उन्होने चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने के कारण महिला की हालत नाजुक होने पर कार्यवाही की मांग की। गत करीब 6 माह पूर्व क्षेत्र के गांव बंतीखेडा निवासी शालू पत्नी विक्की को शहर के करनाल रोड स्थित आस्था नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। यहां महिला ने ऑपरेशन से एक पुत्री को जन्म दिया था। जिसके बाद परिजन जच्चा और बच्चा को साथ ले गए थे।आरोप है कि करीब दो महीनों के बाद ही महिला को पेट में दर्द होने लगा, जिसके बाद परिजनों ने निजी अस्पतालों में काफी ईलाज कराया, लेकिन कोई आराम न लगने पर





अल्ट्रासाउंड और सिटी स्कैन कराया गया, जिसके बाद महिला के पेट में पटटी छोडे जाने की पुष्टि हुई। परिजन दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचे और आरोप है कि चिकित्सक ने दोबारा ऑपरेशन कर दिया, लेकिन फिर भी आरोप न लगने पर तीसरे बार ऑपरेशन किया गया। बाद में महिला की स्थिति में कोई सुधार न होने पर उसको मेरठ में भर्ती कराया गया है। परिजनों ने बताया कि फिलताल महिला की हालत नाजुक है और यह चिकित्सक की लापरवाही से हुआ है। उन्होने मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। वही हॉस्पिटल इंचार्ज डा। आरके ढाका का कहना है कि महिला जिला अस्पताल में भर्ती है, जहां के चिकित्सक से बात हुई है। उसकी चेस्ट में इंफक्शन है, जो ठीक हो जाएगा। आरके ढाका ने परिजनों को भी समझा बुझाकर शांत किया। बाद में परिजन अनहोनी होने पर कार्यवाही कराने की बात कह गए है।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन में साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद शामली में आमजन को जागरुक करने हेतु प्रतिदिन की जा रही कार्यवाही।

पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एनपी सिंह के निर्देशन में अक्टूबर माह में National Cyber Security Awareness Month NCSAM के अंतर्गत साइबर जागरूकता अभियान पूरे जनपद में लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी थानों द्वारा ग्राम, मोहल्ला, नगर पंचायत, रेलवे स्टेशन, स्कूल एवं कॉलेजों में साइबर सुरक्षा कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं और नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य और प्रमुख बिंदु-आम जनता को तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित रहने के उपाय बताना, ऑनलाइन फ्रॉड जैसे निवेश, बीमा, बिजली बिल, फर्जी चालान, गलत ट्रांजेक्शन, सोशल मीडिया हैकिंग आदि से बचाव के उपाय बताना। किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड के होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन और बलइमतबतपउम।हवअ।पद पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने के लिए नागरिकों को प्रेरित करना। इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण पहल साइबर चौपाल एक्सप्रेस मोबाइल वैन है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को सीधे-सीधे साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रदान करती है। यह वैन लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया खतरों, फर्जी ट्रांजेक्शन और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के बारे में जागरूक करती है। नागरिक यहां पहुंचकर अपने सवाल पूछ सकते हैं और सुरक्षा संबंधी सलाह भी प्राप्त कर सकते हैं।





साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा पूरे शामली शहर में आडियो वैन चलाई गई। इस वैन में साइबर जागरूकता से सम्बन्धित आडियो संदेश चलाए गए, ताकि नागरिकों को ऑनलाइन खतरों और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे ऑनलाइन गतिविधियां करते समय सतर्क रहें और अपने बच्चों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की शिक्षा दें। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और सभी थाने लगातार लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का कार्य करते रहेंगे, ताकि जनपद के प्रत्एक नागरिक तक साइबर सुरक्षा की जानकारी पहुंच सके।

## एक नजर

### 192 ग्राम चरस के साथ दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। मंगलवार की शाम करीब चार बजे पुलिस ने भैसानी इस्लामपुर निवासी अरशद पुत्र सई मोहम्मद को 192 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया।थानाध्यक्ष थानाभवन ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से नशे की भारी मात्रा कृ 192 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह लंबे समय से क्षेत्र में नशा सप्लाई करने का काम कर रहा था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, थानाभवन पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### किशोरी गायब ,महिला एवं युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने उसकी नाबा. लिग पुत्री को एक पड़ोसी महिला वह एक युवक पर गायब करने का आरोप लगाया है पुलिस ने दोनों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक व्यक्ति ने विगत सोमवार को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि बीते 18 सितंबर को उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से गायब हो गई थी। पीड़ित द्वारा रिश्तेदारियों सहित आसपास के स्थानों पर तलाश किया गया मगर कहीं भी उसकी पुत्री का सुराग नहीं लगा। पीड़ित को जानकारी हुई कि उसके पड़ोस की रहने वाली समरीन ने कादिर नामक युवक के साथ मिलकर उसकी पुत्री को कहीं गायब कर रखा है। पीड़ित को डर है कि कहीं उसकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना ना घटित हो जाए। पीड़ित व्यक्ति ने महिला व युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने महिला समरीन में कादिर के विरुद्ध मुक. दमा दर्ज करते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### राव महताब बने रालोद के कैराना विधानसभा उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना निवासी राव महताब सामाजिक कार्यों में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और गांव सहित आस-पास के क्षेत्रों में उनकी अच्छी खासी पकड़ मानी जाती है। वे युवाओं, किसानों और व्यापारियों के बीच खासे लो. कप्रिय हैं। पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सनोज चौधरी के अनुसार, राव महताब न सिर्फ राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित हैं, बल्कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।उपाध्यक्ष पद की घोषणा होते ही चौसाना गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने राव महताब का फूल-मालाओं से स्वागत किया और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य जुलूस निकाला गया। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए और ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर राव महताब ने कहा कि वे पार्टी द्वारा दिए गए इस विश्वास को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करेंगे और हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे।

### समय निकालकर पुण्य अवश्य कमाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने कहा कि जीवन में हर व्यक्ति कुछ न कुछ कमा रहा है, लेकिन धन-दौलत कमाने का एक निश्चित समय होता है। जैसे सुबह 8-9 बजे से रात 7-10 बजे तक। उन्होंने कहा कि यह पंचम काल का सबसे बड़ा चमत्कार है कि आज के व्यस्त समय में भी यदि व्यक्ति एक घंटा निकालकर दिव्य ज्ञान और प्रवचन सुनने आता है, तो यह स्वयं में महान पुण्य है। मुनिराज ने कहा कि जैसे धन कमाने का समय सीमित होता है, वैसे ही रिश्तों को निभाने और परिवार का संचालन करने की भी एक सीमा होती है। लोग आज मोह, ममता और अमर भाव की मजदूरी में जीवन भर जुटे रहते हैं। उन्होंने बताया कि पुण्य और पाप की कमाई निरंतर चलती रहती है चाहे व्यक्ति जाग रहा हो, सो रहा हो, बैठा हो या चल रहा हो। कर्मों का यह लेखा कभी नहीं रुकता। यह संसार का स्वाभाविक नियम है कि जहां पुण्य होता है, वहीं पाप भी होता है। मौके पर सविता जैन, सीमा जैन, रेखा जैन, मोहित जैन, अरुण जैन, मनीष जैन, अनिल जैन, आशी जैन, सुमित्रा जैन, रीतु जैन, आदि मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल में बाइक चोरों का आतंक चरम पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में सुरक्षा व्यावस्था को लेकर आए दिन सवाल उठते रहते है। कभी चिकित्सकों पर हमला तो कभी जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों पर पुलिस की मौजूदगी में ही लाठी डंडों से हमला बोल दिया जाता है, लेकिन वहां तैनात पुलिसकर्मी कुछ नही कर पाते है। वही दूसरी ओर बाइक चोरों का आतंक भी सामने आ रहा है। बाबरी थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर निवासी लोकेन्द्र कुमार पुत्र इन्द्रपाल अपनी स्पलेंडर बाइक से जिला अस्पताल में बेटे आरव का सिटी स्कैन कराने के लिए पहुंचा था। पीडित ने जिला अस्पताल के गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों के सामने ही अपनी बाइक को खडा किया, लेकिन चोर बाइक को पुलिस के सामने ही चुरा ले गए। लोकेन्द्र सिटी स्कैन कराने के बाद वापस पहुंचा तो बाइक चोरी होने से उसके होश उड गए। पीडित ने पुलिसकर्मियों से सीसीटीवी कैमरों की जांच कराने का कहा तो वहां तैनात पुलिसकर्मी ने पहले लिखित शिकायत करने की बात कही। जिला अस्पताल से इससे पूर्व भी बाइक चोरी, जेबकतरी आदि की घटनाऐं हो चुकी है, लेकिन पुलिस चोर को गिरफ्तार करने में नाकाम है।

# लोन के नाम पर ठगी, पैसे मांगने गए तो कर दी मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** ग्राम नोजल में लोन दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। बताया गया कि सोमवार शाम लगभग 8रू15 बजे प्रार्थी अनुज व विक्की पुत्र सकूट तथा सुशीला पत्नी रामपाल निवासी ग्राम नोजल, अपने रूपए मांगने शुभम पुत्र कुलदीप, अभिषेक व आसू पुत्र पूरण सिंह के घर गए थे। आरोप है कि इन युवकों ने लोन करवाने के नाम पर उनसे रूपए लेकर धोखाधड़ी की थी। जब पीड़ित अपने 40,000 रूपए मांगने पहुंचे तो उन्होंने गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। झगड़े में प्रार्थियों को चोटें आई और उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाकर भागने के बाद डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पीड़ितों का आरोप है कि ए लोग लोन दिलाने के नाम पर लोगों से रूपए लेकर ठगी करते हैं और बाद में धमकाकर पैसे हड़प लेते हैं। पीड़ितों ने थाना भवन पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर अपने रूपए व ब्याज वापस दिलाने की मांग की है।

# महिलाओं को सिखाया सेल्फ डिफेंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महिलाओं व बालिक. ाओं को सिखाए सेल्फ डिफेंस के गुर महिला कल्याण विभाग ने मिशन शक्ति 5।0 के तहत जिले में अभियान चलाकर 10 पंचायतों में सेल्फ डिफेंस के प्रति जागरूकर चलाया। जिमसें महिलाओं एवं बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस क्या होता है इसके बारें विस्तारपूर्वक बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधानों द्वारा की गई। इस अभियान के तहत विभागीय योजनाओं एवं कार्यकर्मों के प्रचार प्रसार तथा विभागीय योजनाओं में पात्र व्यक्तियों के आवेदन पूर्ण कराए गए। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में भी बताया गया।अभियान में महिला कल्याण विभाग द्वारा 10 टीमें गठित कर ग्राम पंचाययों में सेल्फ डिफेंस प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया गया। महिला कल्याण की गठित टीमों ने जानाकारी देते हुए बताया कि सेल्फ डिफेंस का मतलब अपने आपको किसी भी खतरे के समय कैसे बचाया जाए।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग पुलिस विभाग व अन्य विभागों ने भी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी एवं पात्र लाभार्थियो के योजनाओं आवेदन भी कराए गए। इस कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकत्री, बी सी सखी, लेखपाल ए एन एम, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की टीम द्वारा एंटी रोमियो अभियान,विषेश किशोर पुलिस ईकाई पुलिस की कार्यप्रणाली एवं हेल्पलाइन नम्बर 1090 एवं 112 की महत्ता बताई गई। महिला कल्याण द्वारा बनाई गई टीमों ने विभागीय योजनाओं जैसे- निराश्रित पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना,कानूनी आर्थिक सहायता इत्यादि के बारे में जानकारी देते हुए पात्र आवेदकों से आनेदन कराए। इसके अलावा विभिन्न टोल फी हेल्पलाइन नंबर जैसे 1098, 181,1930, 101,102,108,इत्यादि के बारे में बताया गया। उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को बताया गया कि कोई भी पीडित महिला वन स्टॉप सेंटर पर उपस्थित होकर अपनी समस्या का सामाधान करा सकती है। वन स्टॉप सेंटर जरूरतमंद महिलाओं हेतू 10 दिवस का अल्पावास भी उपलब्ध है।



# झिंझाना में महर्षि वाल्मीकि जयंती शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा प्राचीन वाल्मीकि मंदिर से बैंड बाजों और ढोल नगाड़ों के साथ प्रारंभ होकर कस्बे के मेन बाजार, डेरी चौक सहित प्रमुख मार्गों से होती हुई अलीनगर रोड स्थित बड़े वाल्मीकि मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान जयंती कमेटी द्वारा मुख्य अतिथियों का पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समाजसे. वियों ने शोभायात्रा के दौरान पुष्प वर्षा की तथा हलवा व केले का प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शोभायात्रा में भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप, भाजपा नेता अमित गोयल, समाजसेवी रामप्रसाद वाल्मीकि, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय बंसल, एडवोकेट राकेश सैनी, भाकियू जिला उपाध्यक्ष बिल्लू राणा, कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार, पूर्व जिलामंत्री पाल आर्य, आशीष मित्तल, विनोद संगल, सतीश कश्यप, राहुल देव गुप्ता, अमित फौजी, डॉ। रामनिवास आदि मौजूद रहे। आयोजन में वाल्मीकि समाज के प्रधान आनंद चंचल, रवि गहलोत, भारत गहलोत, किशनलाल, नीरज चौहान, रमन गहलोत, अमित मचल, प्रदीप घावरी, गौतम चौहान, भानू, अर्जुन घावरी, पप्पू गहलोत, अशोक, सोहनलाल फौजी, जगदीश आदि का विशेष सहयोग रहा।



# वाल्मीकि मंदिर रोड का नाम महर्षि वाल्मीकि जी के नाम पर होगा: सुरेश राणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के मोहल्ला रेत्ती में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूम धाम से मनाई गई। जयंती में सर्वप्रथम हवन पूजन किया गया।उसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर मे जयंती शोभायात्रा निकली गई। जिसका शुभारम्भ पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाल्मीकि मंदिर तक बनने वाली रोड का नाम महर्षि बाल्मीकि जी के नाम पर ही होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी द्वारा प्रदेश मे जयंती पर अवकाश की घोषणा करने पर बधाई दी।

नगर के मोहल्ला रेत्ती मे महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर बोलते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामचरितमानस की उत्पत्ति की थी उन्हीं को आदर्श मानते हुए प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार ने उनके सपने को साकार करते हुए अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर प्रदेश सरकार काशी विश्वनाथ के बाद अब मथुरा में भी कॉरिडोर निर्माण करने जा रही है। रामायण के निर्माण से ही हम वर्ष में एक बार रामलीला महोत्सव मनाते हैं सनातन धर्म की यह प्रचार भी है प्रचार भी है और हमारे पूर्वजों का सिद्धांत और हमारी सस्कृति का भी दर्शन होता है । उन्होंने कहा कि कॉलोनी में स्वच्छ जल के लिए टंकी का निर्माण कराया गया है वही कानूनगो कार्यालय से वाल्मीकि मंदिर तक सड़क का निर्माण प्रारंभ कराया जा रहा है जिसका नाम महर्षि वाल्मीकि जी के नाम पर होगा। नगर में शोभायात्रा का आयोजन ढोल नगाड़ों व भव्य झांकियां के साथ किया गया। शोभायात्रा नगर के बाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होकर चरथावल बस स्टैंड शामली बस स्टैंड चौक बाजार घास मंडी मेला ग्राउंड मोहल्ला खेल टंकी रोड आदि से होते हुए अपने पूर्व प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा का नगर में पुष्प वर्षा कर नागरिकों ने स्वागत किया। इस दौरान मार्ग में कई स्थानों पर जलपान की व्यवस्था की गई थी।

जयंती समारोह में संजय शर्मा, संजय डिमांरिया, दीपक लाम्बा, संजय कश्यप, रामस्वरूप वाल्मीकि, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, विनोद सैनी, महावीर पाल, सुभाष चन्द्र, राजकुमार, शुभम, सुमित, सागर, आकाश आदि मौजूद रहे।

# तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, लगाकर की डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा एलम में तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण कार्य एवं नगर पंचायत प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए डीएम शामली को शिकायत भेजी है। शिकायत में कहा गया है कि खसरा संख्या 1028, जो राजस्व रिकॉर्ड में तालाब के रूप में दर्ज है, उस पर कुछ लोगों द्वारा नगर पंचायत की शह पर कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कस्बा निवासी सोनू पंवार, दीपक, विकास, नितिन, अर्जुन सहित कई लोगों ने बताया कि यह तालाब वर्षों से गांव की पहचान रहा है और बरसाती पानी का प्रमुख स्रोत है। तालाब के चारों ओर की भूमि जल संचयन और पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाती है, लेकिन अब कुछ लोगों ने प्रशासनिक अधिका. रियों की मिलीभगत से उस पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। पीड़ितों का कहना है कि पूर्व में सहारनपुर मंडल आयुक्त को दी गई शिकायत के बाद मौके पर लेखपाल ने जांच की थी और अवैध निर्माण को तत्काल रुकवा दिया गया था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि मंगलवार से निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो गया।आरोप लगाया कि यह सब नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी और चेयरमैन की जानकारी में हो रहा है, जिससे पूरे मामले में प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। निवा. सियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि तालाब की भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए और संबंधित अधिका. रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो वे धरना-प्रदर्शन और आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।



## पति पर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट करते हुए घर से निकलने का आरोप लगाया है महिला ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी महिला सानिया ने बताया कि उसकी शादी गांव निवासी जावेद के साथ हुई थी पीड़ित का आरोप है कि पीड़िता ने प्रेम विवाह किया था। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति आए दिन मारपीट करते हुए पीड़िता को परेशान करता है। पीड़ित महिला ने पति पर मारपीट करते हुए घर से निकलने का आरोप लगाकर उसके विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला को जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एसपी ने पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था का लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने सोमवार देर रात्रि को शहर कोतवाली क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शामली समेत पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा।

एसपी एनपी सिंह ने मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से बात. चीत कर उनकी समस्याएं जानीं और कहा कि जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पैदल गश्त से न केवल अपराध पर अंकुश लगता है बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने पुलिस बल को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाते रहें ताकि असामा. जिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण बना रहे। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शामली को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अराजकता, अपराध या शांति भंग करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# सलमान की पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** चार दिन पूर्व अपने मासूम बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाले युवक सलमान की पत्नी व उसके प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। सलमान के पिता ने मृतक की पत्नी व एक अन्य महिला समेत छह लोगों के विरुद्ध अपने पुत्र को आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।

विगत शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी सलमान ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ मे यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। घटना से पूर्व उसने तीन अलग-अलग वीडियो बनाकर कैराना निवासी अपनी विवाहित बहन के व्हाट्सएप पर भेजे थे, जिसमें उसने पत्नी खुशनुमा तथा एक अन्य महिला समेत कई लोगो पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अपनी तथा बच्चों की मौत का जिम्मेदार ठहराया था। मामले में सलमान के पिता शफीक ने कोतवाली पर मृतक की पत्नी खुशनुमा, मोहल्ला खैलकलां कैराना निवासी हारुण व जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना थानाक्षेत्र के गांव जौला निवासी इंतजार, साबिर व इस्तकार तथा अंजुम नामक महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए विवश करने का अभियोग पंजीकृत कराया था। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने मामले में नामजद कराए गए खुशनुमा व साबिर निवासी ग्राम जौला थाना बुढ़ाना जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया। खुशनुमा मृतक सलमान की पत्नी है, जबकि साबिर खुशनुमा का प्रेमी बताया गया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को चालान करके जेल भेज दिया है।

## पांच जिंदगियां निगल गई बेवफाई, अब मास्टरमाइंड के दुबई भागने की चर्चाएं तेज

**सालिम अंसारी**

**कैराना।** पत्नी की बेवफाई से आहत होकर चार बच्चों संग यमुना नदी में छलांग लगाने वाले पिता की दर्दनाक घटना के बाद अब इस त्रासदी के कथित मास्टरमाइंड माने जा रहे युवक के दुबई भागने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। पूरे कस्बे में इस मुद्दे को लेकर लोगों में गहरा गुस्सा और आक्रोश व्याप्त है। गत शुक्रवार दोपहर मोहल्ला अफगानान निवासी सलमान (38) पुत्र शफीक ने मौत से पहले तीन भावुक वीडियो बनाकर अपना दर्द बयां किया था। वीडियो में उसने अपनी पत्नी समेत आधा दर्जन लोगों पर मानसिक प्रताड़ना देने और आत्महत्या के लिए विवश करने का आरोप लगाया था। तीनों वीडियो उसने अपनी बहन गुलिस्ता को भेजे थे।कुछ घंटे बाद ही सलमान ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ यमुना नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वीडियो वायरल होने के लगभग 24 घंटे बाद सर्च अभियान शुरू हुआ। तीन दिन की तलाश के बाद सलमान और उसकी बड़ी बेटी महक का शव घटना स्थल से करीब 15 किलोमीटर दूर यमुना नदी से बरामद हुआ, जबकि पांच दिन बीत जाने के बावजूद तीनों बच्चों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना के संबंध में मृतक के पिता शफीक ने थाना कैराना में तहरीर देकर पत्नी सहित एक अन्य महिला और चार अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। उधर, कस्बे में इस हृदयविदारक घटना के कथित मास्टरमाइंड हारून के दुबई भागने की खबरों ने सनसनी फैला दी है। सूत्रों के अनुसार, हारून मृतक सलमान को लगातार फर्जी मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकियां दे रहा था। बताया जा रहा है कि इन्हीं मानसिक दबावों और तनाव के चलते सलमान ने यह चरम कदम उठाया, जिसने एक ही परिवार की पांच जिंद. गियां लील लीं।

**गुनहगारों पर कठोर कार्रवाई की मांग**-सलमान द्वारा उठाए गए इस दिल दहला देने वाले कदम के बाद कस्बे में गुस्से और शोक की लहर दौड़ गई है। लोगों का कहना है कि पांच मौतों के जिम्मेदार गुनहगारों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि यह घटना भविष्य में किसी के लिए नजीर बन सके।

# चालक ने किनारे खड़े वाहनों को मारी टक्कर






**शामली।** एक तेज कार चालक ने लावरवाही से सडक पर खडे लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। यही नही आरोपी कार चालक ने मौके से भागने का प्रयास करते हुए कई लोगों को और टक्कर मारकर घायल कर दिया गया। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में लिया है। वही घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मंगलवार को शहर के माजरा रोड निवासी विजय पुत्र सोमपाल शहर के भैंसवाल रोड पर खडा था। बताया जाता है कि इसी दौरान तेज गति लापरवाही से कार चलाते हुए आ रहे एक युवक ने सडक पर खडे विजय को टक्कर मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया। हादसे के बाद आरोपी ने भागने का प्रयास किया तो वहां खडे अन्य लोगों और छोटे बच्चों को भी चपेट में ले लिया, जिसके बाद अफरा तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना थाना आदर्शमंडी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी कार चालक का पीछे करते हुए शहर के भिक्की मोड़ से दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने बीच रास्ते में भी कई लोगों को टक्कर मारी, लेकिन गनीमत रही कि लोग बाल बाल बच गए। हादसे में साजिद व वसीमा तथा दो छोटे बच्चे अरहान व हामिया घायल हुए है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां विजय की दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पकडे गए कार चालक ने अपना नाम अजीत पुत्र मांगेराम निवासी मुंडेट बताया है। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# जनपद में महर्षि वाल्मीकि जयंती को भव्यता से मनाया गया








**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** शासन के निर्देशों के क्रम में आज महर्षि वाल्मीकि जी की जयन्ती के पावन पर्व पर वाल्मीकि रामायण पाठ का भव्य कार्यक्रम का आयोजन माननीयों एवं सम्बन्धित अधिकारीगणों की उपस्थिति में जनपद-शामली के समस्त विकासखण्डों के अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में एवं नगर निकायों में स्थित महर्षि वाल्मीकि जी के मन्दिरों में किया गया। इसी क्रम में विकास खण्ड शामली के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खेड़ीकरमू दिल्ली रोड स्थित महर्षि वाल्मीकि जी मन्दिर के प्रागण में महर्षि वाल्मीकि जी जयन्ती के आयोजन के शुभ अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रेम चन्द, ब्लॉक प्रमुख शामली जयदेव मलिक, खण्ड विकास अधिकारी शामली नाथूराम,ग्राम प्रधान एवं अन्य द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी के मंदिर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके पश्चात विधिवत हवन पूजन कार्यक्रम किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपने संबा. ेधन में जिला विकास अधिकारी प्रेमचन्द ने कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती को आज संपूर्ण प्रदेश में हर्षोल्लास साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने अपने संबा. ेधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन से उनके अच्छे कर्मो से बहुत कुछ सीख सकते हैं।उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महर्षि वाल्मीकि वैदिक काल के महान ऋषियों में आते हैं।महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि के नाम से भी जाना जाता है,उनके द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध कालजई कृति रामायण महाकाव्य सामाजिक मूल्यों,मानव मूल्यों एवं राष्ट्र मूल्यों की स्थापना का आदर्श है।आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख शामली द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने इतना बड़ा महाकाव्य दिया जो लोगों को सत्य एवं कर्तव्य परायणता पर चलने का मार्ग दिखाता है।आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर खंड विकास अधिकारी नाथूराम, ग्राम सचिव नरेंद्र सरोहा, ग्राम प्रधान सुनीता देवी,के अलावा लोकेश कुमार, रणदीप मलिक, सचिन, लोकेंद्र, पप्पू, सहदेव, राजेन्द्र, शिवकुमार सहित पंडित शोभित शास्त्री आदि ग्रामवासी उपस्थित रहें। इसके अलावा नगर पंचायत बनत द्वारा तहसील परिसर के मंदिर में ष्रामायणष रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के शुभ अवसर पर रामायण पाठ एवं अन्य आयोजन मनोज पंडित के द्वारा किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया जिसमें एसडीएम सदर मती अर्चना शर्मा एवं ओमसिंह कश्यप, बिजेंद्र सिंह एडवोकेट, परवेश, शिवकुमार गौतम, राहुल कुमार, अमित कुमार, प्रताप तथा अन्य अधिवक्तागण तथा तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका शामली के अंतर्गत माननीय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अरविंद संगल की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी शामली द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम संपन्न कराया। इसके अलावा जनपद में सभी जगह महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर कार्यक्रम भव्य तरीके से संपन्न हुआ।

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में महर्षि वाल्मीकि की जयंती अत्यन्त धूमधाम और उल्लासपूर्वक मनाई गई, जिसमे आध्यात्मिकता, नैतिकता तथा संस्कारो से युक्त कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। मंगलवार को प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर दीपक जलाकर तथा पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कहा कि महर्षि वाल्मीकि प्रचेता के दसवें पुत्र थे। भगवान राम की कथा तथा उनके महान चरित्र से महर्षि वाल्मीकि ने रामायण ग्रन्थ के द्वारा हम सबको परिचित कराया। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि कहा जाता है। अपने वन गमन के समय भगवान राम इनके आश्रम में रूके थे तथा अपने वनवास के समय माता सीता भी इनके आश्रम में रही थी। जहां भगवान राम के दोनो पुत्र लव और कुश का जन्म हुआ था। महर्षि वाल्मीकि ने लव और कुश को समस्त प्रकार की विद्याओं के साथ धनुष विद्या का भी ज्ञान दिया था। मौके पर इस रिया विश्वकर्मा, निधि, पायल, सुभांषी, परी बालियान, सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, छवि शर्मा, नीतू अग्रवाल, ज्योति तायल, रामनाथ, शिव कुमार, फूल कुमार, महेश नारायण गौड मौजूद रहे।

**शामली।** नगर पालिका परिसर में मंगलवार को भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर हवन-यज्ञ एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविन्द संगल, विशिष्ट अतिथि तहसीलदार शामली मनोज दोहरे तथा ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने आहुति प्रदान दी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान वाल्मीकि के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने अपने ज्ञान और लेखनी से मानवता को धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया। उन्होंने समाज से आ]वान किया कि हम सबको उनके उपदेशों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव, सत्य और करुणा का प्रसार करना चाहिए। तहसीलदार मनोज दो. हरे ने कहा कि हिन्दू धर्म में ऋषियों और महापुरुषों की जयंती अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती है। महर्षि वाल्मीकि का नाम ऐसे ही पूजनीय विभूतियों में अग्रणी है, जिन्होंने रामायण जैसे महाकाव्य के माध्यम से पूरे विश्व को मर्यादा और धर्म का संदेश दिया। मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल सिंह, सभासद रोबिन गर्ग, विनोद तोमर, जेई कांत सिंह राणा, जेई हर्षित गर्ग, चन्द्र किशोर पटेल, अनिल कुमार शर्मा, लक्ष्मण सिंह, विनोद निर्वाल, मदनपाल, राकेश कुमार, अमित कुमार मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल शामली में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। जयंती का प्रारंभ प्रधानाचार्य संजय सैनी व मुख्य वक्ता अजेंद्र सिंह ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन कर किया।

शिक्षक योगेश कुमार, शिवानी शर्मा, प्रवेश शर्मा आदि ने अपने विचार रखें तथा उन्हें गीत और भजनों के माध्यम से उनके श्रेष्ठ कार्यों याद किया गया। प्रवेश शर्मा ने बताया कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर संसार को भाई का भाई से पिता का पुत्र के प्रति तथा पत्नी का पति के प्रति कैसा व्यवहार हो, इसको दर्शाया गया है। यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है। यह ग्रंथ में रिश्तो को किस निर्वाह किया जा सकता है यह बताता है। अपने अपने कर्तव्यों का पालन करना यह सीख भी है। प्रधानाचार्य संजय सैनी ने बताया कि यह एक धर्म ग्रंथ वाल्मीकि द्वारा लिखा गया है जो हमें धर्म के साथ-साथ मर्यादा में रहकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर आशीष जैन, मुकेश कुमार, आद. ेश धीमान, मोहित कुमार, विजेंद्र कुमार, शिव कुमार, सविता गुप्ता, इना गर्ग, रिचा संगल, रितु शर्मा, शालू चौहान आदि मौजूद रहे।

**शामली।** रामायण महाकाव्य के रचयिता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के जयंती के अवसर पर ग्राम सिक्का में हवन यज्ञ किया गया। इस दौरान गणमान्य लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। क्षेत्र के गांव सिक्का स्थित वाल्मीकि मंदिर में महर्षि वाल्मीकि के जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। हवन यज्ञ आयोजित कर महर्षि वाल्मीकि को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य उमेश कुमार ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन चरित्र अनुकरणीय है।

इस अवसर पर यज्ञ ब्रह्मा सजीव, रवि महरोल, जयवीर चेयरमैन, अरुण शर्मा, नईम, संदीप, पूर्व प्रधान देवेंद्र, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वेदपाल गहलोत, जयपाल गोमतीपुर, रामा जलालपुर, भारती, आशा, गीता देवी, पूजा, कोशल्या, मधु देवी आदि मौजूद रहे।

**शामली।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने गांव भैंसवाल स्थित वाल्मीकि मंदिर में प्रकटोत्सव समारोह का आयोजन किया। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि, जिन्हें आदि कवि के रूप में जाना जाता है, ने संस्कृत साहित्य के अमर ग्रंथ 'रामायण' की रचना कर मानवता को धर्म, नैतिकता और जीवन मूल्यों की अनुपम शिक्षा प्रदान की थी। उनकी शिक्षाऐ आज भी समानता और सम्मान की भावना को मजबूत करती हैं। समाजवादी अनुसूा. चत जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सलेक चंद ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी से हमे जीवन में सद्गुण अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष किरणपाल, विनोद बाल्मिकी, पप्पू वाल्मीकि, रामू वाल्मीकि, भूपेन्द्र सैनी, सतीश जलालपुर, बिट्टू प्रधान, खुशनूद, अमरदीप पंवार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के मौहल्ला नंद. ूप्रसाद स्थित वाल्मीकि मंदिर में महर्षि वाल्मीकि जन कल्याण समिति द्वारा भगवान वाल्मीकि का प्रकटोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जन कल्याण समिति द्वारा भगवान वाल्मीकि का प्रकटोत्सव के अवसर पर वाल्मीकि मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य यजमान पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल रहे। समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र ढीगान, घनश्याम पारचा, ओमदत्त गहलोत ने आहुति प्रदान की। इसके बाद आरती हुई और विचार गोष्ठी के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा गौशाला रोड, नाला पटरी पर भी हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर सनम डारिया, कमल डारिया, दिनेश गहलोत, प्रदीप टांक मायूस, विजय झंझोट, बादल गौतम, देवीदास धवन, मनीष गहला. ेत, संतोष बिडला, सुनील गहलोत, अमन, राजेश ढीगान, नीरज चंदेल, सुनील चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# ईस्सोपुरटील में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम किया आयोजित



**कांधला।** क्षेत्र के गांव ईस्सोपुरटील में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम ग्राम चौपाल मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई उपनिरीक्षक विक्रम भाटी ने की, जिनके साथ महिला पुलिसकर्मियों की टीम, एंटी रोमियो स्क्वॉड,महिला कल्याण विभाग, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक अध्यापक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं को महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, छेड़खानी, बाल अपराध और साइबर अपराध जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।इसके साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हित में चलाई जा रही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, वन स्टॉप सेंटर योजना, मिशन वात्सल्य योजना और स्पॉन्सरशिप योजना जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं को इन योजनाओं से जुड़ी अर्हताएं, आवेदन प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेजों के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर उपस्थित टीम ने 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 108 एंबुलेंस सेवा जैसे नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का तुरंत उपयोग करें। इस दौरान पुलिस टीम और दर्जनों महिलाएं कार्यक्रम में मौजूद रही।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आस मौहम्मद व पुत्रवधु साहिबा गलत संगत में पड़ गए हैं, मारपीट आदि करते रहते हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र आस मौहम्मद व पुत्रवधु साहिबा को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे समस्त संबंध विच्छेद कर रही हूं। भविष्य में अपने कृत्य के ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे, मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**हनीफा पत्नी स्व. शरीफ**
निवासी- ग्राम पटनी प्रतापपुर, झिंझाना, जिला शामली

# प्रधान ने आधा दर्जन पर 20 लाख हड़पने का लगाया आरोप

**कांधला।** ग्राम पंचायत कांधला देहात की ग्राम प्रधान ने एक महिला और उसके छह पुत्रों पर धोखाधड़ी कर 20 लाख रूपए हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रधान का कहना है कि जब उन्होंने रूपए वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।प्रधान सहिदा के अनुसार, जनवरी माह में अकबरी पत्नी बाबू खान ने उन्हें बताया कि वह अंबेहटा रोड पर स्थित अपने 734 गज के तीन प्लॉट बेच रही है। जानकारी लेने पर ग्राम प्रधान के पति चमन अली को पता चला कि अकबरी ने वर्ष 2023 में भी इसी भूमि के दो प्लॉट बेचकर उनके बैनामे करा दिए थे। इसके बावजूद दोनों पक्षों के बीच 734 गज भूमि का सौदा तय हो गया और एक साल के अंदर बैनामा कराने की शर्त पर स्टांप पेपर पर लिखापढ़ी कर ली गई।प्रधानपति चमन अली ने 20 लाख रूपए का भुगतान किया, जिसमें 10 लाख रूपए चेक द्वारा 20 जनवरी 2025 को पंजाब नेशनल बैंक, कांधला शाखा से यूसुफ उर्फ आसूं के खाते में भेजे गए, जबकि 10 लाख रूपए नकद अकबरी और उसके पुत्र को दिए गए।आरोप है कि मार्च 2025 के पहले सप्ताह में अकबरी के अन्य पुत्र क"यूम, मोमीन, शेरू, मुकीम और दोषी ने फोन कर उक्त प्लॉट की बिक्री से इंकार कर दिया। जब प्रधानपति ने अपने 20 लाख रूपए वापस मांगे, तो एक सप्ताह में लौटाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन बाद में रकम नहीं लौटाई गई।प्रधान सहिदा का कहना है कि बार-बार मांगने पर भी न तो पैसे लौटाए गए और न ही कोई स्पष्ट जवाब मिला।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम, संदीप हरियाणा ने अक्षय को हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चौसाना।** चार दिवसीय दुर्गा मन्दिर मेला गढी हसनपुर मे दूसरे दिन दंगल के आयोजन में पहलवानों ने अपने अपने दमखम दिखाएं। अक्षय निवासी निरपुडा व दीपांशु निवासी सांपला के मध्य कुशती सबसे रोमांचह रही है। जिसमे दीपांशु ने अक्षय को पटखनी देते हुए जीत हासिल की। गढी हसनपुर मे आयोजित चार दिवसीय दंगल के दूसरे दिन दंगल मे सैक्डो की संख्या मे दर्शक मौजूद रहे। जिनको नियंत्रित करने के लिए पुलिसबल लगाया गया था। इस दंगल मे बीस से अधिक कुश्तियां खेली गई। जिसमें 40 से अधिक पहलवानों ने अपना दम दिखाया। हिमांशु बडौत की कुशती अवि लुहारी के साथ बराबरी पर रही।निखिल-कुश बडौत की कुश्ती मे निखिल जीता,वारिश तसीपुर -साबिर रामडा की कुशती बराबरी पर रही,अक्षय -साबिर,अमन -रिहान की कुश्तियां बराबर पर रही। दीक्षित- हुसैन की कुश्ती मे हुसैन जीता। वही दूसरी कैफ गढी-हर्ष पिडौरा, अंशिक दथेडा-अविश बापौली,इंसार-संदीप हरियाणा,अजहर-काली मुंडैट,भोला कैराना-रितेश जसाला,अक्षय बडौत-रितिक,कुश -विक्रांत व कुणाल बराबरी पर रहें। आयुष मे कुणाल जीता। बता दे कि सबसे रोमांचक मुकाबला अक्षय व संदीप हरियाणा के बीच रहा। संदीप ने जीत के बाद दंगल के समस्त पहलवानों को लडने की चुनौती दी थी लेकिन कोई आगे नही आया। जीत पर संदीप को 5100 रू0 की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

# चोर को गिरफ्तार कर बाइक की बरामद

**बाईक चोर सहित वांछित वारंटी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाइक चोरी का चंद घंटो में पुलिस ने खुलासा कर बाईक सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार बाइक चोर सहित अन्य मामले में अदालत से गिरफ्तारी के लिए हुए जारी वारंटी को भी न्यायलय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सुनेहटी निवासी पंकज ने बताया कि मंगलौर रोड स्थित गांव अमरपुर नैन के मोड़ पर उसने बाइक खड़ी की थी। आरोप है कि इस दौरान किसी ने उसकी बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश प्रारंभ करदी। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को वाहन चौकिंग के दौरान राजबाहे की पुलिया पर जब एक बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया तो बाइक सवार भागने का प्रयास करने लगा। जिसे मामुली बल प्रयोग कर पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान गांव बीबीपुर निवासी नितिन उर्फ गुड्डू की हुई। जिसे न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उधर, पुलिस ने न्यायालय से जारी एनबीडल्यू वारंट के आधार पर बलवे के आरोपी गांव सांखन निवासी कुलदीप को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया वाल्मीकि प्रकटोत्सव

## उपजिलाधिकारी, पालिकाध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी ने महिला सफाई मित्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वाल्मीकि प्रकटोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। वाल्मीकि समाज द्वारा वाल्मीकि मंदिरों में हवन पूजन और श्री रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, पालि. कायक्षक, पालिका अधिशासी अधिकारी ने संयुक्त रूप से महिला सफाई मित्रो का माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

मोहल्ला नया बांस स्थित प्राचीन वाल्मीकि मंदिर में आयोजित हुए कार्यक्रम में समाज के लोगों ने भगवान वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर हवन किया। पूर्व सभासद राकेश गांगुली ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने भगवान राम के जीवन और कार्यों पर आधारित महाकाव्य रामायण की रचना की थी।





उन्होंने युवा पीढ़ी से महर्षि वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह व पालिका अधिशासी अधिकारी राजपति बैस ने महिला सफाई कर्मियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, हरिओम सिंघल, विकास चौधरी, अजय गांधी, दीपक मास्टर, दिनेश, सौरभ, सोनू झझरवाल, बिरला सूद, समिति अध्यक्षक कुलदीप लहरी, सफाई नायक देवानंद, दीपक चंचल, मनोज कुमार, सचिन कुमार, नरेंद्र कुमार आदि समाज के लोग शामिल रहे।

**धूमधाम से मनाई सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में वाल्मीकि जयंती**

**वहीं,** सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। शिक्षकों ने हवन कर देश में सुख, शांति, भाईचारे व सौहार्द की कामना की। प्रधानाचार्य रुपेश सैनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा लिखित महाकाव्य रामायण मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाता है। इस अवसर पर शिवकुमार सैनी, अनिता सैनी, वंदना ध्रुव, सुनीता चौधरी, निवेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार आदि छात्र व शिक्षक शामिल रहे।

# ई-रिक्शाओं के कारण ग्राहकों व दुकानदारों को हो रही असुविधा

**देवबन्द।** त्योहारों के अवसर पर बाजार में ग्राहकों की भीड़ लगी हुई है, लेकिन उन्हें खरीदारी के दौरान भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में दुकानो के सामने बाईको की लाइनो के लगने व ई-रिक्शा के कारण बाजारों में जाम की स्थिति बनी रहने से राहगिरो को आने जाने में भारी असुविधा होने के साथ ही ग्राहको को ही नहीं बल्कि दुकानदारों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

दीपावली एवं अन्य त्योहारों के चलते हर वर्ष की भांति इस बार भी बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है, लेकिन ई-रिक्शा के कारण बाजार में लगने वाले जाम से लोगों के साथ ही दुक. ानदारों भी परेशानी झेलने को मजबूर हैं, ई-रिक्शाओं के बाजार से गुजरने के कारण यहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एमबीडी चौक समेत अन्य स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात तो किए गए हैं, लेकिन वह केवल दिखावे के लिए ही हैं, लोग जैसे तैसे कर खुद ही इस समस्या से निजात पाने को मजबूर हैं। स्थानीय दुकानदार अरविंद कुमार, राकेश, ईसा, मरगूब आदि का कहना है कि बाजार में ई-रिक्शा के प्रवेश से दिनभर जाम की समस्या बनी रहती है, पूर्व में कई बार पुलिस प्रशासन से इनके बाजार में प्रवेश पर प्रतिबंध की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# भगवान को पाने के लिए उन्हें पुकारो व प्रतीक्षा करो: महाराज

**देवबन्द।** लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के सौजन्य में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने भगवान श्रीराम की वन यात्रा, भरत द्वारा महाराज दशरथ की अंत्येष्टि करना, राम भरत मिलन का सुंदर वर्णन किया। आचार्य ने वाल्मीकि जयंती की बधाई भी दी।मेपल्स एकेडमी के प्रांगण में कथा सुनाते हुए आचार्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने राम कथा रच कर रामराज्य के सूत्रों का निर्माण और राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्कर्ष का बीजारोपण किया और राम के चरित्र के माध्यम से उन्होंने मानव जीवन के सार्थक लक्ष्यो से अवगत कराया है। महाराज ने भरत की साधना का वर्णन करते हुए कहा कि उनकी कठिन साधना को देखकर बड़े-बड़े साधु संत भी उनके पास जाने से घबराते थे। भरत राम के वन गमन से इतने बेचौन हो जाते हैं कि राम से मिलने पूरी प्रजा के साथ चित्रकूट की तरफ चल दिए। वहां उनका भगवान से मिलन हुआ। कहा कि भगवान को पाने के लिए बस उन्हें पुकारो और प्रतीक्षा करो मैया शबरी, अहिल्या ने पूरे



जीवन भगवान की प्रतीक्षा की और अंतत:: भगवान ने उनके पास स्वयं जाकर उनको दर्शन दिए। मंगलवार को आध्यात्मिक गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम, राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह, उड़ीसा प्रदेश प्रभारी विजयपाल सिंह, कुलाचार्य संत कारंजेकर, महंत शिवानंद महाराज, आचार्य नवनीत लाल गोस्वामी, राज्यमंत्री केपी मलिक, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, विधायक राजीव गुंबर, विधायक मुकेश चौधरी ने देवबंद पहुंच कथा सुनी और आचार्य शांतनु महाराज का आशीर्वाद लिया।

# देवस्थान को लेकर हुए संघर्ष में दूसरे पक्ष की तहरीर पर मामला दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** देवस्थान बदलने को लेकर दो पक्षों के बीच पथराव फायरिंग की घटना में पुलिस ने दूसरे पक्ष की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है, अभी तक पुलिस ने प्रकरण में केवल एक ही गिरफ्तारी की है, जबकि फरार आरो. पियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

धर्मपुर गुर्जर गांव में महीपाल और सतीश पक्ष के बीच सैकड़ों वर्ष पुराने देवस्थल को बदलने को लेकर विवाद चल रहा है, यह विवाद सोमवार को संघर्ष में बदल गया, दोनों पक्षों के बीच पथराव फायरिंग हुई, जिसमें महीपाल का बेटा गौतम कंधे में गोली लगने से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल पक्ष के रवि की तहरीर पर सतीश, प्रशांत, अनुज, हर्षित व बलजोरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी, इसमें सतीश को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मंगलवार को पुलिस ने दूसरे पक्ष के सतीश की तहरीर पर राजेंद्र, यशपाल, रवि, बिजेंद्र और गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, आरोप है कि आरोपियों ने उस पर बलकटी से हमला किया, जिसमें वह घायल हो गया था। इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा, गांव में स्थिति सामान्य

# अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र कल्याण समिति के विक्की हल्दुवा अध्यक्ष व आकाश दीप महामंत्री बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अनुसूचित जाति जनजाति मेधावी छात्र कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष रामनाथ सिंह की अध्यक्षता एवं प्रवक्ता चंद्रहास सिंह के संचालन में सिंचाई विभाग में स्थित फिल्ड हॉस्टल में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने कहा था कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा। समिति बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एवं अन्य महापुरुषों के सिद्धांतों का अनुकरण करते हुए जनपद के मेधावियों को सम्मानित कर छात्रों में शिक्षा के प्रति सकारात्मकता उत्पन्न करने का कार्य कर रही है। वर्ष 2025 को ऐसे मेधावी जिन्होंने हाईस्कूल 70%, इंटरमीडिएट 70%, स्नातक एवं स्नातकोत्तर 60% से उत्तीर्ण की हो। साथ ही जिन छात्रों ने एमबीबीएस, एमएस, पीएचडी, नेट, जीआरएफ एवं पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की हो उन्हें 16 नवंबर को 23वां सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सर्व समिति से विक्की हल्दुवा को अध्यक्ष, महेन्द्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आकाश दीप को महामंत्री, देवेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष एवं प्रवक्ता चंद्रहास सिंह को मनोनीत किया गया। बैठक में समिति संस्थापक वरिष्ठ सदस्य जयराम सिंह, तेजपाल सिंह, उमेश कुमार एवं परवेन्द्र रायसान, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति



जनजाति जनजाति महासंघ के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र के राव, मंडल कोषाध्यक्ष डॉ. रामकुमार, जिलाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, जिला महामंत्री ओम प्रकाश सिंह, चंदू सिंह, राजेश कुमार रवि, सुरेश कुमार भारती, संजय कुमार, चरण सिंह, सुदेश चंद्रयाल, वीरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, रमाशंकर, सत्यपाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, नाहर सिंह आदि ने संबोधित किया।

# अंबेहटा पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ः एक हिस्ट्रीशीटर घायल

**अंबेहटा/सहारनपुर।** नकुड़ क्षेत्र में आज रात अंबेहटा चौकी पुलिस और दो बदमाशों के बीच जोरदार मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को गोली लगने से पैर में चोट आई, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार होने में सफल रहा। घायल बदमाश को इलाज के लिए नकुड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्धसीएचसीऋ में भर्ती कराया गया है।



घटना की जानकारी देते हुए नकुड़ क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया और थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी ने बताया कि आज रात अंबेहटा चौकी प्रभारी विकास चारण अपनी टीम के साथ गंगोह रोड पर गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गंगोह की ओर से एक बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने ढायकी की रोड पर बाइक से भागना शुरू कर दिया। पुलिस टीम ने पीछा किया तो बाइक पर सवार एक बदमाश ने पुलिस पर गोली चलाने का प्रयास किया। इसके बाद दोनों जंगल में छिप गए और वहां से पुलिस टीम पर फायरिंग की। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक गोली एक युवक के पैर में लग गई। घायल बदमाश की पहचान दीपा उर्फ दीपक कुमार पुत्र प्रमोद, निवासी ग्राम भैरमऊ, थाना नकुड़ के रूप में हुई है। दीपक नकुड़ कोतवाली का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में लूट, नकबजनी समेत करीब एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।मौके से पुलिस ने एक तमंचा, एक कारतूस, एक खोखा कारतूस और बरामद बाइक बरामद की है। दूसरा बदमाश जंगल की आड़ में फरार होने में कामयाब रहा, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**मुजफ्फरनगर।** नेपाल के जिला मोरंग के कस्बा विराट नगर निवासी श्रवण (26) गांव बिलासपुर में अबुल हसन के मुर्गी फार्म पर पिछले कई साल से काम करता था। वहां पर वह अपनी पत्नी के साथ रहता था। उसका ममेरा भाई भी वहां पर काम करता है। अलसुबह श्रवण का शव फार्म पर ही एक कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। इस बारे में उसकी पत्नी ने पुलिस को सूचना दी तो नई मंडी कोतवाली पुलिस ने पहुंच कर शव कब्जे में लिया। उधर अलमासपुर में 25 वर्षीय अंकित ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसका भाई अंकुर घर में नीचे कमरे में था। माता-पिता हिमाचल गए थे।उसके भाई को घटना के बारे में अलसुबह पता चला दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे है।

## कब्रिस्तान की भूमि पर चल रही आरा मशीन सील

**बिजनौर।** तहसील प्रशासन ने कब्रिस्तान भूमि पर अवैध रूप से संचालित आरा मशीन को सील कर दिया है। तहसील प्रशासन, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने बुल्डोजर के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। बुलडोजर के साथ तहसील प्रशासन को देखकर हड़कंप मच गया। काफी लोग मौके पर जमा हो गए। परगना, तहसील व जिला बिजनौर क्षेत्र के गाटा संख्या 3509, जो राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के नाम दर्ज भूमि है। शिकायतकर्ता ने कब्रिस्तान भूमि पर अवैध अतिक्रमण और आरा मशीन चलाए जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर तहसीलदार आशीष सक्सेना, नायब तहसीलदार सार्थक चावला, कानूनगो नरेश चावला, लेखपाल रजत चौधरी, ऋषभ सिंह, नपा के सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी और पुलिस की संयुक्त टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। बुलडोजर के साथ टीम को देखकर हड़कंप मच गया। टीम ने शिकायत के आधार पर स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान टीम ने पाया कि कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से आरा मशीन संचालित की जा रही थी। मौके पर मौजूद मशीन को टीम द्वारा तत्काल सील कर दिया गया।

## 2027 में बनेगी सपा सरकार : सालिम

**अफजलगढ़।** समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला सचिव यूथ ब्रिगेड मौहम्मद सालिम ने कहा कि आगामी 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की साइकिल तेजी से दौडेगी। कार्यकर्ता लोगों से मिलकर सपा की नीतियों और अखिलेश यादव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे है। उनके द्वारा युवाओं को सपा से लगातार जुड़ना ही इस बात को प्रमाणित करता है कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में अब और अधिक मजबूत होती जा रही है। उन्होंने बताया कि अब समय आ गया कि हम सबको मिलकर एक मंच पर आना है और विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए सर्व समाज के बीच पहुंचकर पार्टी की नीतियों और अपने मुखिया के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। ताकि सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनने वाली सरकार द्वारा प्रदेश को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके तथा प्रदेश में भारतीय संविधान के अनुरूप सर्व समाज को सम्मान मिले।

## माता रानी की चौकी सजाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** प्रजापति युवा संगठन द्वारा शारदीय नवरात्रों की चौदस पर में मौहल्ला मकबरा स्थित प्रजापति धर्मशाला में माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम ऑर्गेनाइजर कपिल कुमार द्वारा माता रानी का भव्य तथा सुंदर दरबार सजाया गया। माता की चौकी में पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा विधिवत रूप से माता की पूजा अर्चना कराई गयी, जिसके बाद माता की ज्योत प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। हिमांशु, अनुप और राहुल आदि द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों से माता रानी व अन्य देवी - देवताओं का गुणगान किया। शशांक म्यूजिकल ग्रुप द्वारा विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों से कार्यक्रम में संगीत दिया गया। कलाकारों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुंदर विद्युत साज सज्जा कराई गई। आरती के उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी श्रद्धालुओं ने मां भगवती के दरबार के समक्ष मत्था टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, सागर कुमार, प्रदीप कुमार, विपिन कश्यप, तरुण प्रजापति, दिनेश, ऋषभ, अंकित, आदित्य, रोहित, आयुष, नितिन, शानू, अभिनव एडवोकेट, हर्ष, तुषार आदि रहे।

# व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : अरुण वर्मा

**सम्मान और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हो**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। व्यापारी न केवल आर्थिक विकास में बल्कि सामाजिक संतुलन और रोजगार सृजन में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश की आर्थिक प्रगति में व्यापारियों का योगदान सर्वविदित है। इसलिए सरकार और प्रशासन को उनके हितों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित करनी चाहिए। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग हर परिस्थिति में देश की अर्थव्यवस्था को संभालता है। जब महामारी जैसी परिस्थितियां आई, तब भी व्यापारियों ने जनता की जरूरतों को पूरा किया और आर्थिक प्रवाह को बनाए रखा। उन्होंने कहा कि ऐसे समर्पित वर्ग को समाज में सम्मान और सहयोग की आवश्यकता है। क्योंकि व्यापारी देश की नब्ज को समझता है और जनता की जरूरतों से सीधा जुड़ा रहता है। व्यापारी वर्ग कर अदा कर देश को मजबूती देता है, फिर भी कई बार उन्हें अनावश्यक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर चिंता जताते हुए अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए



और उन्हें शीघ्र समाधान मिले। सरकार को चाहिए कि उनके लिए सरल कर प्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाजनक व्यापार माहौल तैयार करे, ताकि व्यापार और भी सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने कहा कि छोटे मध्यम और बड़े सभी व्यापारी एक साथ मिलकर देश की आर्थिक बुनियाद को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि व्यापारी वर्ग ही वह समुदाय है जो हर घर की जरूरतों को पूरा करता है। रोजगार देता है और समाज के विकास में योगदान करता है। इसलिए व्यापारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना समय की मांग है। अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग सिर्फ धन नहीं कमाता, बल्कि वह समाज को स्थिरता और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है, इसलिए हर सरकार और नागरिक का कर्तव्य है कि व्यापारी की सुरक्षा, सम्मान और हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## सामाजिक विघटन विषय पर चर्चा

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर एवं गुलाब सिंह हिंदू पी.जी. कॉलेज,चांदपुर के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के निर्देशन में समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'सोशल इश्यूज: कोसेज, कॉन्सेक्यूएंसेस एंड सॉल्यूशंस' विषयक छ: दिवसीय एड ऑन कोर्स के द्वितीय दिन गूगल मीट पर ऑनलाइन माध्यम से वक्तव्य दिया गया। मुख्य वक्ता डा. ज्ञानेंद्र ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक विघटन को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जब भी किसी समाज में अंत: क्रियाओं का व्यवस्थित क्रम टूटता है और जब सामाजिक संस्थाएं व्यक्तिगत और सामूहिक जीवन को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में सक्षम नहीं होती हैं, तो समाज में विघटन की स्थिति पैदा हो जाती है। इस दृष्टि से सामाजिक विघटन भी एक सापेक्ष धारणा है। किसी विशेष स्थिति को सामाजिक विघटन कहने से पहले यह देखना आवश्यक है कि उस समाज के तत्कालीन मूल्यों, आदर्शों, नैतिकताओं और कानूनों द्वारा किन व्यवहारों को मान्यता दी जाती है। यदि सामाजिक संतुलन बनाए रखने वाले मूल्यों और नियमों के उल्लंघन के कारण समाज का ढांचा टूट जाता है।

# डीएम ने की परीक्षा तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 को नकलविहीन, सकुशल और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस संग्राम सिंह सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को निर्देशित करते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदारी बहुत



अहम है, पूरी सजगता और संवे. दनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिन सेक्टर मजिस्ट्रेट्स कोषागार से प्रश्न पत्र प्राप्त करेंगे तथा परीक्षा के समय केंद्र में ही उपस्थित रहेंगे एवं परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को उन्हीं के द्वारा ट्रेजरी में जमा भी कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा केंद्रों में तैनात स्टाफ सहित सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए की परीक्षार्थियों को प्रवेश देने से पूर्व अच्छी तरह उनकी तलाशी ली जाए और किसी भी अवस्था में मोबाइल अथवा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश न करने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा पूर्ण सावधानी पूर्वक नकल विहीन तथा शांतिपूर्वक संपन्न कराने में अपनी भागीदारी निभाएं और संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया में आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में कोई भी व्यक्ति बिना शनाख्ती कार्ड के मौजूद नहीं रहना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों की तलाशी पुलिस कार्मिकों के साथ-साथ कार्यदाई संस्था के कार्मिक संयुक्त रूप से करें। उन्होंने बताया कि 12 अक्तूबर, 2025 को जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में 9624 परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होंगे। आयोग द्वारा प्रथम पाली की परीक्षा का समय पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 11:30 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जनरेटर की अतिरिक्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें तथा परीक्षा कक्ष की साफ-सफाई, रोशनी, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम FARAH से बदलकर FARAH ASIF NAVIWALA रख लिया है।
FARAH ASIF NAVIWALA
W/o ASIF MOHAMED IQBAL NAVIWALA
R/o OPPOSITE MOTOR DRIVING TRAINING CENTRE QASIMPURA ROAD NEAR EIDGAH MOHALLA KHANQAH DEOBAND (SAHARANPUR)

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम ASIF MOHAMEDIQBAL NAVIWALA से बदलकर ASIF MOHAMED IQBAL NAVIWALA रख लिया है।
ASIF MOHAMED IQBAL NAVIWALA S/o MOHAMED IQBAL ABDUL GAFFAR NAVIWALA
R/o OPPOSITE MOTOR DRIVING TRAINING CENTRE QASIMPURA ROAD NEAR EIDGAH MOHALLA KHANQAH DEOBAND (SAHARANPUR)

## कृष्णा के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने प्राचार्य डॉ. अंकित कुमार सैनी के निर्देशन में पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क, हरिद्वार का शैक्षिक भ्रमण किया।

इस पार्क में छात्रों ने फूड प्रोसे. सिंग और हर्बल उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग को देखा और समझा। यह अनुभव छात्रों के लिए अत्यधिक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा, जिससे उन्हें आयुर्वेद और हर्बल उत्पादों के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और प्रक्रियाओं के बारे में जानने का अवसर मिला। पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क का भ्रमण छात्रों के लिए एक अद्वितीय सीखने का अनुभव था।

जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों और उद्योग की चुनौतियों को समझने में मदद मिली। भ्रमण में प्रोफेसर मौहम्मद खालिद, दीपक गुप्ता, दीपिका पल और डॉ. अमन सिफत का विशेष योगदान रहा। कॉलेज संस्थापक राजीव कुमार, कॉलेज प्रबंधक मनोज कुमार, निद. ेशक पवन कुमार और डॉ. अंकित कुमार सैनी ने इस भ्रमण के आयोजन के लिए पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क हरिद्वार के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे शीर्ष पहलवान

**नई दिल्ली, वार्ता।** उत्तर रेलवे के तत्वावधान में अखिल भारतीय अंतर रेलवे कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन यहां करनैल सिंह रेलवे स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्घाटन आज सुबह उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने किया। यह प्रतियोगिता दिनांक 07 से 09 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन से आए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहलवान भाग लेंगे और अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

### मिमी रोड्स ऑर्डर ऑफ मेरिट के खिताब की तलाश में

**गुरुग्राम, वार्ता।** भारत में प्रमुख लेडीज यूरोपियन टूर इवेंट के रूप में, हीरो महिला इंडियन ओपन एक प्रमुख मंच के रूप में खड़ा है जहां वैश्विक प्रतिभाओं का भारतीय उत्कृष्टता से मिलन होता है - एक ऐसा मंच जो न केवल महिला गोल्फ का जश्न मनाता है, बल्कि अक्सर सीजन के भविष्य को आकार देने में भी निर्णायक साबित होता है। इस साल, सबकी नजरें इंग्लैंड की उभरती हुई स्टार मिमी रोड्स पर हैं, जो तीन जीत और प्रतिष्ठित लेडीज यूरोपियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट खिताब जीतने के मौके के साथ भारत पहुंच रही हैं। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में एक शानदार प्रदर्शन पूरे सीजन के लीडरबोर्ड में शीर्ष पर उनकी स्थिति को मजबूत कर सकता है और एक शानदार साल का समापन कर सकता है।

### आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 के लिए भारत तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शॉटगन निशानेबाज एथेंस, ग्रीस में आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप शॉटगन 2025 में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। यह प्रतियोगिता 8 से 19 अक्टूबर तक ग्राजधानी के मालाकासा शूटिंग रेंज में आयोजित की जाएगी। कुल पांच पदक स्पर्धाएँ - पुरुष और महिला ट्रैप व स्कीट, साथ ही ट्रैप मिक्स्ड टीम इवेंट-जो सभी ओलंपिक इवेंट हैं, सात दिनों तक चलेंगी। प्रतियोगिता की शुरुआत 10 अक्टूबर, 2025 से होगी। कुल 68 संघों के 406 खिलाड़ी 518 इवेंट्स में हिस्सा लेंगे, जिनमें छह मौजूदा ओलंपिक पदक विजेता भी शामिल हैं। भारत ने 12 सदस्यीय दल भेजा है जिसमें एशियाई चैंपियंस-पुरुष स्कीट में अनंत. जीत सिंह नरूका और महिला ट्रैप में नीरू धांडा - शामिल हैं। हाल ही में समाप्त शिमकेंट एशियन चैम्पियनशिप के पुरुष ट्रैप रजत पदक विजेता भवनीश व महिला ट्रैप कांस्य पदक विजेता आशिमा भी है।

# रैंकिंग में मंधाना टॉप पर कायम




- **कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान, बॉलर्स में दीप्ति शर्मा छठे नंबर पर खिसकीं**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी की वीकली विमेंस रैंकिंग अपडेट हो चुकी है। भारत की लेफ्ट हैंड बैटर स्मृति मंधाना नंबर-1 बैटर बनी हुई हैं। हालांकि, कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा भी छठे नंबर पर पहुंच गई। टीमों में इंडिया विमेंस तीसरे नंबर पर बरकरार है। एश्ले गार्डनर टॉप-5 में पहुंचीं विमेंस वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच में शतक लगाने वालीं एश्ले गार्डनर को 7 स्थान का फायदा मिला। वे वनडे बैटर्स रैंकिंग में पांचवें नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्ज भी 2 स्थान ऊपर उठकर चौथे पर पहुंच गईं। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन 7 स्थान सुधरकर 8वें पर आ गईं।

भारत की स्मृति मंधाना नंबर-1, इंग्लैंड की कप्तान नैटली सिवर ब्रंट दूसरे नंबर और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीसरे नंबर पर कायम हैं। बैटर्स रैंकिंग में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को 2 स्थान का नुकसान हुआ। वे 16वें नंबर पर पहुंच गईं। दीप्ति शर्मा 17वें नंबर पर आईं। स्मृति मंधाना ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 50 गेंदों पर शतक लगाया था। बॉलर्स में दीप्ति को नुकसान वनडे बॉलर्स रैंकिंग में भारत की स्पिनर दीप्ति शर्मा को एक स्थान का नुकसान हुआ, वे टॉप-5 से बाहर होकर छठे नंबर पर पहुंच गईं। साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप ने उन्हें पीछे धकेला। इंग्लैंड की सोफी एकलस्टन टॉप पर हैं। दूसरे से चौथे नंबर तक ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, मेगन शट और किम गार्थ हैं। विमेंस वनडे आलराउंडर्स रैंकिंग में साउथ अफ्रीका की मारिजान कैप को एक स्थान का नुकसान हुआ। वे तीसरे नंबर पर पहुंच गईं, इस कारण वेस्टइंडीज की हैली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर आ गईं। ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर नंबर-1 और भारत की दीप्ति शर्मा चौथे नंबर पर कायम हैं। भारत की स्नेह राणा 12 स्थान की छलांग लगाकर 28वें नंबर पर जरूर आ गईं। दीप्ति शर्मा ऑलराउंडर्स रैंकिंग में चौथे नंबर पर कायम हैं।

ऑस्ट्रेलिया टॉप टीम वनडे टीमों में ऑस्ट्रेलिया पहले, इंग्लैंड दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर कायम हैं। टीम रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ, यह वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद ही अपडेट होगी। टी-20 टीम और प्लेयर्स रैंकिंग में भी कोई बदलाव नहीं हुआ। टी-20 में भी ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत ही टॉप-3 पोजिशन पर हैं।

# चीन की युआन ने हार का बदला लिया

- **विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने 2:21 मिनट में मैच जीता**

**वुहान, चीन।** चीन की युआन यू ने सोमवार को 2025 वुहान ओपन के अपने पहले मैच में इटली की लूसिया ब्रोंज़ेटी को दो टाईब्रेक सेटों में हराकर कड़े मुकाबले में जीत हासिल की, जबकि वांग शिन्यू को जापान की उचिजिमा मोयुका से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 69वें स्थान पर काबिज युआन ने दो घंटे 21 मिनट तक संघर्ष करते हुए ब्रोंज़ेटी को 7-6 (2), 7-6 (1) से हराया, जिसमें लंबी रैलियां भी शामिल थीं। युआन ने कहा कि यह वाकई एक रोमांचक मुकाबला था, दोनों सेट टाईब्रेक तक गए और हर अंक महत्वपूर्ण लगा। मुझे खुशी है कि मैंने आज रात महत्वपूर्ण क्षणों को अच्छी तरह से संभाला। यह जीत युआन के लिए खास थी, जो 2021 में इतालवी क्ले कोर्ट पर ब्रोंज़ेटी से 6-1, 6-1 से हार गई थीं।

युआन ने कहा कि उस समय मैं बुरी तरह हारी थी। आज रात मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि अब पीछे मुड़कर देखने पर मुझे सचमुच पता चलता है कि पिछले कुछ सालों में मैंने कितना सुधार किया है। युआन की अगली प्रतिद्वंदी इटली की सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी होंगी। सोमवार को ही, दुनिया की 91वें नंबर की खिलाड़ी मोयुका, जिन्होंने क्वालीफायर में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला और चीन की वांग ज़िंयू को हराया था।

- **आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड का ऐलान**

# अभिषेक शर्मा-कुलदीप यादव नामित हुए




- **जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट भी रेस में शामिल**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने प्लेयर ऑफ द मंथ (सितम्बर) अवार्ड के लिए तीन दावेदारों के नाम की घोषणा कर दी है।

इसमें भारत से ओपनर अभिषेक शर्मा और स्पिनर कुलदीप यादव शामिल हैं। इनके अलावा जिम्बाब्वे के ओपनर ब्रायन बेनेट भी रेस में हैं। अभिषेक एशिया कप में टॉप बैटर रहे थे। वहीं, कुलदीप ने सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सितम्बर में सबसे ज्यादा रन बनाए। एशिया कप में उन्होंने 7 टी-20 मैचों में कुल 314 रन बनाए। इसमें तीन अर्द्धशतक शामिल रहे। स्ट्राइक रेट भी 200 से ज्यादा का रहा। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशिया कप का खिताब जीता और अभिषेक को टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। खास बात यह रही कि उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग पाइंट्स हासिल किए। उनके अभी 926 पाइंट्स है। अभिषेक शर्मा ने एशिया कप में 314 रन बनाए। कुलद. ीप यादव ने 17 विकेट लिए एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले कुलदीप यादव भी प्लेयर ऑफ द मंथ के रेस में शामिल है। उन्होंने टूर्नामेंट में 17 विकेट हासिल किए। इकोनामी रेट 6.27 रही। टूर्नामेंट ले 2 मैचों में उन्होंने 4-4 विकेट भी लिए। कुलदीप यादव ने एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लिए। ब्रायन के नाम 497 रन जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितम्बर में शानदार फार्म में रहे। टी-20 वर्ल्ड कप के अफ्रीकन क्वालिफायर में उन्होंने 9 मैचों में 55.22 की औसत और 165.66 के स्ट्राइक रेट से 497 रन बनाए। उन्होंने इस टूर्नामेंट के पहली 3 इनिंग में 72, 65 और 111 के स्कोर बनाए।

# मिताली राज और रवि कल्पना के नाम पर होंगे विजाग स्टेडियम के स्टैंड

- **यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है**

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज और विकेटकीपर बल्लेबाज रवि कल्पना के नाम पर विशाखापट्टनम क्रिकेट स्टेडियम के स्टैंड रखे जाएंगे। 12 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप का भारत का मैच होने से पहले इस स्टैंड का उद्घाटन होगा।

अगस्त में ब्रेकिंग द बाउंड्रीज चैट के दौरान भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने आंध्र प्रदेश के आईटी मिनिस्टर नारा लोकेश को सुझाव दिया था जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। एसीए ने अपने बयान में कहा कि मिताली राज और रवि कल्पना को समर्पित एसीए का यह सम्मान इस बात को दर्शाता है कि भारतीय महिला क्रिकेट को नई पहचान देने वाली इन अग्रदूतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को बड़े सपने देखने की प्रेरणा दी है। मंत्री लोकेश ने कहा कि स्मृति मंधाना का विचार जनता की व्यापक भावना को दर्शाता है। उस सुझाव को तुरंत अमल में लाना हमारे सामूहिक संकल्प को दिखाता है। लैंगिक समानता के प्रति और महिला क्रिकेट की अग्रदूतों को सम्मान देने के प्रति। मिताली महिला क्रिकेट की दिग्गज़ों में से एक है जिनके नाम महिला वनडे क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 232 वनडे मैचों में 50.68 की औसत के साथ 7805 रन बनाए हैं जिसमें 7 शतक शामिल रहे हैं। भारत के लिए खेले 89 टी-20 मैचो में उन्होंने 17 अर्द्धशतकों के साथ 2364 रन बनाए हैं।

# धोनी ने ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण पूरा किया



- **यह निवेश और ब्रांड एबेसेडरशिप से परे गरुड़ एयरोस्पेश के साथ जुड़ाव को मजबूत करता है**

**चेन्नई, वार्ता।** भारत के अग्रणी ड्रोन निर्माता, गरुड़ एयरोस्पेस ने घोषणा की है कि उसके ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई स्थित कंपनी के डीजीसीए-अनुमोदित रिमोट पायलट ट्रेनिग ऑर्गनाइजेशन (आरपीटीओ) में अपना ड्रोन पायलट प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

यह उपलब्धि न केवल कंपनी के साथ धोनी के जुड़ाव को मजबूत करती है, बल्कि भारत के सबसे प्रसिद्ध खेल दिग्गजों में से एक के विमानन प्रौद्योगिकी के भविष्य में कदम रखने के एक महत्वपूर्ण क्षण को भी चिन्हित करती है। यह निवेश और ब्रांड एंबेसडरशिप से परे गरुड़ एयरोस्पेस के साथ उनके जुड़ाव को और मजबूत करता है। कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद, धोनी अब ड्रोन उड़ाने के लिए प्रमाणित हो गए हैं, जो भारत की विकास गाथा को बदलने की उनकी क्षमता को उजागर करता है।

यह प्रशिक्षण प्रमाणित और सुरक्षित ड्रोन संचालन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें सैद्धांतिक ग्राउंड कक्षाओं के साथ-साथ सिमुलेटर और वास्तविक ड्रोन पर गहन व्यावहारिक उड़ान सत्र भी शामिल हैं। गरुड़ एयरोस्पेस अपने प्रशिक्षण केंद्रों के बढ़ते नेटवर्क और अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से स्थापित 300 से अधिक उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से इस प्रयास में अग्रणी है। ये पहल यह सुनिश्चित करती हैं कि पायलट औपचारिक रूप से प्रमाणित हों, जिससे कंपनी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के प्रति प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है। धोनी की उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, गरुड़ एयरोस्पेस के संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश ने कहा कि हमारे ब्रांड एंबेसडर और निवेशक, एमएस धोनी का व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण लेना और पायलट के रूप में प्रमाणित होना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इसे बहुत जल्दी सीख लिया और सीखने पर बेहद ध्यान केंद्रित किया। ड्रोन उद्योग में क्रांति लाने के हमारे मिशन में उनका अटूट विश्वास पूरी टीम के लिए प्रोत्साहन का एक बड़ा ेत है। माही भाई एक प्रेरणा हैं, और उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से ड्रॉप हुए लाबुशेन रेनशॉ को मिला मौका

**मेलबर्न, वार्ता।** मार्नस लाबुशेन को भारत के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह क्वींसलैंड के साथी खिलाड़ी मैट रेनशॉ को फॉर्मेट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।

लाबुशेन का बाहर होना ज्यादा चौंकाने वाला नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी पिछली 10 वनडे पारियों में केवल 47 रन का सर्वोच्च स्कोर बनाया है। अगर मैथ्यू शॉर्ट, जो इस टीम में शामिल हैं, दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले साइड स्ट्रेन के कारण बाहर नहीं होते तो शायद लाबुशेन तब भी नहीं खेलते। इस बार उनके बाहर होने का फायदा यह है कि वह शेफील्ड शील्ड में टेस्ट वापसी के लिए दबाव बना सकते हैं। उन्होंने सीजन की शुरुआत तस्मानिया के खिलाफ 160 रन की पारी से की है। रेनशॉ को यह मौका उनकी लिस्ट-ए क्रिकेट में शानदार फॉर्म की बदौलत मिला है जिसमें डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ एक शतक भी शामिल है। रेड-बॉल क्रिकेट में वह इस समय ओपनिग कर रहे हैं और एशेज के लिए एक संभावित विकल्प भी हैं, लेकिन 50 ओवर फॉर्मेट में वह ज़्डादातर नंबर 3 या 4 पर खेलते रहे हैं। नवम्बर 2021 से अब तक उनका औसत 48-68 रहा है और सात करियर शतकों में से छह इसी दौरान आए हैं। वह ज्20 क्रिकेट में भी प्रभावशाली मिडल-ऑर्डर बल्लेबाज बन चुके हैं। वह पहले भी 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चुने गए थे, लेकिन तब उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। मिचेल स्टार्क, जिन्होंने पिछले नवम्बर के बाद से कोई वनडे नहीं खेला है, भी टीम में लौट आए हैं। यह चयन उपलब्ध खिलाड़ियों में से एक पूर्ण शक्ति वाली टीम को दर्शाता है। एलेक्स केरी सीरीज के पहले मैच में नहीं खेलेंगे ताकि वह साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड का दूसरा राउंड खेल सकें।

# सभी प्रारूपों में मप्र की कप्तानी करेंगे रजत




- **पाटीदार ने शुभम की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक से मिली**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रजत पाटीदार को 2025-26 घरेलू सीजन की शुरुआत से पहले मध्य प्रदेश की सभी फॉर्मेट की कप्तानी सौंपी गई है, जो रणजी ट्रॉफी के साथ 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। पाटीदार ने शुभम शर्मा की जगह ली है और यह जिम्मेदारी उन्हें एमपी के क्रिकेट निदेशक चंद्रकांत पंडित से मिली है। समझा जा रहा है कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन पाटीदार की हालिया सफलताओं के बाद उनके लिए एक बड़ी भूमिका चाहता था। 32 वर्षीय पाटीदार को पिछले साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान पहली बार कप्तान के रूप में आजमाया गया था जब उन्होंने पंडित से आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इसी तरह की संभावना पर बात की थी। उन्हें कप्तानी दी गई और उन्होंने एमपी को फाइनल तक पहुंचाया, जहां टीम मुंबई से हार गई थी। पाटीदार ने इसके बाद आरसीबी को उनका पहला आईपीएल खिताब दिलाया और हाल ही में उन्होंने सेंट्रल ज़ोन की कप्तानी करते हुए दलीप ट्रॉफी में 2014-15 के बाद पहली बार टीम को चैंपियन बनाया। पिछले हफ्ते पाटीदार ने ईरानी कप में एक मजबूत रेस्ट ऑफ इंडिया टीम की कप्तानी की जिसमें ईशान किशन, रुतुराज गायकवाड़ और अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी थे जो अपने राज्यों की कप्तानी करते हैं। हालांकि, टीम को विदर्भ के हाथों 93 रनों से हार झेलनी पड़ी। पाटीदार ने 2024-25 रणजी सीजन में 11 पारियों में 48-09 की औसत से 529 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल थे। यह उस सीजन में एमपी के लिए शुभम शर्मा के 943 रनों (औसत 104-77) के बाद दूसरे सबसे ज़्डादा रन थे। इस सीजन में भी पाटीदार शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने सात पारियों में दो शतक और तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। उनका एक शतक दलीप ट्रॉफी के फाइनल में आया जिसने सेंट्रल ज़ोन को पहली पारी में बढ़त दिलाई और अंततः साउथ ज़ोन पर छह विकेट से जीत दर्ज करने में मदद की। एमपी अपनी रणजी ट्रॉफी मुहिम की शुरुआत पंजाब के खिलाफ इंदौर में घरेलू मैच से करेगी। रणजी सीजन दो चरणों में खेला जाएगा। पहला चरण 15 अक्टूबर से 19 नवम्बर तक होगाी

# महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिग में ब्रिट्स करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स इस सप्ताह जारी आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ी रैंकिग में दो स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। सोमवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में न्यूजीलैंड पर दक्षिण अफ्रीका की छह विकेट की जीत में ब्रिट्स 101 रन बनाकर बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गईं। ब्रिट्स का यह शतक इस साल उनका पांचवां शतक है, जिससे यह किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में बनाये गए अब तक के सबसे ज़्डादा शतक हैं। दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से मिली हार के बाद शानदार वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया की ऐश गार्डनर सात स्थान की छलांग लगाकर बल्लेबाजों में 697 रेटिग अंकों के साथ 5वें स्थान पर पहुंच गई।

# रणजी ट्रॉफी के दूसरे राउंड में हो सकती है पंत की वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** 25 अक्टूबर से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी 2025-26 के दूसरे राउंड में ऋषभ पंत एक्शन में वापसी कर सकते हैं।

इसके साथ ही वह 14 नवम्बर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के जरिए टेस्ट क्रिकेट में वापसी की प्रक्रिया भी शुरू कर सकते हैं। यह उसी लाइन में है जैसा कि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पिछले महीने दुबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित करते समय संकेत दिया था। जुलाई के अंत में ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट दाहिने पैर में फ्रैक्चर होने के बाद पंत अब अपने रिहैब के अंतिम चरण में हैं और इस हफ्ते के अंत में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में फटिनेस टेस्ट से गुजरने वाले हैं। उनके पैर से तीन सप्ताह पहले प्लास्टर हट गया था और अब वह बिना किसी तकलीफ के चल-फिर रहे हैं।

पंत ने अपने पैर की मजबूती के लिए मोबिलिटी एक्सरसाइज और वेट ट्रेनिग ड्रिल्स शुरू कर दी हैं और नेट्स में बल्लेबाज़ी भी दोबारा शुरू कर दी है। यदि फिटनेस टेस्ट में उन्हें क्लियरेंस मिल जाती है, तो पंत के दिल्ली टीम से जुड़ने की उम्मीद है, जो रणजी ट्रॉफी के पहले राउंड में 15 अक्टूबर से हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी। हालांकि, दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अनुसार, इस मैच के लिए पंत की उपलब्धता थोड़ी संदिग्ध है। पंत पिछले जुलाई से मैदान से बाहर हैं, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में क्रिस वोक्स की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलते हुए अपने ही पैर पर गेंद मार ली थी। उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा और स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई।

हालांकि वह अगले दिन दोबारा बल्लेबाज़ी करने लौटे, लेकिन विकेटकीपिग नहीं कर पाए। पंत ने उस सीरीज में चार टेस्ट में 479 रन बनाए थे, जिनमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे। पंत की अनुपस्थिति में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज़ के लिए ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन को विकेटकीपर के रूप में चुना है। पंत ऑस्ट्रेलिया के 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के दौरे से भी बाहर रहेंगे क्योंकि उन्हें अभी तक सीओई से षरिटर्न टू प्लेष सर्टिफकिट नहीं मिला है।

### हेनिल व खिलन पटेल ने 3-3 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को 135 पर समेटा

**मैकाय, वार्ता।** हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने तीन-तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 को दूसरे युवा टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को पहली पारी में 135 रन पर समेट दिया। भारत अंडर 19 ने इसके जवाब में स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बनाकर नौ रन की बढ़त हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 की तरफ से एलेक्स ली यंग ने सर्वाधिक 66 रन बनाये। यश देशमुख ने 22 रन का योगदान दिया। हेनिल ने 21 रन पर तीन विकेट, खिलन ने 23 रन पर तीन विकेट और उद्धव मोहन ने 23 रन पर दो विकेट लिए। जवाब में भारत अंडर 19 ने स्टंप्स तक सात विकेट पर 144 रन बना लिए। भारतीय टीम ने 82 रन पर अपने छह विकेट गंवा दिए थे लेकिन खिलन ने 26 और हेलिन ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को संभाला और बघ्त दिलाई। वेदांत त्रिवेदी ने 25 और वैभव सूर्यवंशी ने 20 रन का योगदान दिया। स्टंप्स के समय हेनिल के साथ दीपेश देवेन्द्रन छह रन बनाकर क्रीज पर थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से कैसी बार्टन ने तीन और विल बायरोम ने दो विकेट लिए।

# भीड़ का रिकार्ड तोड़ेंगे सहारनपुर से बसपा के दिग्गज

## लखनऊ में महारैली की सफलता को रणधीर बेनीवाल, नरेश गौतम, सरफराज राईन व जगपाल ने किए दिन रात एक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी 9 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाली अपनी महारैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है। पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर हो रहे इस शक्ति प्रदर्शन के लिए अकेले सहारनपुर मंडल से ही 15,000 से अधिक कार्यकर्ताओं के लखनऊ कूच करने का दावा किया जा रहा है।

बसपा सुप्रीमो मायावती इस रैली के जरिए 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंकेंगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को लामबंद करने में जुटे हैं, ताकि रैली में भारी भीड़ जुटाई जा सके। सहारनपुर में हुई एक समीक्षा बैठक में बसपा नेताओं ने दावा किया है कि यह रैली प्रदेश की राजनीति में एक नया अध्याय लिखेगी और बसपा की ताकत का एहसास कराएगी। कार्यकर्ताओं को बसों और ट्रेनों के जरिए लखनऊ ले जाने की व्यापक तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल के निर्देशन में जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह, मण्डल कोर्डिनेटर नरेश गौतम, हाजी सरफराज राईन बसपा की होने वाली रैली के लिए जमीनी स्तर पर मेहनत कर रहे है। ताकि लखनऊ में सहारनपुर की भारी भागेदारी हो।

बता दे कि सहारनपुर कभी बसपा का अभेद सियासी किला रहा था, लेकिन समय के चलते यह मजबूत किला बसपा के हाथ से निकल गया, लेकिन एक बार फिर यहां बनी नई टीम अपनी ताकत और मेहनत के साथ फिर से जिले में न केवल संगठन को सक्रिय कर रही बल्कि आने वाले चुनाव के लिए भी कमर कसे है।






# छह विधानसभाओं से लखनऊ के लिए बसपाई रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर अगामी 9 अक्टूबर को होने महारैली के लिये आज जनपद की छह विधान सभाओं से भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लखनउ के लिये कूच किया।



आज जनपद की छह विधानसभाओं से नेशनल कोर्डिनेटर रणधीर सिंह बेनीवाल, मंडल कोर्डिनेटर डा. मेघराज जरावरे, नरेश गौतम, हाजी सरफराज राईन, जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह नानौता व जिला शामली प्रभारी जनेश्वर प्रसाद की अगुवाई में पार्टी कार्यकताओं के पहले जत्थे ने लखनऊ की लिये कूच किया। इस अवसर मंडल को-आर्डिनेटर डा. मेघराज सिंह जरावरे व नरेश गौतम ने कहा कि पार्टी संस्थापक मा.कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस के उलपक्ष में पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देश पर महारैली का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि बसपा एक कार्यकर्ताओं को मिशन है, जिसको बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती के नेतृव में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम परिनिर्वाण दिवस मनाया रहे हैं जो इसे 2027 के विधानसभा चुनाव का आगाज समझ रहे हैं, वो यही समझे। जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह नानौता ने कहा कि बसपा को जो लोग कमजोर समझने की गलती कर रहे हैं, यह उनके लिये जवाब है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी लालच व दबाव में नहीं जा रहे हैं, अपने पैसे व अपने खाने खर्च का स्वंय वहन कर जा रहे हैं, जो बसपा के एक निष्ठावान कार्यकर्ता होने का परिणाम है। इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ता पहले जत्थे के रूप में लखनऊ के लिये रवाना हुये। जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह नानौता ने बताया कि बुधवार को भी भारी संख्या में कार्यकर्ता लखनऊ के लिये रवाना होंगे।

# हर प्रदेशवासी के सहयोग से पूरी होगी विकसित यूपी की परिकल्पनाः मांगेराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम/बेहट।** बेहट जिला पंचायत द्वारा विकसित एवं समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें गांव, वार्ड और मौहल्लों तक इस अभियान को पहुंचाकर आमजन को सहभागिता के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

मंगलवार को गांव नागल माफी में आयोजित जिला पंचायत द्वारा आयोजित विकसित एवं समर्थ उत्तर प्रदेश 2047 संगोष्ठी में जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी द्वारा सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा जिला पंचायत सदस्यों को भेजा गया पत्र पढ़कर सुनाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत - विकसित उत्तर प्रदेश का सपना केवल सरकार का नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का साझा लक्ष्य है।

उन्होने कहा कि सरकार की कोई भी योजना तभी सफल होती है जब जनता उसे विश्वास और सक्रिय सहभागिता के साथ आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना भी हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सभी जिला पंचायत सदस्य जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों, बुद्धजीवी वर्ग और गांव मौहल्लों तक जाकर प्रत्येक परिवार से सुझाव लेने का काम करे। इस मौके परजिला पंचायत सदस्य मुकेश चौहान, ताहिर पहलवान, चौधरी अब्दुल हकीम, दुबे सिंह, हंसराज, साढ़ौली कदीम ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी, मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर, पूर्व प्रमुख बिजेंद्र चौधरी, नीरज चौहान, अजीत राणा जिला पंचायत अपर अधिकारी चंद्रव. ीर, शिवराज गौड़, नितिन चौधरी, अशोक चौधरी, रामेंद्र राणा, अरविंद राणा आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को बताए हैल्पलाईन नम्बर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर के नेतृत्व में हैंड्स टू केयर वेलफेयर सोसाइटी के प्रेसिडेंट परम बत्रा, सेक्रेटरी कार्तिक खुराना, ट्रेजेजर्स विजय दत्ता व वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती काजल खुराना द्वारा यूथ पार्टिसिपेंट की साझेदारी से घंटाघर पर मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत बालिकाओं, महिलाओं व अन्य समाज के लोगों को जागरूक करने हेतु नाटक नुक्कड़ का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों को मिशन शक्ति का महत्व, समाज में महिलाओं की भूमिका, विभिन्न सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई व साथ ही पैंपलेट भी वितरित किए।



# विधायक चौ.किरत सिंह ने महिलाएं की सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** विकास खण्ड गंगोह में आयोजित महिला सशक्तिकरण मेगा इवेंट के मुख्यअतिथि विधायक किरत सिंह ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित किया।

चौ.किरत सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित एक सशक्त पहल है, जो समाज में जागरूकता के साथ-साथ आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को भी प्रबल कर रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति आज लाखों बहनों के जीवन में नए परिवर्तन की अलख जगा रहा है। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को न केवल अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, बल्कि उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विकासखंड परिसर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में समूह की 150 महिलाओं द्वारा प्रतिभा किया गया। सीडीपीओ रेखा कौशिक, भाजपा जिला. उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, मनोज चौधरी, बीडीओ सहित बडी संख्या प्रधान व बीडीसी रहें।



# मां भगवती मेले के तीसरे दिन पहुंची भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** भगवती मेले में तीसरे दिन भी मां भगवती के दर्शन को श्रद्धालु काफी संख्या में आए। श्रद्धालूओं ने मंदिर में मत्था टेका कर मनौतियां मांगी।

राम बाग परिसर के पास लगा भगवती मेले में मंगलवार को भी चहल-पहल बनी रही। इस बार बच्चों के मनोरंजन के साधन भी आए हैं। श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेक कर मनौतियां मांगी। बीती रात आयोजित महा आरती में भारी संख्या में देवी भक्तों ने भाग लिया। पेंठ बाजार स्थित काली मंदिर, बाबा हरिदास मार्ग स्थित वैष्णों देवी धाम में भी महा आरती का आयोजन किया गया। सांय काल भजन-कीर्तन मे भक्तों ने अपनी हाजिरी लगाकर माहौल भक्ति मय कर दिया। नगर के अन्य मंदिरों में भी शाम को पूजा-पाठ आरंभ हुआ। मेला क्षेत्र में नगरपालि. का ने इस वर्ष सफाई के लिए विशेष व्यवस्था की है। सफाई कर्मियों की एक टीम को वहां की सफाई का जिम्मा सौंपा गया है। क्षेत्र में रोज चूने का छिडकाव भी कराया जा रहा है। कार्य को गति देने के लिए मेला परिसर में ही शिविर लगाया गया है।

**श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेक मानी मन्नतें, आरती उतारी**

# शारदीय नवरात्र मेले का विधिवत समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र ने लगे शारदीय नवरात्र मेले का विधिवत समापन हो गया है। समापन अवसर पर जिला पंचायत द्वारा मेले की व्यवस्थाओं के सहयोग करने वाले जिला पंचायत सदस्यों व अधिकारियों, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों और स्थानीय पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।




दरअसल, शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में शारदीय नवरात्र के मौके पर विगत 22 सितंबर से विशाल मेले का शुभारंभ हुआ था, जिसका समापन मंगलवार को विधिवत तरीके से किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जिला पंचायत द्वारा मेले में की गई व्यवस्थाओं को जमकर सराहा। इस दौरान मेले को सकुशल संपन्न कराने और साउंड सिस्टम, टेंट, बेरीकेडिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सहयोग करने वाले जिला पंचायत के सदस्यों, सफाईकर्मियों, एनसीसी कैडेट्स, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों और स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी, जिला पंचायत सदस्य मुकेश चौहान, ताहिर पहलवान, चौधरी अब्दुल हकीम, दुबे सिंह, साढ़ौली कदीम ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी, मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि योगेश पुंडीर, पूर्व प्रमुख बिजेंद्र चौधरी, नीरज चौहान, अजीत राणा जिला पंचायत अपर अधिकारी चंद्रवीर , अभियंता मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भगवान वाल्मीकि ने दिखाया रास्ताः भूषण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री भारत भूषण ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने निर्दोष पक्षियों के करूणा कंदन से द्रवित होकर मानवता प्रधान रचनाएं कर आमजन का मार्ग प्रशस्त किया।

भारत भूषण ने यह बात बेरीबाग स्थित कमलेश्वर धर्मशाला में ज्ञानप्रतीक फाउंडेशन द्वारा आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि से लेकर बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर तक की कलम का अपने भीतर वंचित, शोषित व स्त्री जाति के कल्याण के संघर्ष की गाथा है। एससी एसटी आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि ने भगवान वाल्मीकि के लेखनी को समझने की जरूरत और उनके विचारों को जीवन में अंगीकार करने पर जोर दिया। संयोजक डा.अनिल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि की लेखनी की वास्तविक प्रकृति सामाजिक है।

गोष्ठी में सीमा सारसर, हुकम. चंद, राकेश कल्याण, पारस राज, बाबूराम बिरला, विनोद वैद्य, दीपक, कर्ण, संदीप टांक, अरूण आदिवाल, मोहन सिंह, मदनपाल तेश्वर, संदीप मास्टर, सोनू राजोरिया, विकास मेहरोल आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता धनपाल तेश्वर व संचालन सोनू बिरला ने किया।

# भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अतिदलित हिताय फाउंडेशन द्वारा भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया



देहरादून रोड स्थित भगवान वाल्मीकि चौक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट संजय ढींगरा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण हमें जीवन में त्याग, प्रेम, और भाईचारे का सन्देश देती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ने परस्पर त्याग और एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया, उसी प्रकार हमें भी समाज में आपसी प्रेम और मेलजोल बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर संजय सुपरवाइजर, राकेश शुक्ला, सतीश प्रधान और करनपाल प्रधान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान वाल्मीकि ने रामायण रचकर समाज को एक नई दिशा दी है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर आने वाली पीढ़ियों को संस्कारवान और सशक्त बनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कौतम पाल, युवराज प्रकाश, महेन्द्र प्रेमी, रिंका प्रधान, अजय ढींगरा, सचिन, अरूण बिरला, आशू बिरला, जौनी, संजय मठ, कुलदीप, दीपक बिरला, राजीव आजाद, दीपक डबराल सहित भारी संख्या में समा. जसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट संजय ढींगरा ने की तथा संचालन कुलदीप ने किया।

# चरस समेत पकड़ा

**बेहट।** थाना बेहट पुलिस ने अवैध चरस सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरो. पित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मंगलवार को कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने बताया कि दरोगा महेशचंद्र, हैड कांस्टेबल राहुल राणा, कांस्टेबल ब्रजवीर राणा और बिट्टू कुमार की टीम मुर्तजापुर रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास चेकिंग कर रही थी इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से करीब 320 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया। उन्होंने पकड़े गए तस्कर का नाम मिंटू पुत्र कृष्णलाल निवासी गांव नगला खुर्द बताता है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्कर के खिलाफ पूर्व में भी मादक पदार्थों की तस्करी के मुकदमे दर्ज है।

# छात्राओं ने निकाली मिशन शक्ति रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत आज मैक्स इंटरनेशनल स्कूल में महिला सुरक्षा सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत मिशन शक्ति रैली भी निकाली।

पुराना चिलकाना अड्डा स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एंटी रोमियों टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक प्रीति ने कहा कि मिशन शक्ति फेज-5 महिलाओ की सुरक्षा एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए है, यदि किसी महिला की कोई छोटी बड़ी समस्या हो, तो वह महिला हैल्प डेस्क से मदद मांग सकती है। मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियों टीम प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अंजू सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए जो कदम उठाए गए हैं।



प्रमुख समाज सेविका एडवोकेट फरहा एवं समाज सेवी का गुलशन खान ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। नवप्रयास जागृति उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जो यह पहल की गई है, उसमें महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस तो कर ही रही है। प्रधानाचार्य सुरैया कौसर ने कहा कि सभी महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने सभी अतिथियों को पटके पहनाकर एवं उपहार स्वरूप विभिन्न प्रजातियों के गमले देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर सभी को सुरक्षा, सम्मान व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर महिला हैड कांस्टेबल अर्चना समेत भारी संख्या में स्कूल स्टाफ व छात्राएं मौजूद रही।

# डा. अम्बेडकर पार्क के तालाब को इलाज की जरूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैलाशपुर।** प्राकृतिक जल श्रोतों के संरक्षण एवं शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सार्वजनिक तालाबों के सौन्दर्य करण के अमृत सरोवर योजना उत्तर प्रदेश संचालित किये है लेकिन इसके विपरीत मौजूदा समय में कई गाँव में बने पुराने बड़े तालाब ग्राम प्रधानों की लापरवाही के कारण गन्दगी से सराबोर है। गन्दगी से अटे होने के कारण इन तालाबों में विशैले मक्खी मच्छर तथा अन्य खतरनाक जीव जंतुओं की तादाद बढ़ रही है।






विकासखंड पुवाँरका के अंतर्गत देहरादून रोड पर स्थित गाँव कैलाशपुर का तालाब वर्तमान समय में गन्दगी से अटा हुआ है! गौरतलब यह है कि गाँव कैलाशपुर की दक्षिण दिशा में स्थित इस तालाब का रकबा अनुमानित तौर पर 20 बीघा से अधिक है इसी तालाब के पश्चिमी छोर पर डॉख भीमराव अम्बेडकर पार्क का निर्माण उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी की सुप्रिमो सुश्री मायावती के कार्यकाल में किया गया था बसपा सरकार में डॉख भीमराव अम्बेडकर पार्क तथा इसके साथ बने तालाब की नियमित साफ सफाई होती रही परन्तु वर्तमान समय यह तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सूत्रों का कहना है कि लगभग तीन माह पूर्व डीएम मनीष बंसल के निर्देश पर तालाब की साफ सफाई कराई गई थी परंतु मौजूदा समय में तालाब फिर से गन्दगी से लबालब हो गया सूत्रों का कहना है आस पास के कुछ दुकानदार भी तालाब में गन्दगी डालते रहते हैं तथा गांव कैलाशपुर के एक बड़े नाले के पानी मे बहकर आने वाली गन्दगी भी इसी तालाब में पहुंच रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि धुरन्धर सियासतदा नेता के गाँव कैलाशपुर के उक्त तालाब का कब और कैसे सौन्दर्य करण हो पाएगा।


## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., नानौता ( सहारनपुर )

**-ः ई- निविदा सूचनाः-**

इस मिल समिति में पेराई सत्र 2025-26 हेतु निम्नलिखित कार्यों को ठेके के माध्यम से सम्पादित करानें हेतु, अनुभवी एवं दक्ष ठेकेदारों से निम्न विवरण के अनुसार पुनः ई- निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र.स. | कार्य का विवरण। | निविदा धरोहर धनराशि ( रु. ) | ई- निविदा भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 नग ब्वालयरों ( प्रत्येक 40 टन क्षमता ) के फलाई ऐश एरेस्टरो के ऐश पौण्ड से सफाई सम्बन्धित कार्य। | रु. 50,000.00 | 11.10.2025 ( सायंकाल 06:30 बजे तक ) |
| 02 | 03 नग ब्वालयरों ( 20 टन क्षमता के 02 नगर, 30 टन क्षमता का 01 नग ) के फलाई ऐश एरेस्टरो के ऐश पौण्ड से सफाई सम्बन्धित कार्य। | रु. 50,000.00 | 11.10.2025 ( सायंकाल 06:30 बजे तक ) |

**नोटः-**

01. उपरोक्त निविदाओं से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते तथा अन्य विवरण निविदा प्रपत्र पर अंकित है।
02. इच्छुक निविदादाता ई-निविदा प्रारम्भ होने से निर्धारित समयार्न्तगत ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र, नियम एवं शर्ते पोर्टल https://etender.up.nic.in तथा संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट http://www.upsugarfed.org पर लॉगिन कर ई-निविदा को भर सकते है।
03. उपरोक्त कार्यो हेतु ऑफलाइन निविदाएं मान्य नहीं होगी।
04. अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा समस्त निविदाएं बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**भवदीय**
**( अंकित कुमार )**
**पी.सी.एस.**
**प्रधान प्रबन्धक**

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

## हटाए गए नामों का स्पष्टीकरण

मंगलवार को बिहार में विशेष गहन परीक्षण के बाद तैयार की गई मतदाता सूची से हटाए गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्यौरा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग को गुरुवार तक उपलब्ध जानकारी कोर्ट को देने को कहा। उसी दिन इस मामले में अगली सुनवाई भी होगी। इस पर चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि अधिकतर नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और जिनके नाम हटाए गए हैं, उनमें किसी ने अब तक शिकायत दर्ज नहीं कराई, लेकिन इस तर्क से अदालत संतुष्ट होती दिखाई नहीं दी। पीठ का कहना था कि 30 सितम्बर को प्रकाशित की गई अंतिम सूची सबके पास है, इसलिए दोनों की तुलना करके जरूरी जानकारी दी जा सकती है। कोर्ट का यह भी कहना था कि उसके आदेशों से चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनसामान्य की पहुंच बढ़ी है। कोर्ट का यह कहना भी बहुत कुछ कह जाता है कि अंतिम सूची में मतदाताओं में वृद्धि देखने को मिल रही है, इसलिए किसके नाम जोड़े गए हैं यह स्पष्ट किया जाना चाहिए ताकि भ्रम न हो। कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह कहकर याद दिलाया कि ऐसा लग रहा है कि आपने मसौदा सूची में 65 नाम हटाए। जबकि यह अदालत पहले ही कह चुकी है कि मृतक हैं या कहीं ओर चले गए हैं, उन्हें हटाना ठीक है, लेकिन यदि किसी का नाम हटा रहे हैं तो नियम 21 या एसओपी का पालन करें और हटाए गए नामों की जानकारी अपने दफ्तरों में लगाएं। अदालत ने यह भी कहा कि अब अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या बढ़ गई है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी है कि जोड़े गए नाम पुराने हटाए गए लोगों के हैं या नए मतदाताओं के। इस पर चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने जवाब दिया कि अधिकतर जोड़ गए नाम नए मतदाताओं के हैं, हालांकि कुछ पुराने भी हैं। आयोग ने अदालत को यह भी बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 37 लाख घटकर 7.42 करोड़ रह गई। जो पहले 7.89 करोड़ थी और यह विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद हुआ। हालांकि मसौदा सूची की तुलना में अंतिम आंकड़ा 17.87 लाख बढ़ा है। इस पूरी कवायद से साफ है कि कभी एसआईआर का मामला उतनी पारदर्शिता के साथ सामने नहीं आ रहा है, जैसीकि अपेक्षा चुनाव आयोग ने की थी। मसौदा सूची में 65 लाख मतदाताओं को हटाया गया था जिनमें वे लोग शामिल थे, जो मर चुके थे या दूसरी जगह पर चले गए थे या जिनके नाम दो बार दर्ज थे। 9 तारीख को अदालत की सुनवाई में क्या तस्वीर सामने आती है यह तो तब ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह का तर्क-वितर्क एसआईआर को लेकर अदालत में व अदालत से बाहर चल रहा है, वह हमारे लोकतंत्र के लिए कोई अच्छी स्थिति नहीं है। विपक्षी दल पहले ही बिहार में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग को घेरते रहे हैं और यह क्रम अभी भी जारी है। चुनाव आयोग को समझना होगा कि भले ही उसके पास कितने ही विशेषाधिकार हों, वह जनता के बीच जवाबदेही से नहीं बच सकता और यह विशेषाधिकार भी उसके पास इसलिए हैं, क्योंकि उससे अपेक्षा की जाती है कि निष्पक्ष काम करेगा।

## इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या



उप्र के रायबरेली में दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या सिर्फ एक इंसान की नहीं, इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। आज भारत में दलित, आदिवासी, मुसलमान, पिछड़े और गरीब-हर उस व्यक्ति को निशाना बनाया जा रहा है, जिसकी आवाज कमजोर है, जिसकी हिस्सेदारी छीनी जा रही है और जिसकी जिंदगी सस्ती समझी जाती है, देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है, जहां संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है और इंसाफ की जगह डर ने, मैं हरिओम के परिवार के साथ खड़ा हूं, उन्हें न्याय जरूर मिलेगा, भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है और यह देश चलेगा संविधान से, भीड़ की सनक से नहीं।

**-राहुल गांधी, विपक्ष नेता, लोकसभा**

## समय आ गया है जब साम्राज्य अपने साए से ही डरने लगे



वाहिद नसीम

दुनिया की सरहदें कभी जमीन पर नहीं बनतीं वे विचारों के बीच बनती हैं और जब विचार बदलते हैं, तो साम्राज्य ढहते हैं। आज वही दृश्य फिर से इतिहास के कैनवास पर उभर रहा है। गजा और इसराइल के बीच की जंग अब किसी धार्मिक संघर्ष से आगे निकलकर भू-राजनीतिक पुनर्जन्म का संकेत बन गई है। कई लोग इस युद्ध को तबाही की निशानी मान रहे हैं, लेकिन शायद यह आने वाले दो-राष्ट्र समाधान की भूमिका है। ट्रंप, जो एक व्यापारी के रूप में राजनीति में उतरे, अब शतरंज के ऐसे मोहरे चल रहे हैं जिससे इसराइली लॉबी और वैश्विक बैंकिंग सिंडिकेट की नींद उड़ गई है। वो लॉबी जिसने डॉलर को ईश्वर और वॉल स्ट्रीट को उसका मंदिर बना दिया था कृ अब अपनी ही छाया से डरने लगी है। उधर ब्लादिमीर पुतिन, जो दशकों से भू-राजनीति के शतरंज पर चुपचाप चल रहे थे, शायद अब नेतन्याहू को यह भरोसा दे चुके हैं कि इरान इजराइल के लिए खतरा नहीं, बल्कि नई स्थिरता का आधार बन सकता है। अगर यह समीकरण सच है, तो मध्य-पूर्व में अस्थाई शांति का वह क्षण आ चुका है जिसे कई पीढ़ियों ने सिर्फ किताबों में देखा था। इजराइल को अब अरब देशों से पूर्ण मान्यता मिलना कोई चमत्कार नहीं, बल्कि एक सुविचारित ऐतिहासिक आवश्यकता लगती है।

**चीन और अमेरिका**- दूसरी तरफ, चीन ने अमेरिका में एक ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया है। जबकि सऊदी अरब और कतर पहले ही लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर के वादे कर चुके हैं। यह वही क्षण है, जब ट्रंप का नारा Make America Great Again अब किसी रैली का नारा नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था की धड़कन बन गया है। इतना बड़ा पूंजी निवेश न केवल करोड़ों अमेरिकी नौकरियों को जन्म देगा, बल्कि पश्चिमी आर्थिक ढांचे को नया जीवन भी देगा। अब बात करते हैं यूक्रेन की इतनी शांति और आर्थिक पुनर्निर्माण की पृष्ठभूमि में, ट्रंप का NATO से बाहर निकलने का बयान सिर्फ धमकी नहीं एक संकेत है। संकेत इस बात का कि अमेरिका अब यूरोप की रूस-विरोधी महत्वाकांक्षाओं में दिलचस्पी नहीं रखेगा। यही कारण है कि यूक्रेन युद्ध के अंत की फुसफुसाहट अब राजनयिक गलियारों में सुनाई देने लगी है।

**ताइवान व चीन-बिना लड़े जीती हुई जंग**

ट्रंप के झुकाव और यूरोप की थकान के बीच, चीन की छठी पीढ़ी की रक्षा प्रणाली ने शायद बिना एक भी गोली चलाए जंग जीत ली है। ताइवान अब अमेरिका की प्राथमिकता नहीं रहेगा और यह बीजिंग की सबसे बड़ी रणनीतिक जीत संभव हो चुकी है। अब आते हैं गोल्ड यानी सोने पुनर्जन्म पर, जब साम्राज्य थकने लगते हैं, तो धरती फिर से सोने की ओर लौटती है। आज दुनिया के सेंट्रल बैंक और अरबपति तेजी से सोना खरीद रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि आने वाला समय पेपर करेंसी का नहीं, गोल्ड-बैक्ड करेंसी का होगा। सोने की कीमतों का असामान्य उछाल सिर्फ बाजार की प्रतिक्रिया नहीं यह विश्व मुद्रा प्रणाली के पुनर्लेखन की शुरुआत है।

**डॉलर साम्राज्य का डूबता सूरज**-इजराइली लॉबी, बैंकिंग सिंडिकेट और डॉलर के अदृश्य मालिक अब इतिहास के आखिरी अध्याय में पहुंच चुके हैं। उनकी पकड़ ढीली हो रही है और दुनिया नई करेंसी व्यवस्था स्वर्ण आधारित संतुलन की ओर बढ़ रही है। हर देश चाहता है कि उसके नागरिक आने वाले आर्थिक झटकों से सुरक्षित रहें और यही कारण है कि गोल्ड अब फिर से गॉड बनने जा रहा है।

**खेल अभी बाकी है**-इतिहास की घड़ी फिर से टिक-टिक कर रही है। पुराने साम्राज्य ढह रहे हैं, नई सभ्यताएं जन्म ले रही हैं और शायद, बहुत जल्द हम देखेंगे कि युद्धों से नहीं, बुद्धि और अर्थव्यवस्था की शांति से नया विश्व बनने की संभवन स्पष्ट होने लगी है।

## डिजिटल गोल्ड और नई मुद्राः नियमों की सुबह होने को है



जब इतिहास थक जाता है, तो भविष्य उसकी जगह ले लेता है। आज वही क्षण है जब डॉलर का युग अपने अंत की आहट सुन रहा है और गोल्ड-बेस्ड डिजिटल करेंसी का नया अध्याय खुलने जा रहा है। दुनिया एक बार फिर उस दिशा में लौट रही है जहां धन का मूल्य कागज नहीं, धातु तय करती थी।

**डिजिटल गोल्ड नई सभ्यता का विश्वास कोड**

डिजिटल गोल्ड को समझना आसान नहीं, क्योंकि यह सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं विश्वास का पुनर्निर्माण होगा। केंद्रीय बैंक अब धीरे-धीरे अपने भंडार में भौतिक सोने को जोड़ रहे हैं, लेकिन अगला कदम उससे भी बड़ा होगाी

**सोने को ब्लॉकचेन पर टोकनाइज करना**

इसका अर्थ यह है कि हर ग्राम सोना अब डिजिटल रूप में, एक सुरक्षित कोड के रूप में, वैश्विक लेन-देन का आधार बनेगा और यही वह बिंदु है जहां केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) और गोल्ड-बैक्ड टोकन मिलकर एक नई आर्थिक सभ्यता रचने की ओर बढ़ चले हैं।

**रूस, चीन और अरब ब्लॉक नई मुद्रा की धुरी होंगे**

रूस ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह BRICS बैंकिंग नेटवर्क को सोने आधारित ट्रेडिंग सिस्टम से जोड़ना चाहता है। चीन ने युआन को गोल्ड-बैक्ड क्लियरिंग करेंसी में बदलने की योजना शुरू कर दी है और सऊदी अरब तेल सौदों में अब डॉलर के बजाय युआन और स्वर्ण दोनों को स्वीकार कर रहा है। इसका अर्थ यह है कि पेट्रोडॉलर पेट्रोगोल्ड में बदल रहा है। मध्य पूर्व, जिसे कभी अमेरिका ने सिर्फ तेल का कुआं समझा था, अब विश्व आर्थिक पुनर्संतुलन का केंद्र बन चुका है। रियाद, दोहा, अबू धाबी और तेहरान ये चारों शहर मिलकर वो नींव डाल रहे हैं जिस पर नई करेंसी व्यवस्था खड़ी होगी।

**अमेरिका और यूरोप**- ट्रंप भले ही निवेश और नौकरियों की भाषा बोल रहे हों, लेकिन वॉल स्ट्रीट के गलियारों में डर है, क्योंकि गोल्ड-बेस्ड सिस्टम का अर्थ है कि बैंकिंग का अदृश्य नियंत्रण खत्म। क्योंकि अब मुद्रा का मूल्य किसी फेडरल रिजर्व की इच्छा पर नहीं, बल्कि सोने के वास्तविक भंडार पर निर्भर करेगा। यही कारण है कि डॉलर की अदृश्य सत्ता जो दशकों तक दुनिया की सांसों को नियंत्रित करती रही अब ढलते सूरज की तरह लाल पड़ने लगी है।

**भारत-चौराहे पर खड़ा है**- भारत, जो कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था, यह अलग बात है कि सोना मसाले निर्यात से प्राप्त होता था। अब इस नए समीकरण का स्वाभाविक हिस्सा बन सकता है। अपितु भारत को निर्यात के लिए नए उत्पाद की खोज करनी होगी। भारत के पास दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गोल्ड रिजर्व तो है, मगर यहां अधिकतर गोल्ड जनता के पास है, यहां की सभ्यता में सोना एक अति आवश्यक पात्र बना हुआ है जो हर रीति रिवाज त्योहार धर्म अधर्म सब के बीच अपना विशेष स्थान बनाए हुए है। रिजर्व बैंक ने गोल्ड-बैक्ड डिजिटल रूपांतरण की दिशा में कोई कदम उठाएगा तो भारतीय सभ्यता छुपाने का चलन बहुत सी कठिनाइयां उत्पन्न करेगा। अभी भी अगर अपनी नई दासवाद की नीति को समाज वाद से जोड़ ले तो रुपया BRICS ब्लॉक की स्थिर मुद्रा बन सकता है। भारत का पारंपरिक स्वर्ण-प्रेम अब आर्थिक शक्ति में बदलने का समय आ चुका है। सिर्फ नीतियों में जागृति की जरूरत होगी है। कुछ अर्थ दार्शनिक तलाशने होंगे।

**डिजिटल गोल्ड बनाम क्रिप्टो एक बड़ा भ्रम**

कुछ लोग डिजिटल गोल्ड को क्रिप्टोकरेंसी समझने की भूल कर रहे हैं, लेकिन दोनों में फर्क वही है जो मूल्य और कल्पना में होता है। क्रिप्टो एक अदृश्य मूल्य की कल्पना है, जबकि डिजिटल गोल्ड वास्तविक संपत्ति का डिजिटलीकरण है। एक हवा पर चलता है, दूसरा जमीन पर खड़ा है। यह बदलाव सिर्फ अर्थशास्त्र नहीं, सभ्यता का पुनर्लेखन है, क्योंकि जब मुद्रा बदलती है, तो समाज का चरित्र बदलता है। विश्वास अब नोट पर नहीं लिखा जाएगा वह कोड में एन्क्रिप्ट होगा। सवाल यह नहीं कि कौन-सी करेंसी चलेगी, सवाल यह है कौन इसे नियंत्रित करेगा। अगर यह नियंत्रण फिर से कुछ चुनिंदा देशों या टेक-कार्टेल्स के हाथ में चला गया, तो डिजिटल गोल्ड भी एक नया साम्राज्य बन जाएगा, लेकिन अगर इसका नियंत्रण पारदर्शी और बहु-राष्ट्रीय ढांचे में हुआ तो दुनिया पहली बार न्यायपूर्ण मुद्रा प्रणाली का स्वाद चखेगी। सोना सिर्फ धातु नहीं, यह सभ्यताओं की याददाश्त है। यह हमें याद दिलाता है कि धन तभी स्थाई है, जब वह धरती से जुड़ा हो। शायद आने वाले वर्षों में जब डॉलर की जगह गोल्ड टोकन या BRICS Coin लेगा, तो इतिहास फिर से वह कहेगा सभ्यताएं लौट आती हैं, बस उनका स्वरूप बदल जाता है। खेल अभी बाकी है पश्चिम का Debt Empire अब अपने ही बोझ से गिरने लगा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्व की आर्थिक स्थिति में हो रही उथल-पुथल को पूरी तरह से रेखांकित करने के साथ भविष्य भी समझा रहे हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

## प्लानिंगः किसकी शह पर यह कांड कराया गया



पुष्प रंजन

बार से सस्पेंडेड वकील राकेश किशोर ने कहा मैंने परमात्मा के आदेश का पालन किया। CJI को जूते मारने का कोई पछतावा नहीं। परमात्मा मुझसे यही कराना चाहता था। इसके लिए कोर्ट या बार से माफी नहीं मांगेंगे। अब आप पता करते रहिए, यह परमात्मा रायसीना हिल के किसी आलीशान-अभेद कार्यालय में विराजमान है या लोक कल्याण मार्ग की किसी कोठी में? परमात्मा है, तभी इस भटकती आत्मा में हिम्मत आई और इतना बड़ा काण्ड कर बैठा। परमात्मा जी मिलें कभी, तो मैं भी पूछूं कि क्या आप इससे भी नीचे गिर सकते हैं? 71 साल का वकील राकेश किशोर, 2009 में दिल्ली बार काउंसिल (बीसीडी) में प्रैक्टिस के लिए रजिस्टर्ड हुए थे। मान्यवर, मयूर विहार फेज 1 में रहते हैं। राकेश किशोर ने यदि भूल से भी परमात्मा के बारे में मुंह खोला, उनके प्राण पखेरू मुक्त कर दिए जाएंगे।

**जूता फेंकने की वजह**-यह घटना मध्य प्रदेश के खजुराहो परिसर में क्षतिग्रस्त विष्णु प्रतिमा की पुनःस्थापना से जुड़ी याचिका के सिलसिले में हुई थी। 16 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापना के लिए याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने इसे प्रचार हित याचिका करार दिया।

**चीफ जस्टिस गवई ने क्या कहा था?**

चीफ जस्टिस गवई ने कहा था, यह पूरी तरह से प्रचार हित याचिका है। जाइए और स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। यदि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं तो प्रार्थना कीजिए और थोड़ा ध्यान भी कीजिए। इस टिप्पणी पर हिंदूवादी संगठनों ने नाराजगी जाहिर की थी और सोशल मीडिया पर भी इस पर व्यापक बहस हुई।

क्या जस्टिस गवई की छवि एंटी हिन्दू बनाई जा रही है? पिछले हफ्ते ही भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की मां कमलताई गवई ने महाराष्ट्र के अमरावती में होने वाले संघ के शताब्दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल नहीं होने का फैसला किया। उन्होंने आरोपों और बदनामी के कारण कार्यक्रम में शामिल न होने का फैसला किया। कमलताई गवई ने यह बात एक खुले पत्र में बताई। 5 अक्टूबर के कार्यक्रम के लिए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह आरएसएस के शताब्दी कार्यक्रम में चीफ गेस्ट नहीं बनेंगी। कमलताई गवई ने पत्र में आगे लिखा कि जैसे ही कार्यक्रम की खबर प्रकाशित हुई, कई लोगों ने न केवल मेरी बल्कि स्वर्गीय दादासाहेब गवई उनके पति, बिहार के पूर्व राज्यपाल आरएस गवई की भी आलोचना और आरोप लगाना शुरू कर दिया। हमने डॉ. बीआर आंबेडकर की विचारधारा के अनुसार अपना जीवन जिया है, जबकि दादासाहेब गवई ने अपना जीवन आंबेडकरवादी आंदोलन को समर्पित कर दिया था। अलग विचारधारा के मंच पर अपनी विचारधारा साझा करना भी जरूरी है, जिसके लिए साहस की जरूरत होती है।

**दलित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चुप्पी**

अगले महीने 23 नवंबर 2025 को मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई अवकाश ग्रहण करेंगे। इतना वक्त इज्जत-प्रतिष्ठा से काटना मुश्किल हो रहा है। सबसे दुखद है, इस पूरे प्रकरण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चुप रहना। अफसोस के एक शब्द नहीं और जिस रंग-बिल्ला की शह पर इस तरह की गुंडई हो रही है, वो क्यों भला कुछ बोले?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## त्योहारों के मौसम में रखें सेहत का खास ख्याल



शहनाज हुसैन

त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है त्यौहारों का मौसम जश्न मनाने और दावतों का समय होता है इन दिनों में जायके के शौकीन लोग कई तरह के लजीज पकवान और मिठाईयां जमकर खाते हैं, जिसका असर सीधा सेहत पर पड़ता है। फेस्टिव सीजन आते ही हर घर में मिठाइयों, तले-भुने पकवानों और भारी भोजन का सिलसिला शुरू हो जाता है। इस फेस्टिव ट्रीट में जिन मिठाईयों और खाने के आइटम्स परोसे जाते हैं उनमें चीनी और फैट अधिक मात्रा में होती है। जिससे हमें भूख अधिक लगती है और अधिक खाने से पाचन तन्त्र गड़बड़ा जाता है जिसके सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है।

त्योहारों के दौरान घर की साफ सफाई, मेहमानों की आवभगत की तैयारियों और भाग दौड़ की बजह से अक्सर हम समय पर भोजन नहीं ले पाते हैं। इसके अलावा अधिक तेल। मसाले वाला भोजन और मिठाइयों का ज्यादा सेवन गैस, एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी परेशानियों का कारण बनता है। मेरा मानना है कि त्योहारों में जमकर खाने का लुफ्त उठाने के साथ साथ ही पेट और सेहत का ध्यान रखने के लिए थोड़ी सावधानी और समझदारी बेहद जरूरी है त्योहारों में स्वाद और खुशियों के साथ-साथ सेहत को भी प्राथमिकता देना जरूरी है।

**खानपान**

त्योहारों के दिनों में लोगों को सेहत का सन्तुलन बनाए रखने के लिए माइंडफुल ईटिंग पर ध्यान देना चाहिए। बीमारियों को दूर करने के लिए खानपान और आदतों में बदलाव करना जरूरी है।



त्योहारों में तरह-तरह के व्यंजन और मिठाइयां देखकर अक्सर हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिससे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याएं हो जाती हैं। त्योहारों में नमकीन, बिस्किट, समोसे कचौड़ी जैसे व्यंजनों को बनाने के लिए सबसे ज्यादा मैदे का उपयोग किया जाता है। जिसमें ट्रांस फैट अत्यधिक होता है, जिसकी वजह से कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। लड्डू, गुलाब जामुन, गुजिया और नमकीन पकोड़े जैसे स्वादिष्ट पकवानों में चीनी, तेल और कैलोरी की मात्रा अधिक होती रोजाना ज्यादा मीठा या तली-भुनी चीजें खाने से वजन बढ़ने के साथ-साथ ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल भी प्रभावित हो सकता है। मिठाइयों में उपयोग किया जाने वाले तेल और मावे की बजह से हेल्थ पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ज्यादा शुगर खाने से धामनिया संकुचित होने लगती हैं और हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ता है। इसलिए फेस्टिव सीजन में सीमित मात्रा में ही मिठाइयों का सेवन करें। मेरा सुझाव है की आप मिठाइयों की जगह ड्राई फ्रूट्स, खजूर या गुड़ से बनी चीजों को प्राथमिकता दें। खास तौर पर बाजार में तैयार खाद्य पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। बाजार से मिठाई खरीदने की जगह नारियल की बर्फी आदि मिठाइयों को आप आसानी से घर पर ही बना सकते हैं। अपनी डाइट में फाइबर से भरपूर चीजों को शामिल करें। फल, सलाद और साबुत अनाज जैसे विकल्प पाचन तंत्र को सही रखने में मदद करते हैं। फाइबर युक्त भोजन आपके पाचन तंत्र में पानी को बनाए रखता है जिससे भोजन को आसानी से पचाने में मदद मिलती है। मेरी सलाह है कि प्लेट में उतना ही लें जितना भूख हो, और छोटे-छोटे हिस्सों में बार-बार खाएं। त्योहारों में खाने की विविधता भले ही आकर्षक हो लेकिन ओवरईटिंग से बचना सबसे जरूरी।

**मिठाइयों को सीमित मात्रा में लें**

त्योहारों में मिठाइयों का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए क्योंकि उनमें चीनी, कैलोरी और फैट अधिक होता है, जिससे वजन बढ़ना, डायबिटीज, और हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा होता है। मिठाई, नमकीन, मसालेदार और तले हुए खाद्य पदार्थों से पूरी तरह परहेज करना तो मुश्किल है, लेकिन इनकी मात्रा को सीमित करने से डाइट को मैनेज करने में मदद मिलती हे। ध्यान रखें कि आप कितना खा रहे हैं।

**गुड़, शहद या फलों का प्राकृतिक मीठापन चुनें**

त्योहारों में मिठाइयों के साथ-साथ कई नमकीन पकवान भी बनाए जाते हैं, जिसको देखकर हम अपने मन पर नियंत्रण नहीं कर पाते और काफी मात्रा में इसका सेवन कर लेते हैं जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्याए, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और दिल से जुड़े कई बीमारियों के होने का जोखिम रहता है।

**व्यायाम**

त्योहारों में नियमित रूप से व्यायाम करें, नियमित रूप से व्यायाम करने से वजन नियंत्रण में रहता है, मूड बेहतर होता है मानसिक तनाव कम होता है। आप रोजाना कुछ मिनट टहलकरए घर पर हल्की-फुल्की स्ट्रेचिंग करके या सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेकर सक्रिय रह सकते हैं। इस तरह आप त्योहारी मौसम के दौरान भी स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करें। व्यायाम हमारे शरीर और मन को प्रकृति की बदलती लय के अनुकूल बनाने में मदद करता है। यदि आप दशहरा और दिवाली के त्योहारों के दौरान योग का अभ्यास जारी रखते हैं, तो आपको अधिक आत्मविश्वास और शालीनता से घूमने।फिरने के लिए ऊर्जा में वृद्धि महसूस होगी। अपनी दिनचर्या में नियमित वृक्षासन, ताड़ासन और भुजंगासन को शामिल करें। यह योग वजन कंट्रोल करने में मदद करेंगे।

**हाइड्रेटेड रहें**-दिन की शुरुआत पानी से करें त्योहारों के सीजन में लोगों की दौड़-धूप बहुत ज्यादा हो जाती है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। अपने दिन की शुरुआत एक बड़े गिलास निम्बू पानी से करें। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होगा, कोशिकाएं हाइड्रेट होंगी और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलेंगे जिससे शरीर को ऊर्जा मिलेगी। पानी पाचन तंत्र को साफ रखता है और एसिडिटी व कब्ज जैसी समस्याओं से बचाता है। पानी की कमी से आप दिन भर की भाग दौड़ नहीं कर सकेंगे क्योंकि इससे रक्त चाप बढ़ सकता है और आपका शरीर थका-थका महसूस करेगा। अपने आहार में तरबूज, खीरा, संतरा और स्ट्रॉबेरी जैसे खाद्य पदार्थ शामिल करें। ये खाद्य पदार्थ न सिर्फ हाइड्रेटेड रखते हैं बल्कि जरूरी विटामिन और खनिज भी प्रदान करते हैं। फल और सब्जियां आपको कम कैलोरी देती हैं इन्हें स्नैक्स में शामिल कर आप कम वसा का सेवन करने में सफल हो सकते हैं। दावतों के दौरान भारी और तैलीय व्यंजनों के साथ सलाद या फलों की थाली का संतुलन बनाएं। ये खाद्य पदार्थ न केवल हाइड्रेट करते हैं, बल्कि आवश्यक विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट भी प्रदान करते हैं। अपने साथ पानी की 1 बोतल रखें और हर आधे घंटे में पानी पीते रहें।

(लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक अपने लोगों पर बम गिराता है: भारत



**वाशिंगटन।** भारत ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कश्मीर को लेकर झूठे प्रचार करने पर पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। ओपन डिबेट के दौरान संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जो अपने ही लोगों पर बम गिराता है और नरसंहार करता है।

हरीश ने कहा कि जो अपने लोगों पर बम गिराए और 4 लाख महिलाओं के साथ रेप जैसा अमानवीय अपराध करे, उसे दूसरों को सिखाने का कोई अधिकार नहीं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया का ध्यान भटकाने और गुमराह करने के लिए झूठ और बढ़ा-चढ़ाकर बातें करता है। हरीश ने यह बयान उस समय दिया, जब एक पाकिस्तानी अधिकारी ने आरोप लगाया कि कश्मीरी महिलाएं दशकों से यौन हिंसा झेल रही हैं। वहीं, भारत ने एक बार फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। हरीश ने कहा कि पाकिस्तान वही देश है जिसने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट चलाया था और अपनी सेना को 4 लाख महिला नागरिकों के नरसंहार और सामूहिक बलात्कार के सुनियोजित अभियान को मंजूरी दी थी। दुनिया पाकिस्तान के इस झूठे प्रचार को भली-भांति समझती है। पाकिस्तान की सेना ने 1971 में ऑपरेशन सर्चलाइट के तहत पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में क्रूर दमन शुरू किया, जिसमें 30 लाख लोग मारे गए और महिला नागरिकों के साथ बलात्कार किया गया। पाकिस्तान की खैबर पख्तूनख्वा की तिराह घाटी में पाकिस्तानी सेना ने 22 सितम्बर को बिना कोई चेतावनी जारी किए ही बम गिरा दिए। इस हमले की चपेट में आकर 30 लोगों की जान चली गई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान की वायुसेना इन हमलों के जरिए आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को निशाना बनाने की कोशिश कर रही थी।

## अवैध रूप से भारत में रह रहा नाइजीरियाई नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने एक नाइजीरियाई नागरिक, अपेह नन्ना मालाची को गिरफ्तार किया, जो पिछले चार साल से भारत में बिना वैध वीजा के अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस ने विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय, दिल्ली की सहायता से उसे उसके देश निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर राम कुमार की अगुवाई वाली टीम अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए सक्रिय थी। 3 अक्टूबर को एएसआई विनोद कुमार और एएसआई धर्मेंद्र को सूचना मिली कि नांगल राया, वसंतकुंज साउथ में एक नाइजीरियाई नागरिक किराए का मकान तलाश रहा है।

# पाक ने अमेरिका को खनिजों की पहली खेप भेजी

## इमरान खान की पार्टी पीटीआई विरोध में, सीक्रेट सौदे से देश के हालात बिगड़ेंगे



■ इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है

■ USSM ने इसे पाक व अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहली बार अमेरिका को दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मटेरियल) की छोटी खेप भेजी है। ये खनिज पिछले महीने अमेरिकी कंपनी यूएस स्ट्रैटेजिक मेटल्स (यूएसएसएम) के साथ हुए 50 करोड़ डॉलर के सौदे के तहत भेजे गए। हालांकि इन्हें भेजने की टाइमिंग नहीं पता चल पाई है।

इस सौदे का मकसद पाकिस्तान में खनिजों की खोज और प्रोसेसिंग के लिए कारखाने बनाना है। ये नमूने पाकिस्तानी सेना की ब्रांच फ्रंटियर वर्कर्स आर्गेनाइजेशन (एफडब्ल्यूओ) की मदद से तैयार किए गए। यूएसएसएम ने इसे पाकिस्तान और अमेरिका के बीच दोस्ती का बड़ा कदम बताया। कंपनी का कहना है कि यह समझौता खनिजों की खोज से लेकर प्रोसेसिंग तक सब कुछ कवर करता है। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसका विरोध किया है। पीटीआई नेता शेख वक्कास अकरम ने कहा ऐसे सीक्रेट सौदे से देश के हालात खराब हो सकते हैं। पीटीआई ने मांग की कि सरकार अमेरिका के साथ हुए सौदों का पूरा ब्योरा जनता को बताए। पीटीआई के नेता ने कहा कि संसद और लोगों को विश्वास में लेना चाहिए। हम देश के हितों के खिलाफ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे। यूएसएसएम कंपनी का कहना है कि यह सौदा खनिजों की खोज से लेकर रिफाइनरी बनाने तक सब कुछ कवर करता है। मिसूरी की यह कंपनी ऐसे खनिज बनाती और रिसाइकल करती है जो रक्षा, तकनीक और ऊर्जा के लिए जरूरी हैं। खेप में एंटीमनी, कापर कंसन्ट्रेट और रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे नियोडिमियम व प्रेजियोडिमियम शामिल हैं। इससे पहले सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुलाकात की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोने की खदान ढहने से चार की मौत

**लुसाका।** उत्तरी ज़ाम्बिया के शिवांगंडु जिले में एक सोने की खदान ढहने से चार अवैध खनिकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी राय हमोंगा ने बताया कि न्यू सीन गोल्ड माइन की एक खदान की दीवार रविवार दोपहर उस समय ढह गई जब चारों लोग हाथ से सोना निकाल रहे थे। अधिकारी ने फ़ेसबुक पर एक बयान में कहा कि शवों को निकालने के तुरंत प्रयास किए गए, लेकिन दुर्भाग्य से, जब तक बचाव दल वहां पहुंचे, तब तक चारों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली है।

### मेडागास्कर के राष्ट्रपति ने नए पीएम की नियुक्ति की

**एंटानानारिवा।** मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोइलिना ने रुफिन फ़ोर्टुनैट डिम्बिसोआ ज़ाफिसाम्बो को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। यह नियुक्ति व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच सरकार के भंग होने के एक सप्ताह बाद की गई थी। राजोइलिना ने कहा कि नए प्रधानमंत्री को 'व्यवस्था बहाल करने और लोगों का विश्वास फिर से हासिल करने में सक्षम' होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य कार्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना और देश की प्रमुख प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना होगा।

### सूडान: आरएसएफ के तोपखाने हमले में 13 नागरिक मारे गए

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी एल फशर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा आवासीय इलाकों को निशाना बनाकर की गई गोलाबारी में कम से कम 13 नागरिक मारे गए और 19 अन्य घायल हो गए। स्वयंसेवी समूहों ने यह जानकारी दी। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि हताहतों में सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं और प्रभावित इलाकों में और भी शव और घायल लोग फंसे हुए हैं, जिनकी सही संख्या अज्ञात है।

# गाजा जंग के 2 साल: 80 फीसद इमारतें और 40% स्कूल तबाह

## 65 हजार से ज्यादा मौतें, मृतकों में 18 हजार बच्चे शामिल



■ गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है, वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली

**गाजा।** हमास के हमले से शुरू हुए गाजा युद्ध के आज दो साल पूरे हो गए हैं। लगातार बमबारी और जमीनी सैन्य कार्रवाई ने गाजा पट्टी को मलबे के ढेर में बदल दिया है। यूएन की सैटेलाइट रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। करीब 90 प्रतिशत स्कूल खंडहर बन चुके हैं और 98.5 प्रतिशत खेत उजड़ गए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। वहीं, लाखों फलस्तीनी टेंटों में रहने को मजबूर हैं-जहां न पानी है, न बिजली, न इलाज। गाजा अब सिर्फ दर-दर भटकते लोगों की मायूसी और मलबे का ढेर बनकर रह गया है।

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल में घुसपैठ की और करीब 251 लोगों को बंधक बना लिया। जवाब में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तुरंत जंग का ऐलान किया और हमास पर हमले शुरू कर दिए। हमास ने इसे 'अल-अक्सा फ्लड' (सैलाब जैसा जवाबी हमला) का नाम दिया, जबकि इजरायल ने इसे 'सिमचत तोराह वार' (यहूदी लोगों का एक त्योहार) कहा। 2 साल में 90 प्रतिशत लोग बेघर हुए गाजा के 23 लाख लोगों में से 90 प्रतिशत लोग बेघर हैं। उत्तर और दक्षिण गाजा से भगाए गए लाखों लोग अब टेंटों में बिना पानी, बिजली और दवा के दिन गुजार रहे हैं। गाजा पट्टी का करीब 80 प्रतिशत इलाका मिलिट्री जोन में है, जहां आम नागरिकों का प्रवेश वर्जित है। यूएन एजेंसियों के अनुसार आधे से ज्यादा लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं।

अब तक 66158 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, इनमें 18430 बच्चे (लगभग 31 प्रतिशत) शामिल हैं। गाजा में करीब 39384 बच्चे सूचि ब) हैं जिनके माता या पिता में से कोई एक मारा गया है। वहीं, 17000 फलस्तीनी बच्चे माता-पिता दोनों खो चुके हैं। राहत एजेंसियां कहती हैं- यह अब शहर नहीं, जिंदा बचे लोगों का कैंप मात्र है। यूनिसेफ की रिपोर्टों के मुताबिक, गाजा में 5 साल से कम उम्र के 43,000 से अधिक बच्चे कुपोषण का शिकार हैं।

गाजा में करीब 54 मिलियन टन मलबा, इसे हटाने में 10 साल लगेंगे पिछले 2 साल से लगातार इजरायली बमबारी के बाद गाजा अब एक मलबे का शहर बन गया है। यूएन रिपोर्ट के मुताबिक 80 प्रतिशत इमारतें तबाह हो गई हैं। जिनमें से आधी से ज्यादा पूरी तरह ढह गईं। इससे करीब 4.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। गाजा में इजरायली सेना के हमलों में तबाह हुई इमारतों का करीब 54 मिलियन टन से ज्यादा मलबा जमा है। विशेषज्ञ कहते हैं, इसे साफ करने में कम से कम 10 साल और 1.2 लाख करोड़ रुपये लगेंगे। इजरायल ने एक किलोमीटर गहरा बफर जोन और 4 सैन्य कारिडोर बना दिए हैं।

### गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इजरायल को 21 अरब डॉलर की सैन्य मदद दे चुका अमेरिका, रिपोर्ट में खुलासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका, बीते दो साल में इजरायल को करीब 21.7 अरब डॉलर की सैन्य सहायता दे चुका है। इसमें बाइडन प्रशासन और ट्रम्प प्रशासन द्वारा दी गई मदद शामिल है। हमास के इजरायल पर हमले और गाजा में इजरायल की जवाबी कार्रवाई को दो साल पूरे हो चुके हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था। जिसके बाद संघर्ष की शुरुआत हुई और यह अभी भी जारी है। ब्राउन विश्वविद्यालय के वाटसन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स द्वारा प्रकाशित 'कास्ट्स ऑफ वार' (युद्ध की लागत) नामक एक अध्ययन में ये भी कहा गया है कि अमेरिका ने पिछले दो वर्षों में पश्चिम एशिया में सुरक्षा सहायता और विभिन्न अभियानों पर करीब 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रकम खर्च की है।

# मैंने जो कहा, वह बहुत असरदार था, वे रुक गए: ट्रम्प



■ ट्रम्प ने फिर किया भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में चले संघर्ष को रुकवाने का दावा किया है। इतना ही नहीं ट्रम्प एक बार फिर से टैरिफ को हथियार बताने से भी नहीं चूके।

उन्होंने सोमवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष को रोकने में टैरिफ (आयात शुल्क) का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में किया। जो उन्होंने कहा था, वह बहुत असरदार साबित हुआ। ओवल आफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि टैरिफ अमेरिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम टैरिफ की वजह से शांति-रक्षक हैं। हम सैकड़ों अरब डॉलर कमाते हैं, लेकिन साथ ही टैरिफ के कारण हम युद्ध रोकने की ताकत भी रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर उन्होंने टैरिफ की ताकत का इस्तेमाल न किया होता, तो आज भी चार युद्ध चल रहे होते। ट्रम्प ने कहा कि मैं युद्ध रोकने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल करता हूं। अगर आप भारत और पाकिस्तान को देखें, तो वे एक-दूसरे पर हमला करने के लिए तैयार थे। सात विमान गिराए गए थे। वे लड़ाई के लिए तैयार थे। दोनों ही परमाणु शक्ति से संपन्न देश हैं। मैं इसका जिक्र नहीं करना चाहता कि मैंने क्या कहा था, लेकिन जो मैंने कहा वह बहुत प्रभावी था। वे रुक भी गए। यह टैरिफ और व्यापार पर आधारित था। गौरतलब है कि भारत ने पहलगाम हमले के साजिशकर्ताओं को सबक सिखाने के लिए 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया था। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।



लंदन। इजरायल-हमास युद्ध की वर्षगांठ पर गाजा में मारे गए लोगों के लिए संसद स्कवायर में मुखौटा पहनकर जुलुस निकालते फलस्तीन समर्थक।

### बलूचिस्तान सीमा के पास जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला, कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सिंध और बलूचिस्तान की सीमा के पास सुल्तानकोट इलाके में मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ। यह ट्रेन क्वेटा जा रही थी, तभी पटरियों पर लगाए गए विस्फोटक में धमाका हो गया। धमाके की वजह से ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक, कई यात्री घायल हुए हैं, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि कुल कितने लोग घायल या हताहत हुए हैं। बचाव दल और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य कर रहे हैं, घायलों का इलाज किया जा रहा है और अधिकारी हमले की जांच में जुटे हैं। जाफर एक्सप्रेस को इससे पहले भी कई बार निशाना बनाया जा चुका है।

### ट्रम्प को पुतिन की चेतावनी, यूक्रेन को टामहाक मिसाइलें देने से हमारे संबंध खराब होंगे

**मास्को।** वैश्विक ताकतों के टकराव और लंबे समय से जारी संघर्षों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी की टामहाक मिसाइलों की आपूर्ति की तो वाशिंगटन और मास्को के बीच संबंधों खराब हो जाएंगे। सितम्बर के अंत में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा था कि व्हाइट हाउस कीव को टामहाक मिसाइलें देने पर विचार कर रहा। एक मिसाइल की कीमत 11.44 करोड़ रुपये है। इनकी मारक क्षमता 2,500 किलोमीटर है, जिससे ये मिसाइलें मास्को और उसके बाहर भी हमला कर सकेंगी।

# बांग्लादेश में हिल्सा मछली को बचाने के लिए जंगी जहाज तैनात

■ हेलिकाप्टर से निगरानी भी हो रही, प्रजनन के समय अवैध शिकार रोकने की कवायद तेज

**ढाका।** बांग्लादेश में हिल्सा मछली को अवैध रूप से पकड़ने से बचाने के लिए सेना की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए 17 वार शिप और गश्ती हेलिकाप्टर तैनात किए गए हैं। ये जहाज और गश्ती विमान घरेलू और विदेशी मछुआरों को गहरे समुद्र में घुसपैठ से रोकने के लिए 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं।

बांग्लादेशी अधिकारियों ने कहा है कि 4 से 25 अक्टूबर तक हिल्सा मछली के प्रजनन वाले इलाके में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पिछले साल दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के शमलापुर गांव में मछुआरे मछलियां पकड़ते हुए। हिल्सा को बांग्लादेश में इलिश मछली भी कहा जाता है। यह बांग्लादेश की राष्ट्रीय मछली है और इसे वहां पर 'मां' का दर्जा दिया गया है। हिल्सा प्रजनन के लिए हर साल अंडे देने के लिए समुद्र (गर्म पानी) से नदियों (ठंडे पानी) की ओर लौटती है। हिल्सा मछली पर लाखों लोग निर्भर हैं। ढाका में फिलहाल इसकी कीमत 2800 से 3000 टका (2050 से 2200 रुपये) प्रति किलोग्राम है। भारत के पश्चिम बंगाल में भी यह मछली बहुत पसंद की जाती है और महंगी कीमत पर बिकती है। भारतीय मछुआरे गंगा नदी और उसके डेल्टा के खारे पानी में मछली पकड़ते हैं, जिससे कोलकाता और पश्चिम बंगाल की जरूरतें पूरी होती हैं। लेकिन ज्यादा मछली पकड़ने से हिल्सा के प्रजनन के समय मछली का स्टाक कम हो सकता है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और समुद्र के जलस्तर का बढ़ना हिल्सा मछली के स्टाक पर असर डाल रहा है। इसके साथ ही यह डर भी है कि नौसेना के जहाज हिल्सा के प्रजनन के दौरान शांत पानी में बाधा डाल सकते हैं। वर्ल्ड फिश की परियोजना के पूर्व प्रमुख मोहम्मद अब्दुल वहाब ने कहा कि हिल्सा को प्रजनन के लिए शांत और निर्बाध पानी चाहिए।

# ब्रिटेन से 40 हजार आईफोन चुराकर चीन भेजे

## गिरोह लंदन में फोन चोरी के 40 प्रतिशत मामलों में शामिल, एक भारतीय समेत 18 लोग गिरफ्तार



■ यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है, 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल फोन तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिस पर आरोप है कि उसने पिछले साल 40000 चोरी किए गए मोबाइल फोन ब्रिटेन से चीन तक भेजे। मेट्रोपालिटन पुलिस का कहना है कि यह ब्रिटेन में फोन चोरी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा आपरेशन है।


इसमें 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 2000 से ज्यादा चोरी किए गए फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार लोगों में 2 अफगानी और एक भारतीय नागरिक की पहचान हुई है। पुलिस का दावा है कि यही गिरोह लंदन में चोरी हुए कुल फोन में से करीब 50 प्रतिशत को विदेश भेजने के लिए जिम्मेदार था। फोन लेकर भागते चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये घटना 9 सितम्बर की है। यह जांच तब शुरू हुई जब पिछले साल क्रिसमस पर एक पीड़ित ने अपने चोरी हुए आईफोन को ट्रैक किया और उसकी लोकेशन हीथ्रो एयरपोर्ट के पास एक गोदाम में मिली। वहां सुरक्षाकर्मियों ने जब जांच की, तो फोन एक डिब्बे में मिला जिसमें 894 और फोन थे। जांच में पता चला कि लगभग सभी फोन चोरी किए गए थे और उन्हें हान्गकान्ग भेजा जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने आगे की खेप रोक दी और फोरेंसिक जांच से दो संदिग्धों की पहचान की। पुलिस को पता चला कि ये कार में पन्नी में लपेटकर फोन की तस्करी करते थे ताकि चोरी का सामान पकड़ा न जाए। दोनों आरोपी 30 साल के अफगान नागरिक हैं। उन पर चोरी का माल रखने और आपराधिक संपत्ति छिपाने की साजिश का आरोप है। तस्करी के गिरोह में एक 29 साल का भारतीय नागरिक भी शामिल है। दो अफगान नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद कार में कई फोन मिले, जिनमें से कुछ पन्नी में लिपटे हुए थे। डिटेक्टिव इंस्पेक्टर मार्क गेविन के मुताबिक, यह गिरोह लंदन में चोरी हुए फोनों को विदेश भेजने में शामिल था। गेविन ने कहा कि लंदन में फोन चोरी के मामले तेजी से बढ़े हैं। साल 2020 में 28609 फोन चोरी हुए थे, जो 2024 में बढ़कर 80588 हो गए। यानी चार साल में यह संख्या लगभग तीन गुना हो गई।

# फिजिक्स का नोबेल तीन अमेरिकी वैज्ञानिकों को

■ मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग के लिए मिला, चिकित्सा, अंतरिक्ष और रक्षा तकनीक में फायदा होगा

**स्काटहोम।** इस साल फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार 3 अमेरिकी वैज्ञानिकों जान क्लार्क, मिशेल डेवोरेट, जान मार्टिनिस को मिला है। स्वीडन की रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह पुरस्कार इलेक्ट्रिक सर्किट में बड़े पैमाने पर मैक्रोस्कोपिक क्वांटम टनलिंग और ऊर्जा के स्तरों की खोज के लिए मिला है।

क्वांटम टनलिंग वह प्रक्रिया है जिसमें कोई कण किसी बाधा (बैरियर) को कूदकर नहीं बल्कि उसके 'आर-पार' होकर निकल जाता है, जबकि सामान्य फिजिक्स के हिंसाब से यह असंभव होना चाहिए। आम जिंदगी में हम देखते हैं कि कोई गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में छोटे कण कभी-कभी दीवार को पार कर दूसरी तरफ चले जाते हैं। इसे क्वांटम टनलिंग कहते हैं। आम जिंदगी में गेंद दीवार से टकराकर वापस आ जाती है, लेकिन क्वांटम की दुनिया में यह दीवार के पार चली जाती है। रायल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने कहा कि इन वैज्ञानिकों ने यह साबित किया कि क्वांटम इफेक्ट मानव स्तर पर भी दिखाई दे सकते हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108